वर्ष : 30 | अंक :182
प्रतापगढ़ | रविवार , 5 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली

## कुछ दिनों पहले ही दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया था इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** इंडिया ब्लॉक पार्टनर आप के साथ पार्टी के गठबंधन और पार्टी उम्मीदवारों के चयन के विरोध में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद, अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह चार पूर्व कांग्रेस नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वाले चार अन्य लोगों में हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले पूर्व कांग्रेस विधायक - राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, नसीब सिंह - और दिल्ली युवा कांग्रेस प्रमुख अमित मलिक शामिल हैं।इससे पहले लवली ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने केवल पार्टी का पद छोड़ा है, पार्टी नहीं, हालांकि कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ आप नेताओं के एक वर्ग का मानना था कि वह फिर से भाजपा में शामिल होंगे। 28 अप्रैल को लवली का इस्तीफा दृष्टिकोण और धारणा के संदर्भ में पार्टी के लिए एक झटका था। दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के पार्टी छोड़ने के चार दिन बाद, लवली का इस्तीफा, जो पिछले साल अगस्त से दिल्ली इकाई का नेतृत्व कर रहे हैं, दिल्ली में 25 मई के चुनावों के लिए कांग्रेस के प्रयासों के लिए एक झटका है।

# फर्जी बातें बोलने पर भारत ने लगाई अमेरिका की क्लास

## जयशंकर ने अच्छे से बताया कौन है ज़ेनोफ़ोबिक



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ सुब्रमण्यम जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के भारत को लेकर दिए गए बयान का खंडन किया है। बाइडेन ने भारत को ज़ेनोफ़ोबिक कहा था। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है।पिछले 2 अप्रैल को बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती है। वहीं भारत, चीन, जापान और रूस की ज़ेनोफोबिक प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। यह देश अधिक आप्रवासन स्वीकार करें तो यह आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे।इस पृष्ठभूमि पर एक न्यूज कार्यक्रम में एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। विभिन्न समुदायों के लोग भारत आते हैं और यही बात हमारे देश को विशेष बनाती है। दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है।सीएए के आलोचकों को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे लोग हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि सीएए के कारण इस देश में 10 लाख मुसलमान अपनी नागरिकता खो देंगे। उनसे जवाब क्यों नहीं लिया जाता? क्या अभी तक किसी ने अपनी नागरिकता खोई है?उन्होंने पश्चिमी मीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक खास विचारधारा से प्रभावित पश्चिमी मीडिया का एक समूह भारत को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। इस वर्ग का सदैव मानना रहा है कि विश्विक नैरेटिव पर उसका नियंत्रण होना चाहिए। ऐसे लोगों ने कई मामलों में अपने राजनीतिक हित भी उजागर किये हैं।

# यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस

**गौतमबुद्ध नगर(हि.स.)।** चर्चित यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला विभिन्न रेव पार्टियों में सापों का जहर सप्लाई करने से जुड़ा है।इस मामले में एल्विश को 22 मार्च को गौतमबुद्ध नगर जिले की सूरजपुर की अदालत से जमानत मिली थी।

# लोकसभा चुनाव देखने के लिए भारत पहुंचे 23 देशों के प्रतिनिधि

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनावों को प्रथमदृष्टया देखने के लिए 23 देशों के प्रतिनिधि भारत पहुंच गये हैं। आज से शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है।चुनाव आयोग ने विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आमंत्रित किया था। चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को इन विदेशी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद, ये प्रतिनिधि छोटे-छोटे समूहों में



छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा।

भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में यह ऐसा पहला आयोजन है।

यह 23 देशों भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इन 23 देशों के साथ इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान तथा इज़राइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी।

# कर्नाटक सरकार ने रेवन्ना को पकड़ने के लिए सीबीआई से मांगा सहयोग

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कर्नाटक सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जनता दल (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना का पता लगाने के लिए अन्य देशों से मदद लेने का आग्रह किया है। रेवन्ना पर कथित तौर पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है।विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को रेवन्ना के खिलाफ चल रही जांच के बारे में जानकारी दी। सीबीआई से जुड़ा यह कदम इसी बैठक के बाद आया है।पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना वीडियो वायरल होने के बाद देश छोड़ कर जर्मनी चले गए थे। इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री



सिद्धारमैया को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सुरक्षा की जानी चाहिए और इस मामले में जो भी आरोपित है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।इस पत्र में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को भाजपा नेता देवराज गौड़ा रेवन्ना के बारे में जानकारी दी थी। इसके बावजूद उन्हें टिकट दिया गया।

यह चौंकाने वाली बात है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक और झटका था कि इस मामले को प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान में लाने के बावजूद उन्होंने उनकी ओर से अभियान चलाया।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर प्रज्वल को भारत से भागने में सक्षम बनाया। हरियाणा के पहलवानों, मणिपुर की घटनाओं पर प्रधानमंत्री मोदी ने चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों की खातिर लड़ना कांग्रेस पार्टी का नैतिक कर्तव्य है।

# अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में अरुण रेड्डी तीन दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में गिरफ्तार अरुण रेड्डी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। रेड्डी को तीन मई को दिल्ली से ही गिरफ्तार किया गया था। अरुण रेड्डी ट्विटर हैंडल ' स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' को संचालित करता है। फिलहाल वह आईएफएसओ यूनिट की हिरासत में है। रेड्डी कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल का नेशनल को-आर्डिनेटर भी है।पुलिस के मुताबिक डीपफेक वीडियो को बनाने और वायरल करने में अरुण रेड्डी की प्रमुख भूमिका है।रेड्डी पर मोबाइल फोन से सूबूत मिटाने का भी आरोप है।

# इंडिया गठबंधन अब वोट जिहाद का ले रहा सहारा- प्रधानमंत्री मोदी

**गुमला (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अब एनडीए के खिलाफ वोट जिहाद का सहारा ले रहा है। साथ ही मोदी ने लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की।पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। माताएं और बहनें मेहनत से एक-एक रुपये जमा करती हैं लेकिन यहां कांग्रेस के एक सांसद के ही घर से नोटों के ढेर निकले। ये इतने बड़े थे कि मशीन लाए गये, जो हांफने भी लगे। उन्होंने सवाल किया



कि आखिर ये पैसा किसका है? साथ ही कहा कि ये जनता का, उसके पसीने और हक का है। यहां के एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। कोर्ट भी कह रहा है कि चोरी हुई है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी लेकिन उनकी सरकार ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वो कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरने वाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे।

# चारधाम यात्री अब आठ मई से ऑफलाइन पंजीकरण भी करवा सकेंगे

**देहरादून,(हि.स.)।** पर्यटन विभाग उत्तराखंड ने आगामी चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा प्रारम्भ करने का निर्णय किया है। श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु हरिद्वार में राही मोटल और ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैम्प पर पंजीकरण करवा सकते हैं।प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन पंजीकरण की सीमा ऋषिकेश में 1,000 और हरिद्वार में 500 निर्धारित की गई है। श्रद्धालु चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण काउन्टरों पर अग्रेत्तर अधिकतम तीन दिवसों के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।पर्यटन विभाग ने तीर्थ यात्रा को सुगम बनाए जाने के लिए



उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पुरोहितों के साथ बैठक की है। विभाग के साथ समन्वय के लिए महापंचायत की ओर से चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों के नामांकन किए गए हैं। प्रत्येक धाम से दो तीर्थ पुरोहितों का नामांकन किया गया है। यमुनोत्री धाम से पं. पुरषोत्तम उनियाल और पं. अनिरुद्ध उनियाल, गंगोत्री धाम से पं. रंजनीकांत सेमवाल और पं. निखिलेश सेमवाल, केदारनाथ धाम से पं. संतोष त्रिवेदी, पं. पंकज शुक्ला एवं बद्रीनाथ धाम से पं. बृजेश सती और पं. प्रवीन ध्यानी का नामांकन किया गया है।तीर्थ पुरोहित धामों के यात्रा प्रबन्धन की वास्तविक स्थिति से पर्यटन विभाग को समय-समय पर अवगत कराएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त सुविधाओं के लिए विभाग को अपने सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे। विभाग की यह पहल पुरोहितों से प्राप्त होने वाले सुझावों पर ससमय कार्रवाई करते हुए यात्रा को सुगम बनाने के लक्ष्य से की गई है। इसके लिए संयुक्त निदेशक पर्यटन को समन्वयक के रूप में कार्य के लिए निर्देशित किया गया है। सचिव (पर्यटन) सचिन कुर्वे का कहना है कि इस प्रकार के समन्वय से यात्रा के दौरान आने वाली विषमताओं से शीघ्रतापूर्वक निवारण में सुविधा होगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर योजना तैयार करने में सहायता मिलेगी।

# मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास कार खाई में गिरी, 6 की मौत

**देहरादून (आरएनएस)।** देहरादून-मसूरी मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास तब हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार चार युवक और दो युवतियों की मौत हो गई।पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ रेस्क्यू के काम में जुटी है।दरअसल ये सभी 6 लोग राजपुर रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई करते थे। चार युवक और दो युवतियां मसूरी घूमने के लिए गए थे। सुबह के समय जब ये लोग देहरादून वापस लौट रहे थे, तब चूनाखान के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

# 'शहंशाह' क्या समझेंगे गरीबों का दर्द

## प्रियंका गांधी ने शहजादे का जवाब देते हुये बोला प्रधानमंत्री पर हमला

**पालनपुर,(हि.स.)।** बनासकांठा जिले के लाखणी में कांग्रेस की न्याय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महंगाई, बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा।प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि उन्होंने जनता के अधिकारों को कमजोर किया है। एक जमाने में प्रधानमंत्री देश की जनता के गांव-घरों में जाते थे तो लोग-बाग उनसे अपना हक मांगते थे। सड़क-पानी के लिए जनता कहती थी। यह पहले की राजनीति की नींव महात्मा गांधी ने डाली थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे देश की जनता से कट कर कुछ सीमित लोगों



तक सिमट गए हैं।अपने भाई राहुल को शहजादा कहने पर प्रियंका ने कहा कि इस शहजादे ने देश की 4000 किलोमीटर यात्रा की है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चले हैं, लोगों की समस्याओं को जाना है। प्रियंका ने केन्द्र सरकार को पेपर लीक, किसानों की कर्ज माफी, खेती के सामान पर जीएसटी आदि मुद्दों पर घेरने की कोशिश की।उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों की कर्ज माफी के लिए स्थाई आयोग बनाएगी। खेती के सामान से जीएसटी हटा देंगी। फसल नुकसान पर 30 दिनों के अंदर भुगतान की नीति बनाई जाएगी। साथ ही देशभर में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये करने का लोगों को भरोसा दिलाया।

## प्रमोद कृष्णम का बड़ा दावा

# 4 जून के बाद कांग्रेस में एक और टूट होगी

## साजिश की शिकार हुईं प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** मार्च में कांग्रेस से निष्कासित किए गए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र को चुनने को लेकर राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। प्रियंका गांधी के चुनावी मैदान में उतरने की सभी अटकलों पर विराम लगने के एक दिन बाद कृष्णम ने भी एक चौंकाने वाला दावा किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस जल्द ही राहुल गांधी गुट और प्रियंका गांधी गुट में विभाजित हो सकती है। गौरतलब है कि कृष्णम ने आरोप लगाया था कि प्रियंका गांधी पार्टी में चल रही साजिश का शिकार हुई हैं।आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने अमेठी छोड़ा है, उससे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। प्रियंका गांधी का चुनाव नहीं लड़ना अब उनके समर्थकों के दिलों में ज्वालामुखी का रूप ले रहा है जो 4 जून के बाद फूटेगा। कांग्रेस फिर से दो धड़ों में बंट जाएगी, एक राहुल गांधी का और दूसरा प्रियंका गांधी का। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी को रायबरेली की बजाय रावलपिंडी से चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान में उनकी लोकप्रियता और मांग बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी प्रियंका गांधी वाद्रा को चुनाव नहीं लड़ने देंगे। प्रियंका गांधी के खिलाफ परिवार और पार्टी में बहुत बड़ी साजिश चल रही है। वह परिवार और पार्टी में साजिश का शिकार हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ना चाहते तो उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ना चाहिए था। आचार्य प्रमोद कृष्णम को कांग्रेस ने फरवरी 2024 में ÷अनुशासनहीनता÷ के लिए निष्कासित कर दिया था।

# दिल्ली आबकारी घोटाला: कोर्ट ने आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया।विनोद चौहान को कल यानी 3 मई को गिरफ्तार किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने विनोद चौहान की चार दिनों की हिरासत की मांग की थी। आरोप है कि के कविता के निजी सचिव अशोक कौशिक ने विनोद चौहान को रुपये से भरे बैग दिए थे। विनोद चौहान ने यह धनराशि हवाला के जरिये आम आदमी पार्टी को गोवा चुनाव के लिए भेजी थी। ईडी ने कहा कि विनोद चौहान के पास से 1.06 करोड़ रुपये जब्त किए गए और विनोद चौहान को यह पता था कि यह पैसा दिल्ली शराब घोटाले से आया है।इस मामले में ईडी ने यह 18वीं गिरफ्तारी की है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

# मोदी के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत - योगी आदित्यनाथ

**अशोकनगर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर में गुना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत है। यूपी 80 लोकसभा सीटों यानी 80 मनकों की माला मोदी के गले में डालने को तैयार है। एमपी में सभी 29 सीट पर कमल खिलने वाला है। खजुराहो देख लिया और इंदौर से इसकी शुरुआत हो चुकी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला फिर से प्रतिष्ठित हुए और 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। जब लोगों से पूछा जाता है कि मोदी सरकार क्यों चाहिए तो उनका कहना होता है कि इससे विकास के साथ-साथ बाकी सब भी पूरा होगा।उन्होंने कहा कि कल फिर प्रधानमंत्री मोदी रामलला के दर्शन करने अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के इतिहास को लेकर गुना



का हर व्यक्ति भी गौरवान्वित होगा। राम जन्मभूमि आंदोलन को भाजपा और अन्य संगठन सभी मिलकर सहयोग करें, तब एक स्वर था जो मुखर रूप से कह रहा था कि इसका नेतृत्व हमें लेना चाहिए, क्योंकि यह हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है, यह स्वर था राजमाता विजयाराजे सिंधिया का।योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार को जब मौका मिला, रामलला का मंदिर भी बना और वहां के माफिया भी रामनाम सत्य की यात्रा पर चले गए। दोनों काम भाजपा की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब क्रूर था। आज भी कोई अपने बच्चे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था। आज कांग्रेस भी इस जजिया कर की बात करती है। कांग्रेस ने जिस विरासत टैक्स की बात कही वो यही है। राहुल गांधी ने कहा है कि हम सर्वे करा देंगे। सर्वे कराकर आपकी आधी संपत्ति ले लेंगे और कहेंगे कि ये हमारी है। कांग्रेस जजिया कर लगाना चाहती है। कोई स्वीकार करेगा क्या? वे कह रहे हैं कि ओबीसी और अजा के आरक्षण में सेंध लगाने का काम होगा। उन्होंने कर्नाटक में इसमें सेंध लगाई है।सभा में पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केंद्र में हमारे मोदी कर्मयोगी हैं और यूपी में योगी हैं।

# दिल्ली के कनॉट प्लेस में लावारिस बैग मिला, सनसनी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दिल्ली के प्रतिष्ठित कनॉट प्लेस के एन ब्लॉक में शनिवार को एक लावारिस बैग मिला। दिल्ली पुलिस की एक टीम, अग्निशमन विभाग के अधिकारी और एक बम निरोधक दस्ता मौके पर मौजूद था। घटना के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पुलिस ने कहा कि उन्होंने लावारिस बैग खोला और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कनॉट प्लेस दिल्ली के सबसे अधिक देखे जाने वाले, पॉश और लोकप्रिय बाजारों में से एक है, जहां प्रसिद्ध ब्रांड और भोजनालय स्थित हैं। यह लोगों के घूमने-फिरने का एक केंद्रीय केंद्र है।इससे पहले दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कम से कम 100 विद्यालयों को बम से उड़ाने की ईमेल के जरिए धमकी मिलने के बाद बुधवार को विद्यालयों के बाहर





अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला था। विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना प्राप्त होने के बाद अभिभावक अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान विद्यालयों के बाहर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। छात्र कक्षाओं से बाहर निकल आए, इस दौरान कई छोटे छात्र रोने लगे, विद्यालयों के आसपास दमकल वाहनों के सायरन की आवाज सुनायी दे रही थी, वहीं विद्यालयों की तलाशी के लिए स्वान दस्ते भी लगाये गए।

## चुनावी चकल्लस



**अपराधी कूकृत्य कर रहे मारीचों के वेष में**
**संसद के नायक बनने को वही चल रहे रेस में**
**रेवड़ी बांट बांट रेवन्ना नारि अहिल्या को छलते**
**शह के बल पर भाग गया बैठा आज विदेश में ।**

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# महाकुंभ से पहले बौद्ध टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहे कौशांबी से जुड़ेगा प्रयागराज

## कौशांबी में पर्यटन स्थलों को प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लगाए जाएंगे साइनेज

### शासन की तरफ से साइनेज के लिए ₹288 लाख का बजट स्वीकृत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बौद्ध नगरी कौशाम्बी को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नई पहचान दी है। अपने अतीत में सभ्यता और समृद्धि का इतिहास समेटे 14 महाजनपद काल में वत्स राज्य की राजधानी कौशांबी को उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ के रूप में विकसित कर रहा है। इसके लिए बुद्धा थीम पार्क के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कौशाम्बी के कोसम इनाम गाँव को पर्यटन विभाग बौद्ध तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसके अलावा जिले के अन्य पर्यटक स्थलों का भी विकास हो रहा है। इनके प्रचार प्रसार के लिए पर्यटन विभाग यहां साइनेज लगवा रहा है।

पर्यटकों व बौद्ध धर्मावलंबियों को आकर्षित करने के लिए देश में बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। टूरिस्ट सर्किट को ऐसे मार्ग हैं जिस पर कम से कम तीन प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो एक ही कस्बे, गाँव या शहर में नहीं हैं और साथ ही लंबी दूरी से अलग नहीं भी न हों। इस सर्किट में सुपरिभाषित प्रवेश और निकास बिंदु होने चाहिए। इसलिए, प्रवेश करने वाले पर्यटक को सर्किट में पहचाने गए अधिकांश स्थानों पर जाने के लिए साइनेज महत्वपूर्ण हो जाते हैं जो पर्यटन स्थल से संपर्क और प्रमुख मार्गों से जोड़ते हैं। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि कौशांबी के पर्यटन स्थलों को संपर्क मार्गों और प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग इनमे अब साइनेज लगा रहा है। शासन की तरह से इनके लिए` 288 लाख का बजट स्वीकृत हो गया है।

चुनाव के उपरांत इसमें आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### जिले के इन प्रमुख स्थानों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** पर्यटन विभाग की तरफ से कौशांबी और उसके पड़ोसी प्रयागराज में 30 साइनेज लगाए जाएंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक इन 30 साइनेज में 10 ओवरहेड साइनेज होंगे और 20 कैंटीलीवर। जिन स्थानों में इन्हें लगाया जाएगा उसमें सोरांव -शिवगढ़ प्रयागराज, कोखराज टोल गेट कौशांबी, राधे कृष्णा ढाबा अजूबा, रोही बाईपास कौशांबी, विजय चौराहा कौशांबी, ए डी पब्लिक स्कूल कौशांबी, मुस्कान टेंट हाउस चौराहा कौशांबी में प्रमुख रूप से ओवरहेड साइनेज लगाए जाएंगे। जनपद में करारी चौराहा कौशांबी, परसरा चौराहा कौशांबी, पंचायत भवन कौशांबी, बैगवा चौराहा कौशांबी, रिलायंस पेट्रोल पंप कछुआ मोड़ कौशांबी और रामजी होटल कोखराज में कैंटीलेवर साइनेज लगेंगे।

## उतरांव के अति संवेदनशील बूथों का हंडिया एसीपी और एसडीएम ने निरीक्षण कर किया पैदल मार्च

**हंडिया।** उतरांव क्षेत्र के कई अति संवेदनशील बूथों का हंडिया एसीपी और एसडीएम ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी भी मौके पर रहे।अफसरों ने निरीक्षण के दौरान इलाके में पैदल मार्च भी किया। आपको बताते चलें कि जलालपुर कस्बा , उतरांव, दमगढ़ा गांव के पोलिंग बूथ अति संवेदनशील है। 25 मई को लोक सभा मतदान के मद्देनजर हंडिया एसडीएम और एसीपी पंकज लवानिया तथा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने इन पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। पोलिंग भूतों का निरीक्षण के पश्चात इन बाजारों में अफसरों ने पैदल मार्च भी किया। बताते चले की शांति ढंग से मतदान के लिए जिम्मेदार अफसर बहुत ही सजग हैं किसी भी प्रकार की लापरवाही और अशांति फैलाने वाले किसी भी हालत में बख्शें नहीं जाएंगे।

## विभागीय लापरवाही से ठप पड़े हैं दर्जनों नलकूप

### पंचायतों के सूखे पड़े तालाबों से स्थित हुई भयावह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** चढ़ते पारे के साथ तपती धरती पर पानी की किल्लत स्वाभाविक है।यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है ,जब क्षेत्र के दर्जनों सरकारी नलकूप व्यवस्था की नाकामी से बंद पड़े हैं।गांव के जल स्तर तेजी से गिर रहे हैं और सूखे तालाब सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। नलकूप विभाग की नाकामी से गांवो के तालाब सूखे पड़े है और सिंचाई के साथ मवेशी और पशु ,पँछी भी बूँद बूद पानी के लिए परेशान हैं।नलकूप विभाग आर्थिक तंगी का हवाला देकर सरकारी नलकूपों को लावारिस छोड़ दिया है।विभागीय सूत्रों की मानें तो दर्जनों सरकारी नलकूप यांत्रिक गड़बड़ी के कारण बंद पड़े हैं।कई नलकूप की मोटर जली है तो कुछ बोर भी भ्र्स्ट हो चुके हैं।आलम यह है कि दर्जनों गांव की सिंचाई नही होने से गर्मी की फसलें सूख रही है।तालाब वीरान पड़े हैं।गर्मी के दिनों में पंचायतों के सभी तालाबों को भरने का सरकारी आदेश है लेकिन व्यवस्था की नाकामी से विषम स्थित के लिए पानी उपलब्ध नही है।



सूत्रों की माने तो विकास खण्ड उरुवा के करीब 55 प्रतिशत नलकूप बंद पड़े है।नजीर के तौर पर 187 म सोनबरसा,38 म चोरबना,80 म अछोला,18 म परवा,51म भेलपुर,88म भभौरा,30 म भभौरा,22म ओनौर,182 म रैपुरा,21 म छतवा,39 म फुलही,211 म परानीपुर सहित कई यैसे नलकूप है जो किसी ना किसी कमी से बंद पड़े है।नलकूप रक्षक बंद पड़े नलकूपों की रिपोर्टिंग विभागीय गौसवारे में प्रत्येक पखवारे में करते हैं लेकिन आर्थिक तंगी का हवाला देकर अधिकारी लापरवाह बने रहते हैं।

क्षेत्र के किसान और पंचायतों के प्रधान सरकारी नलकूपों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील दिवस जैसे आयोजनों में शिकायत बार बार दर्ज करा चुके हैं लेकिन इस पर कोई गम्भीर पहल नही की जा रही है।गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती है,इस स्थित में गांव के तालाबो का भरा जाना आवश्यक है।लोगों ने विभागीय अधिकारियों से बंद पड़े नलकूपों को चालू किए जाने की मांग की है।

## ईश्वर शरण में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**प्रयागराज।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु ज़िला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बोलते हुए प्रयागराज स्वीप प्रभारी डॉ. अनुपम परिहार ने कहा कि हम भारत के लोग लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने वाले लोग हैं।

ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने का सदैव प्रयत्न करना चाहिये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्रभारी डॉ. अरविन्द मिश्र ने कहा कि मतदान को उत्सव की तरह लेना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गायत्री सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेश यादव ने किया था। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शेषनाथ सिंह, प्राचार्य ईश्वर शरण इंटर कॉलेज डॉ. दिलीप अवस्थी एवं प्राचार्या ईश्वर शरण बालिका इंटर कॉलेज डॉ. भारती सहित महाविद्यालय के डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. रफ़ाक, डॉ. मान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फूलपुर से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य ने भरा पर्चा

### दो सेट मे किया नामांकन, विधायक गीता शास्त्री एवं संदीप यादव बने प्रस्तावक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन किया। अमरनाथ मौर्य ने दो सेट मे नामांकन पत्र दाखिल किया। विधायक श्रीमती गीता शास्त्री एवं सपा नेता संदीप यादव प्रस्तावक बने।

अमरनाथ मौर्य दोपहर 12 बजे के बाद अपने आवास प्रीतमनगर से निकलने के बाद सीधे हाईकोर्ट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर एवं पी डी पार्क स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया की मूर्ति माल्यार्पण करने के बाद समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन आये। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहाँ उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया।



नामांकन के बाद सपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अमरनाथ सिंह मौर्य ने कहा कि देश मे इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सत्ता एवं शासन मे पी डी ए की भागीदारी, पुरानी पेंशन लागू करने, किसानों को एम एस पी दर लागू करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, अग्निवीर को खत्म कर नियमित भर्ती करने जैसी जन हित की तमाम योजनाए लागू की जाएगी।

नामांकन मे आये समाजवादी पार्टी,घटक दलों कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, काम्युनिस्ट पार्टी, तृण मूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव जिताने की अपील किया।

इस मौके पर कुँवर रेवती रमण सिंह, अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, गीता शास्त्री, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, संदीप यादव, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, सुरेश यादव, मो कादिर, राजू पासी, प्रदीप अंशुमन, शांति स्वरूप पटेल, दूधनाथ पटेल, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, वजीर खां, शकील अहमद, बच्चा यादव, अमर सिंह, राम मिलन, प्रतिमा रावत, सुमन शर्मा, पद्मा यादव, अभिमन्यु पटेल, ओ पी यादव, नाटे चौधरी, डॉ प्रेम चंद्र मौर्य, बेला सिंह, भोला यादव, कुलदीप यादव, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मवेशियों से भरी ट्रक को पुलिस ने पकड़ा, चालक समेत दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कीडगंज थाना क्षेत्र के बैहराना इलाके में पुलिस ने शनिवार को तस्करी के लिए जा रही मवेशियों से भरी ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि बैरहना चौराहे के पास बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक गोवंश से भरी जा रही है।जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभाव से ट्रक को रोककर तलाशी लेना शुरू किया। तलाशी के दौरान ट्रक में एक दर्जन से अधिक गोवंश भरे थे। ट्रक फ्लाईओवर पर नैनी से झूंसी की तरफ जा रहा था। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके से चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने किया नामांकन

### देश हित में केंद्र में जनता चाहती है बसपा की सरकार





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लोकसभा 51 फूलपुर से जगन्नाथ पाल तथा 52 इलाहबाद संसदीय से रमेश पटेल ने अपने अपने प्रस्तावको के साथ शनिवार को नामांकन दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी बसपाई कार्यकर्ताओ के साथ हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर बाबा साहेब को नमन करते हुए जिम्मेदार वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन पर्चा दाखिल किया।

बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल सहसों स्थित चुनावी केंद्रीय कार्यालय निकट विकास इंटर कॉलेज से पूर्वाह्न 11.00 बजे निकलकर सहसों के गोल चौराहा स्थित छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने जुलूस के साथ हाईकोर्ट चौराहा पहुंचकर बाबा साहब डा . भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात वहां से चलकर जिलाधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया जबकि इलाहबाद संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी रमेश पटेल जसरा ब्लाक स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर बसपा कार्यकर्ताओं के साथ हाईकोर्ट स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना पर्चा दाखिल किया।बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल और रमेश पटेल ने नामांकन के बाद बातचीत करते हुए कहा कि आज देश की जनता महगाई से त्रस्त है, युवाओ के लिए सरकारी नौकरी खत्म कर दी गई है, बाबा साहेब के भारतीय संविधान को बदलने की साजिश चल रही है, मौजूदा भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं का हल न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र और प्रदेश की सरका को पूंजीपतियों की सरकार बताया। बसपा के प्रत्याशियों ने कहा कि जानता सपा,भाजपा, कांग्रेस के शासन को देख चुकी है। अब देश की जनता बहन मायावती के नेतृत्व में केंद्र में बीएसपी की सरकार चाहती है।

नामांकन के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष आरबी त्यागी, विजय सरोज, घनश्याम पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, साबिर सिद्दिकी, फैजी, चिन्तामणि वर्मा, प्रवीण भारती, रामबृज गौतम, प्रवीण गौतम, रमेश गौतम, मंसूर, गुड्डू तिवारी, जंग बहादुर मौर्य, मनीष पासी, अतुल कुमार टीटू, जीतलाल बिंद, राजकुमार प्रजापति, पप्पू यादव, शिवबरन पासी, राज कुमार पाल, पंकज गौतम, शेखू रासिद, राजनाथ पाल, राम जतन पाल, अभिशेष आजाद, रतन विश्वकर्मा साहित हजारों बसपाई मौजूद रहे।

## डॉ देवेश सागर विश्वविद्यालय के ओडीएल की विद्या परिषद में नामित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी को डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर के दूरस्थ शिक्षा संस्थान के सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित विद्या परिषद का सदस्य नामित किया गया है। राष्ट्रपति के अनुमोदन पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने डॉ त्रिपाठी को नामित किया है। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ अनिल सिंह भदौरिया ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। डॉ त्रिपाठी लगभग 20 वर्षों से दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनके 47 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने 56 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं सेमिनार में सहभागिता की है।

उन्होंने प्रबंधन विषय से संबंधित पांच पुस्तकों की रचना की है।

## महिलाओं ने संभाला नीरज त्रिपाठी के प्रचार का मोर्चा

### कविता त्रिपाठी के नेतृत्व में शहर दक्षिणी में सघन जनसंपर्क

**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के प्रचार का मोर्चा अब महिलाओं ने संभाल लिया है। आज प्रयागराज में चौक क्षेत्र में कविता त्रिपाठी ने शहर दक्षिणी में जनसंपर्क किया।

भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया महिला मोर्चा की की शहर अध्यक्ष शिखा रस्तोगी एवं महामंत्री रीता सिंह एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्मपत्नी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती कविता त्रिपाठी तथा पुत्री शिवांगी त्रिपाठी का जनसंपर्क कोतवाली से लेकर के रानी मंडी, खुशहाल पर्वत, गुजराती मोहल्ला और अतरसुया आदि क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट करने की अपील साथ ही साथ लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए निवेदन किया गया। जनसंपर्क यात्रा में महिला मोर्चा की समस्त बहनें चौक मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, पार्षद सुनीता चोपड़ा के साथ के साथ तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



इस अवसर पर प्रीति सहाय छाया शुक्ला मोना भटनागर, हेमलता वर्मा, शशि सेठ, संगीता केसरी, किरण केसरी, मीना केसरवानी, मंजू गौतम महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## डीएसए-एनसीआर की आसान जीत

प्रयागराज। डीएसए-एनसीआर ने एंग्लो बंगाली क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिविजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में एंग्लो बंगाली क्लब की टीम 12.5 ओवर में 76 रन (अनुज सिंह परिहार 22, सौरभ त्रिपाठी 18, भरत अवस्थी 4/17, सुनील त्रिपाठी 3/12, सुशील ओझा 2/15) बनाए। जवाब में डीएसए-एनसीआर ने 22.2 ओवर में दो विकेट पर 78 रन (बलराम सिंह 23 नाबाद, ताहा अली 21 नाबाद, अनुज सिंह परिहार 1/00, उदय प्रताप सिंह 1/28) बना लिए। मैच में अजय कुमार, राहुल सिंह अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

## ई-फाइलिंग वादकारियों के लिए हानिकारक- अनिल तिवारी

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की ई फाइलिंग पर जताया विरोध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा कि ई फाइलिंग वादकारियों के लिए घातक है। इसके खिलाफ बार एसोसिएशन कानूनी लड़ाई लडेगी। साथ ही साथ देश के सभी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को एकजुट कर सुप्रीम कोर्ट की ई फाइलिंग शुरू करने की मांग की करेंगे। यह बाते नई कार्यकारिणी के साथ न्यूज रिपोर्टर क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में कही गई।

बार के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक सुर में ई फाइलिंग के एक पक्षीय फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का ऐलान किया। इसके अलावा एडवोकेट रोल जारी करने की प्रक्रिया को जटिल बनाने की भी मांग की है।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष के पांच पदों पर विजयी अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव महिला आंचल ओझा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अभिजीत पांडेय, संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत शुक्ला के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के 28 पदों पर निर्वाचित उदिशा त्रिपाठी, मनीषा सिंह, किरन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानंद यादव, दिनेश यादव, रत्नेश पाठक, राजेश शुक्ला,सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश ओझा, बलदेव शुक्ला,अमरनाथ त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह सेंगर मौजूद रहे।

## मोदी सरकार में बदले देश के हालात- एके शर्मा

### भाजपा के 400 पार संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी देव तुल्य कार्यकर्ताओं पर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन के लिए मेजा विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारियों के साथ मण्डल सहित स्थानीय पदाधिकारियों का सम्मेलन क्षेत्र के बभनी के प्रेमा रिसॉर्ट में शनिवार को आयोजित किया गया।सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि रहे प्रदेश के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार में देश के हालात बदल गए।देश के मान,सम्मान ,स्वाभिमान के साथ स्वस्थ लोकतंत्र के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जिताकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाएँ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि ए.के. शर्मा का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला व अंगवस्त्र से जोरदार स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम संगठन द्वारा निर्धारित स्थान प्रेम रिजॉर्ट बभनी हेठार में किया गया द्य मुख्य अतिथि ए.के.शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं गरीबों के लिए सहारा बनी हैं।हर गरीब को पक्के घर,इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड,महिलाओं के लिए रसोई गैस, हर घर मे शौचालय, बिजली, पानी, शिक्षा से देश मे खुशहाली आयी है।मोदी सरकार ने अपने संकल्प को पूरा किया है।यह संकल्प तभी सार्थक होगा जब हम सब मिलकर 400 पार सीटें जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। मुझे आप कार्यकर्ताओं पर भरोसा है।



आप सब हर बार अपनी निष्ठा व कड़ीं मेहनत से पार्टी को जिताया है।इस बार नीरज त्रिपाठी को बम्पर बोट से जिताकर संसद में भेजने का काम आप सब निश्चित करेंगे।

लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने कहां कि भाई नीरज त्रिपाठी का पूरा परिवार भाजपा कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदों पर जनता सेवा किए हैं द्य हम सब के लिए गौरव की बात है कि, पार्टी ने एक कार्यकर्ता को लोकसभा प्रत्याशी बनाकर भेजा है द्य उन्हें जिताने की जिम्मेदारी हम सबकी है। प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहां की चुनाव आप सब मोदी जी के लिए लड़ रहे हैं, हम आपके लिए एक चेहरा मात्र हूँ।भाजपा केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ती है, जो कहती है उसे पूरा करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने की।संचालन मेजा विधानसभा के प्रभारी राय चंद दुबे, संयोजक विक्रमादित्य मौर्य रहे।मंच पर निवर्तमान सांसद डॉ रीता जोशी,कोरांव विधायक राजमणि कोल,पूर्व विधायक नीलम करवरिया,पार्टी नेता योगेश शुक्ल, आनंद कुमार पांडेय,विभूति नारायण सिंह,गंगा प्रसाद मिश्र,अशोक सिंह,जयशंकर पांडेय,मुन्नन शुक्ल,नरेंददेव पांडेय,सुशील मिश्र,राजेश पांडेय,कृष्णदास गुप्ता,इन्द्रदेव शुक्ल,मांडवी शरण दूबे,आशुतोष तिवारी टिंकू,पंकज तिवारी, अशोक सिंह,अरुण कुमार सिंह, सुधाकर पांडे लखन केशरी ,आमिर टंकी जय सिंह पटेल,अंकित पांडे,हृदयेश मिश्रा, डॉक्टर अमरेश तिवारी, नरेंद्र शुक्ला,राजीव तिवारी,,नीरज द्विवेदी, सुबह लाल प्रजापति, विपिन पांडे सहित जिले के पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नीरज त्रिपाठी ने कहा मैं सिर्फ चेहरा हूँ, चुनाव लड़ रहे हैं मोदी जी

## युवराज के शतक से भानु प्रताप क्लब जीता



**प्रयागराज।** युवराज सिंह के शतक (103 रन, 72 गेंद, 17 चौके) की मदद से भानु प्रताप सिंह क्लब में फरहत अली क्लब को 20 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

चक हरिहर वन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 29.2 ओवर में 191 रन (युवराज सिंह 103, शिव गौतम 30, सनातन राय 21, नैतिक शुक्ला 3/23, हुजैफा हाद 3/34, मोहम्मद अब्दुल 2/44) बनाए। जवाब में फरहत अली क्लब की टीम 30 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन (सक्षम वर्मा 40, शादान अब्बास रिजवी 38, अमीन इब्ने मोइन 28, युवराज सिंह 2/31, शिवम भारती 1/18, मानस 1/25, दिव्यांश यादव 1/27) ही बना सकी।

# अग्निकांड पीड़ित परिवारों को नगर पालिका ने दी राशन किट

## सांत्वना देने वालों का लगा रहा जमावड़ा





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोखराज, कौशाम्बी।** भरवारी व कोखराज थाना क्षेत्र के नगर के वार्ड नम्बर 6 बाला जी नगर के टीकरडीह में शुक्रवार की देर शाम बिजली की शार्ट सर्किट से पांच घरों में आग लग गयी थी। जिसमें पांचों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गयी थी। देर शाम पुलिस व स्थानीय लोगों के प्रयास व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया था। इस भीषण अग्नि कांड में लगभग बीस लाख का नुकसान हुआ था। गनीमत रही कि जिस समय आग लगी उस वक्त सभी लोग खेतों में काम करने गए थे। घरों में ताले लगे थे। देर शाम स्थानीय लोगों ने ग्रामीणों के प्रयास व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया था। इस भीषण अग्नि कांड में लगभग बीस लाख का नुकसान हुआ था।

### अग्नी कांड पीड़ित शिवलोचन के दो बेटियों की है शादी

कौशाम्बी। अग्नि कांड शिवलोचन ने बताया की उसकी दोनों लड़कियों की शादी का रखा गहना 3लाख रुपया कीमत का भी जल गया मौके पर जले गहने व 4लाख रुपए नगद भी जल गए जिसमे चाँदी के आभूषण तो बच गया लेकिन रुपए जल गए स  इनमें एक की 15 जुलाई को तिलक व 20 जुलाई की बरात थी लेकिन सब कुछ जलने के बाद भोजन व शादी का संकट खड़ा हो गया।

### अग्नि कांड पीड़ित परिवार को नगर अध्यक्ष कविता पासी ने उपलब्ध कराई राशन किट

कौशाम्बी। नगर के वार्ड नम्बर 6 बाला जी नगर के टीकरडीह में बीती देर शाम शार्ट सर्किट से लगी आग में पांच घरों की गृहस्थी जलकर राख हो जाने की सूचना पर शुक्रवार की रात नगर अध्यक्ष कविता पासी ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया था, शनिवार को नगर अध्यक्ष कविता पासी और ईओ रामसिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचें और पीड़ितों से घटना की जानकारी लेते हुए सभी परिवार वालों को राशन किट उपलब्ध करवाया। ईओ ने बताया कि सम्बंधित लेखपाल को प्रशासनिक रिपोर्ट के लिए लिखापढ़ी भी की गयी है जो भी सरकार की तरफ से मदद होगी पीड़ित परिवार को दिया जायेगा।

### सपा नेताओं ने अग्नि कांड पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

कौशाम्बी। नगर के वार्ड नम्बर 6 बाला जी नगर के टीकरडीह में बीती देर शाम पांच घरों में आग लगने की जानकारी होने पर शनिवार को सपा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश महासचिव इंद्रजीत सरोज और प्रदेश सचिव कैलाश चंद्र केसरवानी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला और सांत्वना दी। इस दौरान सपा के जिला महासचिव गुलाम हुसैन, मुन्नी लाल यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### अग्नि कांड से पीड़ित परिवार वालों से किन्नरों का दल मिला और सांत्वना दी

कौशाम्बी। भरवारी में शनिवार को अग्नि कांड से पीड़ित परिवार वालों से किन्नरों दल की प्रमुख मुस्कान चौहान लोगों से मिलाआग लगने का कारण जानते हुए पीड़ितों को सांत्वना दी। किन्नर की प्रमुख मुस्कान ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर पीड़ित परिवार की हर सम्भव तत्काल मदद देने सहित खाने पीने की सामग्री उपलब्ध कराने के साथ साथ शादी में खर्चा भी उठाने की बात कही।

# दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस थानाध्यक्ष जगदीश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि से संबन्धित वांछित आरोपी सन्तोष कुमार निवासी फत्तू का पुरवा मजरा अनेठा थाना मोहम्मदपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को अनेठा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।

### 03 वारण्टी अभियुक्तोंको गिरफ्तार किया गया

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि व 3(1)10 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारंटी आरोपी अध्या यादव निवासी फदिलाबाद थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक नीरज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी आरोपी सियाराम लोधी उर्फ श्रीराम निवासी महेन्द्र थाना करारी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया-चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 82 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 03, थाना कड़ाधाम से 04, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 03 कुल 12 आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# नाट्य मंचन व चित्रकला प्रतियोगिता कर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के लिए बच्चों ने नाट्य मंचन और चित्रकला प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता कर जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल के बच्चे सच्ची देवी, सुप्रिया मौर्य, छवि कुशवाहा, राज कश्यप, हिमांशु प्रजापति, आकाश कुशवाहा, अमन कुमार, प्राची मिश्रा, कोमल त्रिपाठी, खुशी देवी, निराशा देवी, सरिता देवी आदि बच्चों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की सफल बनाया। बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से मतदाताओं को संदेश किया की चुनाव का पर्व, देश का गर्व, जनपद कौशाम्बी का अनुरोध, 20 मई को करो वोट। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट। जैसे स्लोगन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने जागरूकता के कार्यक्रम में बच्चों का सहयोग किया।

# लोकतंत्र की सुनो पुकार मत खोना अपना अधिकार- डॉ राम नेवाज सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रधानाध्यापक डॉ रामनेवाज सिंह के नेतृत्व में बच्चों के बीच पतंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने पतंग बनाकर प्रेरक स्लोगनो के माध्यम से 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया  जन-जन की है यही पुकार वोट देना सबका है अधिकार, यूथ को बूथ तक ले जाना है सबको वोट का महत्व बताना है, जो सोच समझ कर सही प्रतिनिधि को वोट देता है वही मतदाता भारत देश का भाग्य विधाता है, जन-जन को जागरूक व शिक्षित बनाना है सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है, लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव मतदान है लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति हमारा मत है, लोकतंत्र की सुनो पुकार मत खोना अपना अधिकार, घर-घर अलग जगायेंगे मतदाताओं को मतदान के लिए जगाएंगे, हम अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे मतदान कर आएंगे, 1-2-3-4 मतदान का दृढ़ विचार, हमको यह समझना है

सबको वोट दिलाना है मतदाता जागरूकता हेतु पतंग प्रतियोगिता मे दीपक इनामुल हक अंसारी रीना मीत गुप्ता काजल मानसी सिद्धार्थ नाथ अपूर्व रिंकी तमन्ना सिमरन ऋषभ विश्वकर्मा गौरी अभिनव अनमोल ने अग्रणी भूमिका निभाई।

# शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म, केस न दर्ज होने पर एसपी से शिकायत

**करारी, कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के एक गांव में देवर पर विधवा भाभी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगा है।मामले की शिकायत पीड़िता ने इलाकाई पुलिस से करके न्याय की गुहार लगाई थी। आरोप है की दुष्कर्म के आरोपित को करारी पुलिस ने छोड़ दिया है। इसके साथ ही केस नही दर्ज किया।न्याय न मिलने से शनिवार को पीड़िता ने एसपी से करके न्याय की गुहार लगाई है। करारी क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर सगे देवर ने विधवा भाभी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। विधवा ने शादी का दबाव बनाया तो देवर मुकर गया।बीते 28 मई की रात 10 बजे देवर ने विधवा भाभी के घर जाकर जबरन दुष्कर्म किया। शोर गुल होने पर सो रहे बच्चे जग गए और युवक को अर्धनग्न हालत में देख लिया। तो वहीं कहीं भी शिकायत करने पर विधवा को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

# दबंगों ने तालाबी जमीन पर निर्माण का विरोध करने पर दी धमकी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील के मखऊपुर गांव में दबंगों ने तालाब और रास्ते की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। लोगों के विरोध करने पर वह सभी उनके साथ मारपीट करने पर आमादा हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को मामले की तहरीर दी। एसडीएम में चकबंदी अधिकारी को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है। विकास खंड नेवादा के मखऊपुर गांव निवासी चंद्रभान, प्रेम सिंह, राकेश सिंह, सुग्गीलाल और पवन सिंह आदि के अनुसार गांव में आराजी संख्या 246 अभिलेखों में तालाब दर्ज है जबकि 247 आम रास्ता है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग इन सरकारी जमीनों पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर रहे हैं। उनके विरोध करने पर वह सभी उन लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को मामले की तहरीर दी। एसडीएम ने चकबंदी अधिकारी को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# महिलाओं का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित - रमानिरंजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित निजी गेस्ट हाऊस में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन नगर अध्यक्ष कविता पासी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि झांसी एमएलसी विधायक रमानिरंजन व मुख्य वक्ता क्लस्टर प्रभारी प्रयागराज मंडल अनिल राजभर रहे द्य विधायक रमानिरंजन ने कहा कि महिलाओं के हित में भाजपा सरकार कार्य कर रही है। महिलाओं का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाएं दुनिया में प्रथम आ रहीं हैं। देश की महिलाओं ने रक्षा, आर्थिक राजनीतिक, शैक्षिक, खेल के क्षेत्रों में नेतृत्व किया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने महिला समाज को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम हो रहा है। अनिल राजभर ने कहा कि अभियान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है, किस तरह से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है।

नगर अध्यक्ष कविता पासी ने संबोधित करते हुए कहा ÷उत्साह भरा है जन- जन मे, खिल रहा कमल हर मन में÷उपस्थित मातृशक्तियों को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी के समग्र विकास हेतु भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने तथा देश में एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार बनाने के संकल्प को मज़बूत करने का आह्वान किया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति मातृशक्तियों का विश्वास अद्भुत हैं, सभी ने पुनः मोदी सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सम्मेलन का संचालन क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य ज्योति केसरवानी ने किया इस दौरान सैकड़ों लोग उपस्थित रहें

# राजकीय आईटीआई में छात्र छात्राओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**जौनपुर** -जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के नेतृत्व में जनपद में स्वीप गतिविधियां अब तेज हो गई है। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिद्दीकपुर में प्राचार्य मनीष कुमार पाल की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ छात्र छात्राओं को लोकतंत्र का महत्व बताते हुए निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने और सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक करने की जिम्मेदारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष कुमार पाल ने शिक्षक इंस्ट्रक्टर व प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी और कर्मचारियों को वोट के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, और कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करें।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में मतदान के प्रति किया गया जागरूक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में 4 मई को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् मतदान हेतु प्रेरित करने और मतदान के महत्व को उजागर हेतु महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य मतदान हमारा अधिकार-विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने छात्रध् छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि देश के नागरिक होने नाते हमारा दायित्व है कि हम मतदान अवश्य करें,ये हमारा अधिकार है। और हम अपने अधिकारों का उचित प्रयोग कर देश के लिए एक उचित सरकार बनाने में अपना सहयोग दें ताकि देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी डॉ रीता दयाल ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी, एवम डॉ रमेश चन्द्रा शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान गुंजन देवी बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान मुस्कान बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

# 14000 किलोमीटर तय कर कौशांबी के भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी पहुँची डॉ. किरण सेठ की एकल साइकिल यात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** प्रख्यात शिक्षाविद् और पद्म श्री सम्मानित, 74 वर्षीय डॉ. किरण सेठ, जो स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग के संस्थापक और द्धद्धञ-दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस हैं, वे अपनी अखिल भारतीय ÷एकल साइकिल÷ यात्रा के तहत आज भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी पहुँच चुके है जहां पर प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने उनका माल्यार्पण एवं साल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस दौरान समस्त बच्चों को डॉक्टर सेठ ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कला एवं संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं अपने अनुभव को छात्रों के बीच साझा किया।एक महान व्यक्तित्व एवं सीक्षाविद के भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में आगमन को लेकर निदेशक श्री संदीप सक्सेना, ट्रेजरर डॉक्टर प्रशांत अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।डॉक्टर सेठ ने यह यात्रा 15 अगस्त 2022 को श्रीनगर से शुरू की और 14 फरवरी 2023 को कन्याकुमारी पहुँचे। इसके बाद, उन्होंने कन्याकुमारी से गुवाहाटी तक साइकिल यात्रा की, जिसमें केरल, गोवा, तटीय कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम की यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने हजारों छात्रों, शिक्षकों और शैक्षिक संस्थानों के प्रमुखों से मुलाकात की और साइकिलिंग, स्वयंसेवा और गांधीवादी मूल्यों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों और सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात की और इस आंदोलन को देश के हर बच्चे तक पहुँचाने के लिए उनकी मदद मांगी।इसके अंतिम चरण में, सोलो साइकल यात्रा ने बिहार में वापसी की है। डॉ. सेठ ने दिसंबर 2023 में पूर्वोत्तर की यात्रा के दौरान बिहार से होकर गुजरे थे। जनवरी से मार्च तक लगभग दो महीने पूर्वोत्तर राज्यों में बिताने के बाद, उन्होंने सिक्किम और बंगाल की यात्रा की और अप्रैल के अन्तिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश ग़ाज़ीपुर,वाराणसी,भदोही  .हंडिया ,अयोध्या से होते हुए कल प्रयागराज आ रहे हैं यात्रा के दौरान, डॉ. सेठ ने विभिन्न छोटे शहरों के स्कूलों और कॉलेजों में रुककर छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात की और उन्हें स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग के सांस्कृतिक क्रांति में शामिल होने का नप्रोफेसर सेठ ने छात्रों से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका साइकिल चलाना और उनकी स्वयंसेवा न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं बल्कि इस प्रकार की गतिविधियां सादगी-पूर्ण जीवन पद्धति को प्रोत्साहित करती हैं, जो आत्म-अन्वेषण के लिए नितांत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, ÷निष्काम सेवा सदैव से भारत की सामाजिक व्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का आधारभूत अंग है।

उन्होंने युवाओं में अपने विरासत के प्रति आत्म-गौरव और भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को समृद्ध व संरक्षित करने में गांधीवादी मूल्यों के महत्वपूर्ण भूमिका की बात कही देश भर के युवा छात्र प्रोफेसर सेठ की परिचर्चा और सादगीपूर्ण जीवन शैली से प्रभावित हो रहे है। प्रोफेसर सेठ उन्हें आंतरिक चिंतन, व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक कल्याण की दिशा में पहल करने की प्रेरणा दे रहे हैं। प्रो. सेठ की ने छात्रों को आधुनिक जीवनशैली के विकल्पों और उनके जैविक व सांस्कृतिक संरक्षण के अंतर्संबंध की महत्ता की ओर आकर्षित किया है।डॉ. सेठ ने अबतक लगभग 14,000 किलोमीटर की यात्रा की है। उनका मिशन युवाओं को प्रेरित करना रहा है, उन्हें भारतीय सांस्कृतिक विरासत में निहित अमूर्त, सूक्ष्म और रहस्यमय पहलुओं के बारे में जागरूक करना। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने सैकड़ों शैक्षिक संस्थानों से जुड़े हैं, हजारों की संख्या में उन्होंने युवा-वर्ग से संवाद किया है और भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के गहरे मूल्य की खोज के लिए उन्हे प्रेरित किया।

डॉ. किरण सेठ के साइकिल चलाने का उद्देश्य है÷

महात्मा गांधी के सादगीपूर्ण जीवन और उच्च विचारों की की ओर युवा वर्ग को प्रेरित करना।

स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग का संदेश फैलाने और नए स्वयंसेवकों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करना।

लोगों को भारतीय विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए।

यह बताना कि साइकिलिंग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छी है और पर्यावरण के लिए लाभकारी है।

डॉ. किरण सेठ एक साधारण साइकिल पर चलते हैं जिसमें कोई गियर, फैंसी सामान या तक्क नहीं है!! वे सीमित कपड़ों और व्यक्तिगत वस्तुओं के साथ यात्रा करते हैं, जिसमें न्यूनतम सामान होता है।

भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए आंदोलन के रूप में कार्यरत स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग एक 46 वर्ष पुरानी राष्ट्रव्यापी, गैर-राजनीतिक, स्वयंसेवी और एक पंजीकृत संस्था है जो शास्त्रीय संगीत और नृत्य, लोक संगीत, योग, सिनेमा प्रदर्शन, वार्ता, यात्राएं, शिल्प कार्यशालाएं आयोजित करती हैं।

इसका उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के परिसरों में छात्रों को भारतीय विरासत में सक्रिय रूप से रूचि लेने के लिए प्रेरित करना है। इससे जुड़े विभिन्न स्वयंसेवक हर साल भारत और विदेशों के 800 शहरों में 5000 कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

लगभग 50 अन्य देशों में भी यह संगठन लोगों में देने की भावना और निष्काम सेवा को बढ़ावा देता है।स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग एक प्रकार का जन आंदोलन है जो हमें हमारी भारतीयता के करीब लाता है। जैसे स्वतंत्रता आंदोलन ने हमें अहिंसा का महत्वपूर्ण पाठ सिखाया, स्क्ष्ट स्ष्ट्ङ्ग निष्काम सेवा का महत्वपूर्ण पाठ सिखाता है।

# राजनीति रोजगार नहीं सेवा का अवसर - डा0एसपी सिंह पटेल

## पूर्व एमएलसी कांति सिंह ने भी किया जनसम्पर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ0 एस.पी. सिंह पटेल गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग शनिवार को विधानसभा सदर क्षेत्र के अचलपुर सहित कई मुहल्लों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में जन-समर्थन मांगते हुए आर्शीवाद लिया। इस दौरान गठबंधन के प्रत्याशी डॉव एस.पी. सिंह पटेल ने कहा कि राजनीति उनका रोजगार नहीं है, वे प्रतापगढ़ में लोगों की सेवा करना चाहते है। गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एस.पी. सिंह पटेल ने लोगों से स्नेह आशीर्वाद लेते हुए अपने पक्ष में मतदान की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, जावेद खान, सद्दाम एडवोकेट, गुलफाम खान, सफात खान, इंजीनियर प्रिंस कुमार पटेल, जी. एस. वर्मा, सेबू शहरे आलम, राजेश कुमार यादव, राहुल मौर्या, बबलू पाल, जयप्रकाश पाल, रंजीत सरोज आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

वही दूसरी ओर पूर्व शिक्षक एम.एल.सी. कांति सिंह ने इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉव एस.पी. सिंह पटेल के समर्थन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के डिघवट व आस पास के गांव में गठबंधन के कार्यकर्ताओं साथ सघन जनसंपर्क करते हुए लोगों से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को मत देकर मजबूत बनाने की अपील की।

### कौशाम्बी व्यय प्रेक्षक के मोबाइल पर आचार संहिता के उल्लंघन की करें शिकायत

**प्रतापगढ़।** जिला नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ/वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह ने जनसामान्य को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 50-कौशाम्बी (सुरक्षित) के निर्वाचन व्यय पर्यवेक्षण हेतु विनय कुमार थामी आई0आर0एस0 (सी एण्ड सीई) को व्यय प्रेक्षक नामित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र बाबागंज एवं विधानसभा क्षेत्र कुण्डा के यदि किसी व्यक्ति को निर्वाचन व्यय अथवा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में कोई शिकायत अथवा सूचना देनी हो तो मोबाइल नम्बर 8931079415 एवं ई-मेल अ ा इ ॅ 0 ड ा 0 वि50मगचवइेअमत/हउंपसण्बवउ पर दे सकते है। व्यय प्रेक्षक का अवस्थान स्थल काशीराम गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या-02 (यमुना) ओसा मंझनपुर कौशाम्बी में है।

# भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी कार्यकर्ता - अमरपाल मौर्य




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,प्रतापगढ़।** विधानसभा रामपुर खास में भारतीय जनता पार्टी रामपुर खास के कार्यकर्ताओं का बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश महामंत्री,काशी क्षेत्र प्रभारी राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहाकि आप सभी कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं। हो सकता है आपके छोटे-मोटे काम को सासंद संगम लाल गुप्ता न कर पाए हों लेकिन मोदी जी धारा 370 हटाई, अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण करवा कर हमको 500 साल की गुलामी से मुक्त करवाया।

इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक उमेश द्विवेदी,जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,सुशील उपाध्याय, राय साहब सिंह, शशिकांत पांडे, पूर्व अध्यक्ष के के सिंह,बाल कृष्ण पांडे,देवेश त्रिपाठी,अजय वर्मा, राकेश सिंह, नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, कुलवंत सिंह, ओम प्रकाश पांडेय, देवदत्त शुक्ला, रोहित सिंह, पवन तिवारी, सुरेश सिंह, राजकुमार बरनवाल, बृजेंद्र पांडेय मंटू, बृजेश तिवारी, अभिषेक सिंह,झुन्ना तिवारी,नितेश द्विवेदी, श्री नाथ पासी आदि पदाधिकारी,कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव में परिवर्तन की बयार बह रही है-अविनाश पांडेय

## इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल जी के समर्थन में समन्यवय बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(एआईसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उ.प्र. श्री अविनाश पाण्डे जी एवम राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ मा. राजेश तिवारी जी आज इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल जी के समर्थन में स्थानीय ÷शैल श्याम पैलेस÷ में संगठन की एक बैठक में शरीक हुए द्य महासचिव अविनाश पांडेय ने संगठनात्मक बैठक के साथ साथ कांग्रेस पार्टी एवम सामाजवादी पार्टी के बीच समन्यवय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मा0राहुल गांधी, अखिलेश यादव जी, अरविंद केजरीवाल जी, तेजश्वी यादव आदि ने राष्ट्रीय स्तर पर जो समन्वय बनाया है, वही समन्वय हमें जनपद से लेकर बूथ स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है द्य उन्होंने कहा कि इस चुनाव में परिवर्तन की बयार बह रही है। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर संजय तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक एवम प्रदेश सचिव राकेश मौर्या, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव %मुन्ना%, जी भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए गठबंधन व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ0एस0पी0सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। संचालन जिला सचिव सुरेश मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में इंडिया गठबंधन व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ0एस0पी0सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार में सभी वर्ग परेशान है, उन्होंने कहा कि लोकतंत्र व देश बचाने के साथ ही संविधान बचाने का समय आ गया है।

सभी इंडिया गठबंधन के साथी गांव- गांव, घर- घर जाकर लोगों से वोट करने की अपील करें। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारीगण, ब्लॉक प्रभारीगण पूर्व विधानसभा प्रत्याशीगण, नगर पालिका एवम नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशीगण, पी.सी.सी सदस्य गण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष गण, जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान पदाधिकारीगण, नगर कांग्रेस कमेटी के वार्ड अध्यक्ष गण एवम पदाधिकारी गण, सभी फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्षगण उनकी कमेटी, विभाग एवम प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, उ0प्र0कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी श्री मुकुन्द तिवारी जी व मा0सांसद प्रमोद तिवारी जी के प्रतिनिधि श्री भगवती प्रसाद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी, बृजेन्द्र मिश्र भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उपरांत जानकारी हुई कि पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र का अभी- अभी देहावसान हो गया, सूचना पर सभी ने दो मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा को श्रृद्धाञ्जलि अर्पित की और परिवारीजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की छमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

बैठक में नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, मा0प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, श्रीमती सुनीता सिंह पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरोज कश्यप, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी, सुरेश मिश्र, सुधीर तिवारी, विजय शंकर तिवारी, डॉ0अजय सिंह, इन्द्रानंद तिवारी, दृगपाल यादव, राम कृपाल पासी, डॉ0अमिताभ शुक्ल, लालजी यादव, छोटे लाल सरोज, रामबोध शुक्ल, श्याम शंकर तिवारी, विजय प्रताप त्रिपाठी, अभय तिवारी, रामू पांडेय, मो0आफाक, सोनी तिवारी, नफीस खान, सलीम उल्ला, जावेद, बेलाल, असीस शुक्ला, राम लवट यादव, प्रशांत सिंह %प्रिंशू%, मौलाना वाहिद, नफीस खान, उत्सव भूषण पाल, मो0 हुजैफ, दानिश माबूद, मकरंद शुक्ल, समाजवादी पार्टी के महा सचिव अब्दुल कादिर जिलानी, उपाध्यक्ष शेर बहादुर यादव, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, राजेन्द्र वर्मा, शिवम मिश्रा, महेंद्र भान सिंह, अशोक सिंह, विजय प्रताप त्रिपाठी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, जावेद अहमद खान, संजय शुक्ला, अमिताभ शुक्ला, बिंदेश्वरी पटेल, सुरेंद्र सिंह उर्फ ददन सिंह सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# शौच गयी महिला की करंट की चपेट में आने से मौत, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से शौच जाने के लिए निकली महिला करंट की चपेट में आ गयी। अस्पताल में ले आने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों से कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के अन्तर्गत रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी क्षेत्र के देल्हूपुर गांव निवासी प्रमोद वर्मा की पत्नी ललिता देवी 38 शनिवार की सुबह करीब पांच बजे घर से शौच के लिए अपने खेत में गयी थी। उसके खेत से सटे पडोसी के खेत में मवेशियो से फसल के बचाव के लिए झटका करंट का तार खींचा गया था। शौच के दौरान महिला के झटका करंट तार की चपेट में आ गयी। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले आये। यहां चिकित्सकों ने महिला ललिता देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतका की दो पुत्रियां सरिता व अंजली तथा एक पुत्र राहुल है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आम तोड़नै को लेकर दो पक्ष भिड़े, एक दर्जन को मामूली चोटें

**देल्हूपुर, प्रतापगढ़।** आम तोड़ने को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक दर्जन दर्जन से अधिक लोगों को चोटें आई।देल्हूपुर थाना क्षेत्र के मल्हूपुर गांव में रेलवे लाइन के किनारे बब्लू सिंह का आम का पेड़ है। जिसमें छोटे छोटे फल लगे हुए हैं।आज दोपहर बाद गांव के बच्चे बकरी चरा रहे थे।उसी बीच आम तोड़ना शुरू कर दिया।आम लेने को लेकर लड़ गए। उसके बाद रेलवे लाइन की गिट्टियां लेकर एक दूसरे को मारने लगे। जिसमें एक पक्ष के शिवम् 18 वर्ष पुत्र कपिल देव, सुरेश 35 वर्ष पुत्र बाबू लाल, विपिन 20 वर्ष पुत्र कपिल देव, प्रमिला 10 वर्ष कपिल देव, निर्मला 12 वर्ष पुत्री बाबूराम,छोटू 15 वर्ष पुत्र सुरेश तथा दूसरे पक्ष के विनय 12पुत्र महेश, गीता 18 वर्ष पुत्री दूधनाथ, रवीन्द्र 20 वर्ष पुत्र दूधनाथ,बच्ची, मीरा, सीता को चोटें आई। दोनों पक्षों ने देल्हूपुर थाना में प्रार्थना पत्र दिया है।एसओ ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। हल्की-फुल्की चोटें आई हैं।इलाज कराया जा रहा है। जांच पड़ताल की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# घर में घुसकर मारपीट पर तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने की घटना में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भदारी कला शिवबक्श गांव की अंतिमा पुत्री श्यामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर दो मई की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के रमाकांत वर्मा के पुत्र मुकेश वर्मा व पुत्रियां सुनीता व रोशनी उसके घर में घुस आये। आरोपियों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से उसे मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़िता बेहोश हो गयी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले में जांच के बाद पुलिस ने मुकेश समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# वरिष्ठ कोषाधिकारी ने निरीक्षण कर उड़नदस्ता तथा स्थायी निगरानी की उपस्थिति की जांच की



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ/वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह ने निरीक्षण कर विधानसभा क्षेत्र 244-रामपुर खास तथा विधानसभा क्षेत्र 248-सदर की उड़नदस्ता तथा स्थायी निगरानी की उपस्थिति की जांच की तथा सम्बन्धित मजिस्टेऊट को अवगत कराया गया कि माननीय व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर द्वारा निर्देशित किया गया है कि अपने विधानसभा क्षेत्र में वाहनों की जांच पूर्ण रूप से किया जाये तथा वाहनों की जांच से सम्बन्धित जानकारी एक रजिस्टर पर अंकित किया जाये। रजिस्टर का समय समय पर वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा व्यय प्रेक्षक द्वारा भ्रमण के दौरान जांच किया जायेगा। जांच के दौरान दोनो विधानसभा के सहायक व्यय प्रेक्षक भी उपस्थित रहे।

# नामांकन के छंठे दिन 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया

## 8 लोगों ने 11 सेट में खरीदा नामांकन पत्र





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्टेऊट में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज छंठे दिन 04 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसका विवरण निम्नवत् है-1-श्रवण कुमार त्रिपाठी सुत राम मनोहर त्रिपाठी-निर्दलीय-02 सेट2-फूलचन्द्र सोनी सुत राम अंजोर-निर्दलीय-01 सेट 3-ऋषि पटेल सुत राम सजीवन-अपना दल (कमेरावादी)-01 सेट 4-धनन्जय सुत गौरीशंकर-निर्दलीय-01 सेट दाखिल किया।छंठे दिन 08 लोगों ने 11 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये गये जिनका विवरण निम्नवत् है-1-गीता देवी पत्नी बाल कृष्ण-भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी-03 सेट 2-सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा सुत सुरेश चन्द्र विश्वकर्मा-निर्दलीय-01 सेट 3-अजय कुमार विश्वकर्मा सुत अवधेश कुमार विश्वकर्मा-निर्दलीय-01 सेट 4-श्रवण कुमार त्रिपाठी सुत राम मनोहर त्रिपाठी-निर्दलीय-01 सेट 5-इन्द्रजीत सुत माताफेर-बहुजन मुक्ति पार्टी-02 सेट 6-उत्सव भूषण सुत राधेश्याम पाल - निर्दलीय-01 सेट 7-सुनील कुमार मिश्र सुत जगत नारायण-निर्दलीय-01 सेट8-शिवपाल पटेल सुत छोटे लाल पटेल-निर्दलीय-01 सेट नामांकन पत्र खरीदा।

# जेईई मेंस में संस्कार ग्लोबल स्कूल के पांच छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** जेईई मेंस के घोषित परिणाम में संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के पांच छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है। शनिवार को सभी को सम्मानित किया। शुभी,सारा मतीन,मोहन सिंह, मो. अनस,अक्षत शुक्ला ने अच्छे अंक अर्जित किये। चेयरपर्सन डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।निदेशक संजय सिंह,प्रिंसिपल समीना अख्तर ने चयनित छात्र - छात्राओं को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। निदेशक ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक इस परीक्षा में बच्चों ने बिना कोचिंग के यह परीक्षा न सिर्फपास की है, बल्कि अच्छा स्कोर किया है। संचालन अविनाश सिंह ने किया। प्रकाश त्रिपाठी,अखिलेश मिश्र, सुधा सिंह,मो.रईस,आरएम शर्मा,तरुण शुक्ल,आनन्द सिंह,महेन्द्र वर्मा, संजीव शुक्ल,नौशाद खान,जेपी त्रिपाठी,कृष्णा सिंह,प्रमोद गुप्ता आदि रहे।

# हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करेगा हाउस ऑफ बिलीव- गौरव अग्रवाल

## भगवा चुंगी स्थित श्रीचंद्रा स्क्वायर में जनपद के पहले स्टोर की हुई लांचिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** हाउस ऑफ बिलीव ने शहर में अपना पहला स्टोर श्री चंद्र स्क्वायर मॉल, भगवा चुंगी में खोला है। हाउस ऑफ बिलीव एक फैशन कंपनी है जो पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को फैशनेबल लेकिन उचित कीमत वाले कपड़ों का व्यापक रेंज प्रदान करती है। यह स्टाइलिश कपड़ों और एक्सेसरीज़ के लिए वन-स्टॉप स्टोर के रूप में कार्य करता है, जो पूरे परिवार की फैशन मांगों को पूरा करता है। हाउस ऑफ बिलीव किफायती कीमत पर स्टाइलिश कपड़े प्रदान करता है ताकि व्यापक दर्शक वर्ग इसे खरीद सके। पुरुषों के कपड़ों के विकल्पों में शर्ट, टी-शर्ट, जींस और बहुत कुछ शामिल हैं, महिलाओं के कपड़ों में विभिन्न प्रकार के सलवार सूट, टॉप, ड्रेस, स्कर्ट और जींस जबकि बच्चों के कपड़ो में बॉयज जींस, बॉयज टी-शर्ट्स, गर्ल्स जींस और गर्ल्स टॉप की व्यापक रेंज शामिल हैं। प्रतापगढ़ में नया स्टोर सात हजार वर्ग फुट में फैला हुआ है। इस शुभ अवसर पर आलोक कुमार पांडेय पूर्व वाईस प्रेजिडेंट नई दिल्ली बार एसोसिएशन और सांसद संगम लाल गुप्ता ने रिबन काट कर स्टोर का शुभारम्भ किया। इसके साथ डॉ. सौरभ पाण्डेय, हरीश चंद्र खंडेलवाल, प्रकाश चंद्र खंडेलवाल, पिंकी दयाल, डॉ. पीयूष कांत शर्मा, अरुण प्रताप सिंह, राजेंद्र केसरवानी, प्रवेश जी, अशोक जी, नितेश खंडेलवाल, दिनेश जी भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि आलोक पांडेय ने कहा कि यह स्टोर प्रतापगढ़ के विकास में अत्यंत सहायक होगा 7 हाउस ऑफ बिलीव के बिजनेस हेड गौरव अग्रवाल ने कहा कि हाउस ऑफ बिलीव स्टोर अपनी ऑन-ट्रेंड फैशन पेशकश और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारी अनुभव के लिए प्रसिद्ध हैं। अगले दो वर्षों में हम उत्तर प्रदेश में एक सौ स्टोर खोलने की योजना बना रहे हैं। हाउस ऑफ बिलीव दो हजार लोगों को डायरेक्ट और डेढ़ हजार लोगों को इन डायरेक्ट रोजगार प्रदान करेगा। हाउस ऑफ बिलीव शहर की इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए लोकल सोर्सिंग और वेंडर को प्रोत्साहित करता है। हमें प्रतापगढ़ का सबसे फैशनेबल स्टोर खोलकर बहुत खुशी हो रही है और हम शहर में फैशन के प्रति जागरूक लोगों के लिए सबसे पसंदीदा शॉपिंग स्थल बनना चाहते हैं।

# भीषण गर्मी में पंछियों के लिए सहारा बने सुरेश गुप्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** इस भीषण गर्मी में पंछियों के लिए बिहार विकासखंड के काशीपुर निवासी समाजसेवी सुरेश गुप्ता सहारा बने हुए हैं । गांव में जगह-जगह पेड़ों पर घोंसला बनाकर पंछियों के लिए दाना व शीतल जल का व्यवस्था इस धूप में लगातार कर के पक्षियों के लिए सहारा बने हुए। बातचीत में सुरेश गुप्ता ने बताया की पंछियों के लिए दाना व शीतल जल की व्यवस्था प्रत्येक वर्ष गर्मी में करीब दस वर्षो से कर रहा हूं ।इस पुण्य कार्य का क्षेत्र के लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

# वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के नौनिहालों ने फ्रूट्स डे मनाकर बताया फलों का महत्व




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्ले ग्रुप और नर्सरी कक्षा के नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष फ्रूट्स डे का आयोजन किया गया।इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में नौनिहालों ने विभिन्न फलों की वेशभूषा में प्रतिभाग किया एवं आम फलों का है राजा आदि गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें शिव्या, दिशा, धैर्य, दिव्यांशी, राघव ने बीमारियों से लड़ने की क्षमता देने वाले सेब का रूप धारण किया तो फलों के राजा आम का रूप उत्कर्ष, तनिष्का, प्रियांशी, स्वास्तिक, अनवी, अदिति, आर्या, शिवेश, शौर्य, अविरल, कर्तव्य, अश्रुत, वैष्णवी , अनाया, आभा,दिविशा आदि ने धारण किया।तरबूज, ग्रेप्स, पाइनएप्पल, स्ट्रावेरी, पपीता, बनाना, ऑरेंज के फलों के रूप में त्रियाँश, नव्या, राम, अविका, एंजेल, अनवी, विशाखा, अनाया, अवनी, प्रखर, आस्था, शांभवी, श्रीयांश आदि ने अलग अलग फलों की वेशभूषा से मौसमी फलों की महत्वा को दर्शाया। फलों के आकर्षक रूप में सुसज्जित नौनिहालों को देखकर अभिभावकगण मंत्रमुग्ध हो गए।शिक्षिका रोशनी सिंह, नीलम तिवारी, स्वाती शुक्ला ने बच्चों को फलों से होने वाले लाभ बतलाते हुए फलों का सेवन करने की सलाह दी। व्यवस्थापक श्री धीरेंद्र सिंह ने भी बच्चों को मौसमी फलों आम, अंगूर, लीची, तरबूज, पपीता आदि की विशेषताएं बताते हुए फ्रूट्स का महत्व बताया।डायरेक्टर श्रीमती अलका सिंह ने इस अवसर पर अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अभी से मौसमी फलों को नौनिहालों के आहार का हिस्सा बनाएं क्योंकि फल खाने से मस्तिष्क का काफी तेज गति से विकास होता है तथा शरीर के लिए भरपूर पौष्टिक आहार भी प्राप्त होता है।

# खनन माफियाओं ने वीडियो बनाने पर दो युवकों को पीटकर किया लहूलुहान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मीरनपर गांव के समीप शुक्रवार की रात मिट्टी का अवैध खनन कर रहे माफ़ियाओं ने वीडियो बनाने पर दो युवकों को जमकर पीट दिया। पिटाई से वह दोनों लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें पास के अस्पताल ले गए। घायलों ने थाने जाकर चार आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कस्बा चरवा निवासी कुलदीप वर्मा पुत्र शिवलाल वर्मा शुक्रवार की रात कलापत का पूरा के अपने साथी सचिन पासी के साथ बाइक से मीरनपुर गांव जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि कलापत का पूरा स्थित एक सरकारी तालाब में जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर ट्रैक्टरों में भरा जा रहा है। वह वहां रुककर खनन का वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनाते देख खनन माफ़िया नाराज हो गए। उन्होंने कुलदीप के पास जाकर वीडियो बनाने से मना किया। वीडियो बनाना बंद न करने पर वह सभी उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर खनन माफ़ियाओं ने कुलदीप की लाठी, डंडे और लोहे के राड से जमकर पिटाई करने लगे। बचाव करने पर सचिन पासी को भी पीटा। पिटाई से दोनों लहूलहान होकर वहीं बेहोश हो गए। सूचना पाकर वहां पहुंचे परिजनों ने प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें पास के एक निजी अस्पताल ले गए। शनिवार को घायलों ने थाने जाकर चारों आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# बाइक से ड्यूटी जा रहा सफाई कर्मी मार्ग हादसे में जख्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात बाइक सवार मार्ग हादसे में जख्मी हो गया, हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायल को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रहने वाले सागर पुत्र राजेंद्र 45 वर्ष सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। शनिवार की सुबह बाइक सवार सागर जिला अस्पताल ड्यूटी पर जा रहे थे जैसे ही वह सैनी कोतवाली के करनपुर चौराहा के पास पहुँचे तभी तेज गति ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं आनन फानन में मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी मौके में पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया गया जहां हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

# संदिग्ध दशा में किशोरी की मौत, बुखार से मौत की चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी की संदिग्ध दशा में मौत हो गई किशोरी की मौत के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया, वही परिजनों की माने तो किशोरी की मौत बुखार व पेट दर्द के चलते हुई थी। विकास खंड सिराथू के फतेहपुर बेला गांव निवासी रामजतन की 17 वर्षीय पुत्री शोभा देवी को कई दिनों से बुखार आ रहा था जिसका इलाज स्थानीय डॉक्टर से कराया जा रहा था।

शुक्रवार को देर रात अचानक हालत गंभीर हुई अचानक उल्टी और पेट में दर्द होने लगा हालत बिगड़ता देख परिवार के लोग आनन फानन में अस्पताल ले गए परंतु रास्ते में ही शोभा की मृत्यु हो गई किशोरी को मृत देखकर परिवार वालों के होश उड़ गए इसके बाद परिवार वाले शोभा को वापस घर ले आए शोभा के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल



हो गया ।शोभा के पिता रामजतन परिवार के भरण पोषण के लिए जौनपुर में मजदूरी करते हैं जैसे ही रामजतन ने पुत्री की मृत्यु की खबर सुनी उनके रो-रोकर बुरे हाल हो गए और जौनपुर से वह घर के लिए निकल गए पिता के आने के बाद ही पुत्री का अंतिम संस्कार किया जाएगा रामजतन के दो पुत्री और एक पुत्र है रामजतन की सबसे बड़ी पुत्री मनसा देवी 30 वर्ष जिनका विवाह हो चुका है सबसे छोटी पुत्री शोभा देवी 17 वर्ष जिसका बीमारी के चलते मृत्यु हो गई एक बड़ा भाई है गोपी 25 वर्ष जो कि गांव में ही रहकर खेती किसानी का कार्य संभालता है। जैसे ही शोभा की मृत्यु की खबर गांव वालों को पता चली रामजतन के घर शोभा के देखने वालों का तांता लग गया सबने हृदय से दुख प्रकट किया सब की आंखें नम हो गई।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत, एक जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनपुरवा चौराहा के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा मिस्त्री जख्मी हो गया, हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, वही पुलिस ने ट्रैक्टर को कस्टडी में लेकर कार्यवाही में जुट गई है। हादसे की खबर पर मृतक के घर में रोना पीटना मच गया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के दर्जिन का पुरवा निवासी सिपाही लाल यादव पुत्र वीरे यादव 60 वर्ष शनिवार की दोपहर ई रिक्शा बनवाने के लिए बाइक से मिस्त्री बुलाने कनपुरवा चौराहा गया था जहा से बाइक ने मिस्त्री को बैठाकर घर लौट रहा था इस दौरान बाइक सवार जैसे ही कनपुरवा चौराहा के नजदीक पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए, हादसा देख स्थानीय लोगो की भीड़ जमा हो गई और हादसे की खबर पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने सिपाही लाल को मृत घोषित कर दिया वही ई रिक्शा मिस्त्री का इलाज चल रहा है ।पुलिस ने ट्रैक्टर को कस्टडी में लेते हुए औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर पर मृतक के पुत्र बबलू 38 वर्ष, अमिताभ 29 वर्ष व विपिन 25 वर्ष का हाल बेहाल है।

# आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराएं




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को विकास खंड मूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय महगांव में जरूरत शिक्षिका व बूथ लेवल अधिकारी के रूप में काम कर रही सहायक अध्यापिका कीर्ति सिंह ने 20 मई को होने वाले चुनाव को लेकर गांव में जाकर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हे वोट के महत्व के संबंध में बताया और उनके वोट की कीमत बताई। इसके साथ ही सबको साथ लेकर गांव में अन्य लोगों बूढ़े, नौजवान, महिलाओं को स्लोगन लिखे पोस्टर के साथ रैली निकालकर सभी को जागरूक किया। शिक्षिका ने सभी को मतदान वाले दिन बूथ पर परिवार सहित पहुंचकर मतदान करें कोई भी मतदाता इस बार मतदान करने ने चुके।

उपस्थित लोगों ने यह कहते हुए कहा की जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है।

## 12राशि भैसों को क्रूरता पूर्वक ट्रक में भरकर ले जाते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया गया

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी मो0 आजम निवासी ननमई थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 01 अदद ट्रक यूपी 44 टी 4963 में 12 राशि भैस को ठूस-ठूसकर भरकर ले जाते हुये भोला चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

# मध्यप्रदेश के रसगुल्ला विक्रेता पर जानलेवा हमला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के घटमापुर के पास शुक्रवार को मध्यप्रदेश के रसगुल्ला विक्रेता के ऊपर दबंगों ने जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया। मामले मे पंइसा पुलिस ने दोनो पक्ष के खिलाफ मामूली करवाई की है। कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित ने शनिवार को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जानलेवा हमला का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद के अम्बहा थाना अंतर्गत दक्षापु गांव निवासी नकुल बघेल चरवा में किराए का कमरा लेकर रसगुल्ला बनाकर दुकानों में बेचने का काम करता है। इसी गांव के दो लोग भी सिराथू कस्बे में रहकर क्षेत्र में रसगुल्ला बनाकर क्षेत्र की दुकानों में बेचने का काम करते है। शुक्रवार का नकुल का एक दूसरे के क्षेत्र में रसगुल्ला की आपूर्ति देने को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद दबंग अपने दो साथियों के साथ मिलकर धानापुर के पास नकुल को रोककर उसपर हमला बोल दिया इस दौरान उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं मारपीट के बाद नकुल मामले की तहरीर पईसा पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मारपीट का एनसीआर दर्ज कर दोनों पक्ष के खिलाफमामूली धाराओं में कार्रवाई की है। पईसा पुलिस द्वारा की गई मामूली कार्रवाई से नाराज नकुल बघेल ने शनिवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

# बेसिक शिक्षक परिवार सदस्यों ने उड़नपरी से मुलाकात कर दी बधाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशाम्बी के बरई बंधवा के साधारण परिवार किसान चुन्नीलाल के घर में जन्मी सुनीता ने दोबारा इतिहास रच कर स्वयं को सिद्ध कर दिया है। सुनीता ने जूनियर एथलेटिक्स एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता दुबई में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के लिए कांस्य पदक जीता। इससे पहले सुनीता अंडर 18 में देश के लिए रजत पदक जीत चुकी है। एथलेटिक्स के जीत के साथ जनपद एवं देश का नाम ऊंचा करने पर बेसिक शिक्षा परिवार कौशांबी कोर टीम के सदस्यों ने मुलाकात कर जीत की बधाई दी। सुनीता स्वजनों ने बताया की बचपन से ही उसने रेस को अपना सपना बनाया है। इस जीत के साथ ही मनोबल को ऊंचा करते हुए कहा की में आगे भी देश के लिए अच्छा करने का प्रयास करूंगी। मिलने वाले कोर टीम के सदस्यों में नागेश सिंह, अवनीश यादव, रितिक कुमार व अतमम अली रहे।

# ससुरालियों ने दहेज के खातिर नवविवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के छोटी मौली गांव में ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। उसने मोबाइल फोन द्वारा परिजनों को मायके में सूचना दी। जानकारी मिलने पर परिजनों के होश उड़ गए।पीड़िता ने पिता के साथ थाने जाकर ससुरालियों के खिलाफमामले की तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव निवासी शिवनारायण विश्वकर्मा पुत्र रामदीन के अनुसार उसने 1 वर्ष पूर्व अपनी छोटी बहन रेनू का विवाह चरवा क्षेत्र के छोटी मौली गांव निवासी विजयकांत विश्वकर्मा पुत्र कृष्ण चंद्र विश्वकर्मा के साथ किया था। विवाह में उसने अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन कम दहेज मिलने का उलाहना देकर उसको प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एक दिन उन्होंने रेनू की जमकर पिटाई कर दी और घर से निकाल दिया। रेनू रोती बिलखती अपने मायके पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। लोगों के कहने पर शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। पंचायत में विजयकांत ने फिर से पत्नी को स्वीकारते हुए भविष्य में किसी तरह की कोई भी बात न होने का आश्वासन दिया। आरोप है कि शुक्रवार की रात घर ले जाने के बाद ससुरालियों में फिर से रेनू की जमकर पिटाई की और उसे घर से निकाल दिया। रेनू ने मोबाइल फोन से इसकी जानकारी मायके में अपने परिजनों को दी। शनिवार को वहां पहुंचे परिजनों ने रेनू के साथ थाने जाकर ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग कई लोग झुलसे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा/ कनैली, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गुरौली पुलिस चौकी के बेरौचा ग्राम सभा के सोनवारा माजरा में घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से घर में आग लग गई आग लगने से घर के अंदर विकराल रूप ले लिया आस पास के लोग आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया जबतक फायर ब्रिगेड आती तबतक सुरेश पाल,दिलीप कुमार,संदीप कुमार शिमला देवी सिलेंडर फटने से झुलस गए ग्रामीणों द्वारा बड़ी मकस्सत से आग पर काबू पाया फायर ब्रिगेड देर से पहुंची। जब तक घर का समान जल कर राख हो गया।

## वांरटी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि से सम्बन्धित वारंटी आरोपी रामनाथ निवासी पाण्डेमऊ का पुरवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

# बाबा जय गुरुदेव का संदेश के साथ भंडारा व शरबत वितरण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** सरसवां विकास खंड के बरौली ग्राम सभा शनिवार को बाबा जय गुरुदेव महाराज का सत्संग हुआ साथ ही उनके बताए मार्ग का संदेश देकर कर शिरोमणि परम संत बाबा जय गुरुदेव जी के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज जी महाराज ने अपने शिष्यों को आदेश देते हुए लोगों के बीच प्रवचन करने का आदेश इस समय चल रहा है। प्रवक्ता राजेश पाल जी गांव गांव कैंप लगाकर अपने शिष्यों को प्रवचन सुन रहे हैं और सबको शाकाहारी समाज बनने के लिए आदेश दे रहे हैं। जिससे कि समाज और मतभेद की भावना लोगों के बीच से हट जाए यह संदेश पूरे भारत में घूम-घूम कर चलाया जाएगा। बरौली ग्राम सभा की जनता जनार्दन और दूर-दूर से आए क्षेत्र के लोगों ने प्रवचन सुनकर आनंद लिया और महाराज जी के बातों को अमल किया।साथ ही बरौली ग्राम सभा में समाज की तरफसे शरबत और भंडारे का आयोजन भी किया गया लोगों ने खूब भंडारा और शरबत का वितरण किया गया।



# भाजपा प्रत्याशी ने नुक्कड़ सभा कर मांगा जनसमर्थन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा कौशाम्बी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा सिराथू के सायरा, फरीद गंज, कंथुवा, गौसपुर चौराहा, डोरमा, टांडा, भौतर, कनवर अझुवा, में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे। तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। शानिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया। तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के गरीबों को उठाने का काम किया है गरीबों को आवास



शौचालय राशन किसान सम्मन निधि आयुष्मान कार्ड के द्वारा जीवन स्तर सुधारने का काम किया है व्यापारियों के लिए व्यापार बढ़ाने के लिए रेल लाइंस रोड का जाल बिछाया गया युवाओं के लिए अनेक रोजगार की योजनाएं संचालित की जा रहे हैं और जनपद के विकास की बात की जाए तो मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रोडवेज डिपो जिले में बनी सड़के फूल ओवर ब्रिज भी बनाने का काम सरकार ने किया है सरकार की योजनाएं जिन्हें नहीं मिली है मोदी की गारंटी है कि 2024 में बचे हुए लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शीतल पटेल, पिंटू द्विवेदी, सुनील मिश्रा, रिंकू मौर्या, सुरेश मौर्य, योगेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, चांदी सोनकर, दीपचंद पांडा, सप्तमी पांडा, राजीव रैना, आलोक तिवारी, प्रदीप पटेल, इंद्रजीत पटेल, अजय शुक्ला, चक्रधर पांडे सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पट्टीदारों ने बच्चों के विवाद में युवक को पीटकर किया घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के दक्षिण थोक मोहल्ले में शुक्रवार शाम बच्चों के विवाद में पट्टीदारों ने युवक को जमकर पीट दिया। इससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दक्षिण थोक निवासी नीरज कुमार तिवारी ने बताया कि परिवार के बच्चे शुक्रवार शाम खेल रहे थे। इसी दौरान खेल में बच्चों के बीच आपस में मारपीट हो गई। इसी बात को लेकर पट्टीदार गाली गलौज करने लगे। नीरज के विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे नीरज का सिर



फट गया और वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घायल को इलाज के लिए भेज जांच में जुट गई है।

# बढ़ते तापमान व हिट स्ट्रोक से बचाव के लिए स्वास्थकर्मियों ने पोस्टर लगाकर किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं के चलते हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों का कहना कि घर से निकलते समय गर्मी से बचाव के इंतजाम करके निकलें। जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। डॉक्टरों के अनुसार हीट स्ट्रोक गर्मी से होने वाली सबसे गंभीर बीमारी है। यह तब होता है जब शरीर तापमान को नियंत्रित नहीं कर पाता है। शरीर का तापमान तेजी से बढ़ने पर हीट स्ट्रोक होता है। इस समय लू के थपेड़े और गर्मी में तेज तपिश बढ़ रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने इस मौसम में कम से कम बाहर निकलने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि तेज धूप में निकलने से पहले खुद को तैयार कर लें। पानी का सेवन करने के साथ धूप से बचने के लिए छाता लेकर चलें। थोड़ी-थोड़ी देर पर पानी पीते रहें। खाना कम खाएं और तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें। शीतल पेय पदार्थों से खुद को ठंडा रखने का प्रयास करें। खुले में रखे कटे फल बिल्कुल न खाएं, इससे पेट के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। वही शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डा औचित्य सिंह के निर्देश पर स्वास्थ कर्मियो ने हीट स्ट्रोक व गर्मी से बचाव के लिए सी एच सी सिराथू से प्राप्त पोस्टर व बैनर को सार्वजनिक स्थानों जैसे सस्ते गल्ले की दुकान, समुदाय में चस्पा कर लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान सी एच सी सिराथू के अधीक्षक डा औचित्य सिंह ने बताया की गर्मी और गर्म हवाओं के चलते हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इससे सावधानी बरतने की जरूरत है। लोगों को इस समय अपनी डाइट पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है।

# दबंग भाइयों ने पुरानी रंजिश में दूधिये को पीटकर किया मरणासन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के अकबरपुर धर्मकांटा के समीप शुक्रवार की शाम दबंग भाइयों ने पुरानी रंजिश में साथियों संग दूधिए को लाठी डंडे से पीटकर मरणासन्न कर दिया। चीख पुकार सुनकर राहगीरो के ललकारने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल दूधिए ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद घटना की छानबीन में जुट गई है। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी नरेश कुमार पुत्र शंकरलाल आजकल सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के जरैनी गांव में रहकर दूध बेचने का काम करता है।उसने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह बाइक से दूध बेचने के लिए प्रयागराज गया था। वहां वह दूध बटाई कर शाम को घर लौट रहा था। इसी बीच पीपल गांव से पीछा कर हमलावारों ने अकबरपुर धर्मकांटा के समीप ओवरटेक कर नरेश को रोक लिया। आरोप है कि सुनसान सड़क पर गाली गलौज कर उन्होंने लाठी डंडे से उसकी पिटाई शुरु कर दी। इससे वह मरणासन्न हो गया। चीख पुकार सुन राहगीरो के ललकारने पर हमलावर घायल को छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल से तहरीर लेने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

# सम्पादकीय

## जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत-कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है।इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है-एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति-परिसंपत्ति पर 'पंजा' मारने की लुटेरी नीयत मान रहे हैं।उसका 'लूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी' जारी रहने वाला है यानी माता-पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके बाद वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन-संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग-बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही।पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर 'ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले' और 'घुसपैठिए' को दे देगी-महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय-असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन ने लोगों को डराना शुरू कर दिया।तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि 'मोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगा।' लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है।अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।




**मेष राशि:** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

**वृष राशि:** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा।

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगाएं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं। आज आपके जीवनसाथी को सफलता मिल सकती है। अपनी आय और व्यय में संतुलन बना कर चलें। दान धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ कोई निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा। आज आपको यदि कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़े, तो बहुत ही सोच विचार कर लें। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी इच्छा बढ़ेगी, आज आप सत्संग करवा सकते हैं, घर में उत्सव का माहौल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखें। जिससे उनका आपके प्रति प्रेम बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

**धनु राशि:** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है, इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें। राजनीतिक से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। आज आप किसी काम को छोटा या बड़ा सोचकर ना करें। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन राशि:** आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

# गांधी परिवार की बेवफाई का शिकार तो नहीं हो गये किशोरी लाल शर्मा

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

पूरे देश के साथ-साथ कांग्रेस का गांधी परिवार उत्तर प्रदेश में भी अपनी साख खोता जा रहा है। एक तरफ गांधी परिवार के सदस्य चुनाव लड़ने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं तो दूसरी तरफ गांधी परिवार अपने वफादारों के साथ बेवफाई करता जा रहा है,जिसके चलते उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए यह लोकसभा चुनाव आखिरी उम्मीद बन गया है। 1984 के लोस चुनाव में उत्तर प्रदेश(उत्तराखंड के गठन से पूर्व) में 85 में 83 सीटें जीतकर सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस 40 वर्षों के अंदर 2019 के चुनाव में रायबरेली की एक सीट पर सिमट कर रह गई थी। 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की मिली बड़ी जीत के पीछे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या बड़ी वजह बनी थी, लोगों ने इंदिरा लहर के नाम पर कांग्रेस 51.03 प्रतिशत वोट दिए थे। इसके बाद भाजपा, सपा और बसपा ने अपना-अपना जनाधार बढ़ाया और 2009 के लोस चुनाव में कांग्रेस 21 सीटों पर सिमट गई। इसके बाद 2014 में उसे मात्र दो सीटें और 2019 में तो एक ही सीट पर जीत हासिल हो पाई थी।स्थिति यह है कि अबकी से तो यूपी में चुनाव ही मात्र 17 सीटों पर लड़ रही है।

खैर,कांग्रेस की यह दुर्दशा पहली बार नहीं हुई है। 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए आम चुनाव के साथ-साथ 1998 में भी कांग्रेस एक भी सीट पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। इसके बाद कांग्रेस का मुस्लिम और दलित वोट कांग्रेस का साथ छोड़कर सपा-बसपा के साथ चला गया। बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस के वंचित समाज के वोट बैंक पर अपना कब्जा कर लिया। 2014 व 2019 के चुनाव में भाजपा ने 71 व 62 सीटों पर जीत दर्ज कर उत्तर प्रदेश से कांग्रेस का पत्ता साफ कर दिया था।

इस बार कांग्रेस गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है,जिसमें से रायबरेली से कांग्रेस को सबसे अधिक उम्मीद है। राहुल गांधी ने यहां से नामांकन करके कांग्रेसियों में उत्साह का संचार कर दिया है। 2019 में राहुल अमेठी से बीजेपी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी से चुनाव हार गये थे। उम्मीद यही थी कि राहुल फिर से अमेठी में अपनी खोई हुई ताकत हासिल करने की कोशिश करेंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। मोदी के शब्दों में राहुल डर कर भाग गये। 2019 में अमेठी से हार के बाद इस बार अगर राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव हार जाते हैं तो उत्तर प्रदेश की राजनीति से गांधी परिवार का बोरिया-बिस्तर सिमट जाएगा। राहुल गांधी की जीत इसलिये पक्की नहीं है क्योंकि यहां से बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जिसके बाद इस सीट पर लड़ाई तेज हो गई है. दिनेश सिंह ने अपनी जीत का दावा किया. दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि रायबरेली में बीजेपी के लिए कोई चुनौती नहीं है. देश की जनता जानती है कि पीएम मोदी के हाथ में देश सुरक्षित हैं. गांव और गली तक पीएम मोदी की सेवाएं पहुंची हैं. उन्होंने कहा कि जितने वोट से सोनिया गांधी अथवा राहुल गांधी की अम्मा ने हमें हराया है उससे अधिक वोटों के अंतर से इस बार हम राहुल गांधी को हराकर भेजेंगे. भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत के नारे को बुलंद करने के लिए उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के सफाए की पूरी रणनीति तैयार कर ली है। उन्होंने कहा, मैं किसी कोने से इन्हें गांधी नहीं मानता है. ये नकली गांधी हैं. असली गांधी को देश महात्मा गांधी कहता है, उन्हें राष्ट्रपिता कहता है. इन नकली गांधी को जो अपने दादा को दादा कहने से इनकार कर दे वो गांधी नहीं हो सकता, वो भारतीय नहीं हो सकता है.

रायबरेली से बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप की बातों में दम लगता है। एक तरफ जहां भाजपा ने 1.6 लाख बूथों पर मजबूत प्रबंधन किया है तो दूसरी तरफ कांग्रेस केवल 70 हजार बूथों पर ही प्रभारियों की तैनाती कर सकी है। इस बार बसपा ने भी अपना प्रत्याशी रायबरेली से उतारा है। इसलिए कांग्रेस की राह इतनी आसान होने वाली नहीं हैं। यह अलग बात है कि राहुल के चुनावी मैदान में उतरने से रायबरेली व अमेठी सहित कुछ अन्य सीटों पर भी गठबंधन के चुनाव प्रचार को धार मिलेगी।

बात गांधी परिवार की परम्परागत सीटों रायबरेली और अमेठी की कि जाये तो यहां राहुल गांधी परिवार की सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहे हैं। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है क्योंकि हार की डर से राहुल गांधी ने अमेठी से पलायन कर लिया है,जो ऐसे किसी नेता को शोभा नहीं देता है जो स्वयं पार्टी को लीड कर रहा हो। भले ही जयराम रमेश जैसे माउथ पीस कुछ भी कहते रहें। उम्मीद की जा रही थी कि रायबरेली से प्रियंका गांधी को पहला चुनाव लड़ाया जाएगा और राहुल अमेठी से ही चुनावी मैदान में उतरेंगे,लेकिन सियासी मंच पर बड़े-बड़े दावे और मोदी को कोसने वाली प्रियंका हार की डर से मैदान में नहीं उतरी,क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि राजनीति में उनकी 'बोनी' ही खोटी हो जाये। सोनिया गांधी ने भी प्रियंका को मनाने के प्रयास किए, लेकिन प्रियंका नहीं मानी। उम्मीद यह है कि यदि राहुल जो वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं अगर दोनों सीटों पर जीतते हैं तो वायनाड की सीट प्रियंका के लिए छोड़ देंगे,परंतु यहां प्रियंका जीत ही जायेंगी। यह दावे से नहीं कहा जा सकता है क्योंकि वॉयनाड के मतदाता अभी से राहुल गांधी पर हमलावर हो गये हैं। वह सवाल खड़ा कर रहे हैं कि राहुल गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने वाली बात वॉयनाड से छिपाकर धोखा किया है।केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सीपीआई उम्मीदवार ऐनी राजा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि राहुल को दो सीट से लड़ने का अधिकार है, लेकिन ये वायनाड की जनता के साथ अन्याय है। मुझे वायनाड में जीत का भरोसा है।

उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस बताए कि अगर दोनों जगह जीते तो राहुल कौन सी सीट छोड़ेंगे? खैर,रायबरेली से राहुल गांधी के ताल ठोंकने की एक वजह और बताई जा रही है कि राहुल वायनाड से जीत को लेकर ज्यादा आश्वस्त नहीं है। अमेठी से 2019 का चुनाव हार चुके हैं, इस बार भी स्मृति ईरानी से उन्हें कड़ी टक्कर मिलती। इसलिए पार्टी एक तीर से दो निशाने साधे हैं।

गांधी परिवार ने अपनी सीट तो बचा ली,लेकिनवर्षो पुराने अपने एक वफादार को अमेठी के चुनावी मैदान में उतर कर उन्हें बुरी तरह से फंसा दिया। लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि किशोरी लाल शर्मा को 40 वर्षों की गांधी परिवार की सेवा का यही पुरस्कार दिया जा सकता था। मूल रूप से पंजाब के लुधियाना निवासी शर्मा को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1983 में पहली बार अपने प्रतिनिधि के रूप में अमेठी लेकर आए थे। इसके बाद से वह अमेठी और रायबरेली में गांधी परिवार के दूत के रूप में सक्रिय रहे हैं,लेकिन उनका ज्यादा समय रायबरेली में ही बीतता था। यहां उनकी हर घर में पहचान थी। किशोरी लाल को यदि गांधी परिवार उनकी सेवा का सचमुच ईमान देना चाहती तो उन्हें अमेठी नहीं रायबरेली से प्रत्याशी बनाती जहां से उनकी जीत की ज्यादा उम्मीद रहती। स्मृति ईरानी को शर्मा कितनी मजबूत चुनौती दे पाएंगे यह आने वाले कुछ दिनों में स्पष्ट होगा।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि गांधी परिवार की बेवफाई का शिकार तो नहीं हो गये हैं अमेठी के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा। इसकी पहली झलक तब देखने को मिली जब शर्मा के नामांकन के समय गांधी परिवार का कोई सदस्य उनके साथ नहीं खड़ा दिखा।इतना ही नहीं अन्य बड़ें कांग्रेसी चेहरे भी किशारी लाल शर्मा के नामांकन के समय नदारत थे,जबकि गांधी परिवार चाहता तो ऐसा नहीं होता।

# विश्व नेता की साख पर आघात हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे

**मनोज कुमार अग्रवाल**

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। रेवन्ना के खिलाफ लुकाउट नोटिस जारी किया गया है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है। बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्ट्या यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है? गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर हों, गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हो साक्षी महाराज हो या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद रेवन्ना हों, सब पर एक ही जैसे अत्यंत गंभीर आरोप लगे। पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने बिजनेस पार्टनर को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है।उनके इस बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक... सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे। कुकर्म दबंगई करने वाला नेता संदेश खाली का शेख शाहजहां हो या कर्नाटक का पूर्व पीएम का पोता प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे सभी दुराचारियो को एक ही इंसाफ के तराजू पर तोल कर कड़ी सजा देना चाहिए। वहीं भाजपा जैसे कैडर बेस दलों के नेतृत्व को विशेष रूप से ऐसे दुराचारियो और उनके दलों के साथ गठबंधन करने से पहले पूरी तसल्ली बख्श जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं कोई कालिख से सना दुरात्मा चरित्र उनके कथित चरित्रवान दल को अपनी कालिमा से दूषित न कर देवे। प्रज्वल रेवन्ना की करतूत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी गहरा धक्का लगा है कि एक संसद का माननीय सदस्य कैंचुली उतरने पर इतना वीभत्स दुराचारी कुकर्म शैतान बतौर सामने आ सकता है यह हैरानी के साथ साथ विश्वगुरु का सपना संजोने वाले दुनिया में मोदी मोदी के डंके से आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री के लिए भी गहरा आघात भरा धक्का है कि आखिर प्रज्वल रेवन्ना तक्षक बनकर मोदी के इंद्र सिंहासन तक कैसे पहुँचा?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## प्रीत की अनजानी..

प्रीत की अनजानी
मधुर रागिनी में
चरण थामे नहीं थमते
दिल की तन्त्री पर जब
थिरकती है भावनाएं।
अवरोह से लेकर आरोह तक
विषम से लेकर सम तक
सरस प्यार के ज्वर में
तप्त तन उद्वेलित मन
अरु रतनार हैं नयन।
जगत के बंधनों से मुक्त उद्दाम
उश्रृंखल लहरों सा आलोड़ित
उन्माद में संयम की सीमा लांघता
बैरागी मन नीरवता के महानाद को।
मंद मंद बहते मलयानिल
ने जैसे झकझोर दिया हो
शबनम से अलंकृत
नाजुक से दुर्वांकुर को।
मेरा मन लगा मनाने
मानिनी को तन के स्नेहिल
स्पर्शो से जैसे लिख रहा
प्रेम का महाकाव्य।
चांदनी रात में उनके
नयनों में देखी जब
अपनी छाया अधरामृत
चख तब ही प्रेम गीत गाया।
नव कोंपल फूटी
नव जीवन सरसाया
एक नई कहानी
नई रवानी को पा
मन मेरा हर्षाया।
हृदय कमल ने मिलकर
तब एक नव गीत सुनाया
जग ने जाना दो ने मिल
राव एक जन्म को पाया।

**राव शिवराज पाल सिंह**
**जयपुर/इनायती**



## ये कैसा है बंधन

तुम सबसे न्यारे, तुम ही मेरे प्यारे, तेरे सहारे
कैसा है ये बंधन, प्यारे दशरथ नंदन, तुमको निहारे
ये मन जब भरमाया,धोखा मैंने पाया,झूठा सहारा
जानी झूठी माया, झूठी है ये काया, छोड़ा किनारा
अब मुझे शरण ले लो,अब मत मुझसे खेलो,तेरे सहारे
कैसा है ये बंधन,प्यारे दशरथ नंदन,तूमको निहारे
सारे रिश्ते नाते, धन पर ढोये जाते, कैसा किनारा
जोडूँ तुमसे नाता, उर सुख तुझमें पाता, मन ये तुम्हारा
सुनो मेरी प्रार्थना, करूँमैंआराधना,हिय अब पुकारे
कैसा है ये बंधन, प्यारे दशरथ नंदन,तुमको निहारे
करती मैं अभिनंदन, पग रज तेरे चंदन, मस्तक लगाऊँ।
मिलना अंतिम क्षण में, तुम ही हो कण -कण में,सहृदय जगाऊँ।
सुन लूँ अनहद नाद, कानों बजते वाद, अब है तिहारे।
कैसा है ये बंधन,प्यारे दशरथ नंदन,तुमको निहारे।।



**कल्पना भदौरिया स्वप्निल**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**

## गीत

आग उगलती इस गर्मी में, जैसे रक्खा छत पर पानी।
दाना चुगने-प्यास बुझाने,दौड़ी आई चिड़िया रानी।।
फुदक-फुदक कर नहा रही है, अपनी ख़ुशियाँ जता रही है।
देती है आशीष सभी को, चीं-चीं करके बता रही है।।
पानी पीकर मस्ती करती,देखो तो इसकी मनमानी।
जैसे-जैसे पारा चढ़ता , जल स्त्रोतों का पानी घटता।
सूखे जाते ताल-तलैया, हर कोई बादल ही तकता।।
जब तक मेघ न बरसे नभ से , बने रहो तुम जल के दानी।
छोटे-छोटे इन कामों में , समय नहीं ज़्यादालगता है।
लेकिन ख़ुशी बहुत मिलती है, प्रेम भाव मन में जगता है।।
अपने जैसे सबको समझो, मानवता की यही निशानी।
भोजन सदा बाँटकर खाओ, जीवन का है मंत्र पुराना।
दर्द बाँटना हर प्राणी का, जिससे जीवन बने सुहाना।।
दान-पुण्य करने में नीलम , कभी न करना आनाकानी।
आग उगलती इस गर्मी में, जैसे रक्खा छत पर पानी।
दाना चुगने-प्यास बुझाने,दौड़ी आई चिड़िया रानी।।



**डा० नीलिमा मिश्रा**
**प्रयागराज**

## क्या हुआ होगा


सोचती हूं क्या हुआ होगा,
जहर पीने से पहले मीरा ने क्या विचार होगा,
विश्वास का पलड़ा उसके भारी हुआ होगा।
बाजा बांसुरी किसी ने हिम्मत दिया होगा,
तभी तो मीरा ने वह जहर पिया होगा।
द्रुपद सुता ने चीर हरण पर क्या विचार होगा,
देख पांच पतियों को अश्रु भरा चेहरा होगा।
बलवान पतियों ने उसे सहारा ना दिया होगा,
तब उसने माधव माधव पुकारा होगा।
किन भावो से मन भरा होगा,
नरसी भगत भात ले जा रहा होगा,
कैसे इंतजाम सब सामान का हुआ होगा,
हुई होगी सांवरे से बात कृष्णा कृष्णा उच्चारा होगा।
प्रहलाद जब लड़कियों में चिना होगा,
उसने मन ही मन क्या विचार होगा।
श्याम सुंदर याद आ रहे होंगे
तभी चुनर प्रहलाद सर होगा।

**मधु अरोरा**
**दिल्ली**



## मन की फुलवारी

निस्सीम शक्ति को देखूँ मन की फुलवारी में,
निज की छाया को देखूँ मन की फुलवारी में,
माधुरी,शुचिता,प्रभा,लावण्य सब कुछ यहाँ,
मन की कल्पना से असंख्य फूल झरते यहाँ।
रमणी सी प्रकृति मिले मन की फुलवारी में,
कच्ची धूप सदृश प्रेम खिले सुमन क्यारी में,
फुलवारी के ऊपर शुभ्रता स्वच्छता अंबर की,
नीचे दिखे अगम अथाह गंभीरता सागर की।
फुलवारी के पतझड़ से भी उर करेगा प्यार,
फुलवारी की क्यारियों में बहे शांति की धार,
मेरे मन की फुलवारी में नहीं होगा भेदभाव,
फुलवारी में न मिलेगा किसी को कोई घाव।
इंद्रधनुष के रंग बिखरेंगे फूलों की डाली पर,
दुल्हन वसन में कोकिला गाए मतवाली होकर,
अनगिनत खुशबू से महकेगी मन की फुलवारी,
पर फैला उड़ेगी खुशियों की तितलियाँ सारी।



**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

## मैं मुसाफिर

ओ बंजारे मुझे भूल जा ,बात मेरी मान
मैं चन्द दिनों का हूँ मेहमान,इतना जान
आत्मा बन गई नदी किनारे का मेहमान
अब मुझको रहना पड़ेगा,शहर शमशान
निकाल देना दिलों से,मेरी मोहब्बत को
शायद जुदाई ही पसंद हुआ,कुदरत को
चल रही है श्वांस मेरी,जब तक रब चाहें
मैं चोट खाई हूँ दिलों पर, और क्या कहें
हाँ मैं मानती हूँ ,तेरे लिए तरसती है नैन
क्या शिकायत करूँ,तूने छीना मेरा चैन
भूल जाओ बंजारे,बस इसी में भलाई है
वरना कहना नहीं,देवन्ती दिल दुखाई है
बिखरी फूलों की तरह,मैं धरा में पड़ी हूँ
तुम भंवरा बनके उड़े हो,मैं वहीं खड़ी हूँ
बसंत जैसे बहार बनकर,आए और गए
चिलमिलाती जेठ की दुपहरी हमें दे गए
थक गई हूँ तेरे संग,अंखियों की खेल में
जाते-जाते बांधे हो ,असुवन की जेल में
अब बनने बाला है हमारा,शमशान में घर
जग में अब,चन्द दिनों का मैं मुसाफिर।

**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**



# मेडिकल करवाने आए चुनाव ड्यूटी वालों से पटी रही ओपीडी

## भीड़ में फंसी टीचर रो पड़ी, गार्ड की मदद से बाहर निकली
## ओपीडी में बराबर नहीं रहते सुरक्षा कर्मी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों में जिनका मेडिकल होना है उनकी भीड़ से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की ओपीडी चरमरा गई। भीड़ में फंसी एक महिला टीचर निकल नहीं पाई और रोने लगी। उसको गार्ड की मदद से बाहर किया गया।

चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों में जो बीमार हैं। उन्होंने अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया हैं। इन कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होने को कहा गया है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में दिखाने आए कर्मचारियों और रोज मर्रा की भीड़ ऊपर से इमरजेंसी के मरीजों की भीड़ से ओपीडी खचाखच हो गई। ओपीडी कक्ष के सामने इतनी लंबी लाइन लग गई थी कि पूछिए मत। उसी बीच में एक महिला टीचर अपनी जांच रिपोर्ट दिखाने डाक्टर के सामने खड़ी हुई। जब वापस जाने को हुई तो भीड़ ने उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नही दिया। बाहर खड़े मरीज डाक्टर तक पहुंचने के लिए धक्का मुक्की करने लगे। भीड़ में फंस कर महिला रोने लगी। स्टाफ ने गार्ड को बुलाया। तब जाकर भीड़ किनारे हुई। तब जाकर महिला बाहर आ पाई। खास बात ये देखने को मिली। इतनी भीड़ के बावजूद सुरक्षा गार्ड नजर नहीं आए। जिससे भीड़ नियंत्रित नहीं हो पाई। डाक्टरों का कहना है कि एक्स सर्विश मैन के अपने मरीज दिखाने होते हैं तभी वह ओपीडी में नजर आते हैं। बाकी वे कहां ड्यूटी करते हैं पता नहीं। इस बारे में सीएमएस सौभाग्य प्रकाश का कहना है कि भीड़ अधिक थी। गार्ड को नियंत्रित करना चाहिए। वो किस लिए रखे गए हैं।

## मरीज लेकर आई आशा का हंगामा, सुरक्षा गार्ड से भिड़ी
### सीएमएस ने लगाई फटकार, अनुशासित होकर काम करने की दी सीख




**प्रतापगढ़।** जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में बिना लाइन के मरीज को जबरन दिखाने से मना करने पर आशा सुरक्षा कर्मी से भिड़ गई। जिससे हंगामा खड़ा हो गया। शिकायत मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने आशा को फटकार लगाई और अनुशासित तरीके के काम करने का निर्देश दिया। सीएमएस की बात का आशा की सेहत पर कोई असर नहीं हुआ। कक्ष से निकलने के बाद भी वह गार्ड से उलझती नजर आई। शनिवार को दोपहर में सीएमएस को सूचना मिली कि कोई आशा ओपीडी में हंगामा कर रही है। उन्होंने स्टाफको भेजा। कुछ देर बाद सुरक्षा गार्ड और आशा दोनो सीएमएस के सामने पहुंचे। गार्ड ने आरोप लगाया कि ओपीडी चल रही थी। अचानक से यह आशा मरीज को जबरदस्ती लेकर डाक्टर के कक्ष में जाने लगी। उसने रोका दिया और लाइन से आने को कहा। जिस पर आशा पर झगड़ा करने लगी।

आशा का आरोप था कि उसका मरीज गंभीर था। गार्ड कई मरीज पहले से दिखा चुके थे। उसको रोक दिए। सीएमएस डॉ रीना प्रसाद ने आशा को डांटा।

उन्होंने बताया कि यह आशा आए दिन विवाद को लेकर सुर्खियों में रहती है। नीचे आने के बाद भी आशा चुप नही थी। वह गार्ड से बार बार उलझ रही थी। बता दें कि कई आशाएं दलाली में लिप्त हैं। वो अपने इलाके में नहीं जाती हैं। दिन रात अस्पताल के चक्कर काटती हैं। कई तो अस्पताल में ही रहती हैं। मरीजों को बहला फुसलाकर प्राइवेट ले जाते हैं।

## अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेन्स जमा कराए जाने को लेकर जतायी नाराजगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव में जिले के अधिवक्ताओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्राण्ड एम्बेस्डर बनाये जाने को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन ने शनिवार को डीएम को पत्रक सौंपा है। वहीं एसोशिएसन ने चुनाव की आड़ में अधिवक्ताओं के लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के दबाव को लेकर नाराजगी भी जतायी है। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम संजीव रंजन को लिखे पत्र में कहा है कि संसदीय चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाये जाने के लिए जिले भर के अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं को मतदान केन्द्रों के लिए ब्राण्ड एम्बेस्डर बनाए जाने की सकारात्मक पहल की जाय। वही उन्होने डीएम के साथ एसपी सतपाल अंतिल से भी मुलाकात कर उन्हें सौपे गये पत्र में कहा है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए थाना स्तर पर



उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये जाने की कार्रवाई को अविलम्ब रोका जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस जमा कराए जाने के दबाव के बीच यदि चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं की सुरक्षा प्रभावित हुई तो इसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। उन्होनें कहा है कि एक तरफ अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर अधिवक्ता लोकतांत्रिक आवाज उठा रहे हैं दूसरी तरफ निर्वाचन की आड़ में अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस जमा कराये जाने के पुलिसिया अभियान से जिले भर में अधिवक्ताओं में क्षोभ व आक्रोश का माहौल बना हुआ

# भरत जी भगवान श्रीराम जी से गले मिले, बही अश्रुधारा

### राम भक्त ले चला रे राम की ...

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुंदरपुर।** मानव कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नववदिवसीय श्री राम कथा दिव्य धाम रामपुर भेडियानी मे चल रही है जिसमे डा श्याम सुंदर पाराशर जी के शिष्य संजय कृष्ण जी महाराज ने बताया कि परभु श्री राम ने किस प्रकार से केवट को धन्य किया और महर्षि वाल्मीक आश्रम पहुँच कर दर्शन किया और ठहरने के लिऐ उचित स्थान पूछा तब महर्षि ने उनहे चित्रकूट मे निवास करने को कहा यहाँ प्रभु चित्रकूट पहुँचते हैं और वहा पर सभी वनवासियो ने मिलकर सुन्दर पण□ कुटी का निर्माण किया और प्रभु वही पर निवास करने लगे उधर सुमंत जी जब खाली वापस देखा तो राम राम का चीत्कार करते हुए राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिया भरत शत्रुघ्न ननिहाल से सूचना पाकर वापस आते हैं

अयोध्या की ऐसी दुर्दशा पिता की मृत्यु भैया राम को वन जानकर बहुत दुखी होते हैं और पितृ कि□या से निवृत्त होकर भैया राम को वापस लाने के लिए तैयार होते हैं तब



साथ मे सारी माताऐ गुरु जी समेत सभी लोग साथ राम को मनाने निकल पडे भरत भैया ने कहा कि भैया राम पैदल गये हैं इसलिए मै रथ पर नहीं बैठूगा माताओ के समझाने पर रथ पर बैठे हैं और शृंगवेर पुर पहुँच कर केवट से मिलते है और केवट जी के साथ प्रयाग राज पहुँच कर उनसे प्रभु श्री राम की भक्ति का वरदान मागते हैं और चित्रकूट के लिए चल देते हैं वहा पर प्रभु श्री राम ने बनदेबी को बुलाकर कहते हैं कि सारे रास्ते को साफ कर दो क्यो कि मेरा भरत आ रहा है उसे काँटे न लगे भैया भरत अब चित्रकूट पहुँच गए हैं केवट ने कामदगिरि पर्वत दिखाकर बताते हैं कि हम अब चित्रकूट पहुँच चुके है उधर भैया लछमण जी जानते हैं कि सेना समेत भरत चित्रकूट पहुँच गए हैं तब उन्हे भ्रम हो जाता और वे क्रोध मे आ जाते हैं जिस राम जी समझाते हैं और भैया भरत आते हैं और दंडवत प्रणाम करते हुए त्राहि माम करते हैं और भैया राम दौड़कर गले लगा लेते हैं भरत गुरू वशिष्ठ जी राजा जनक और माताऐ सबने बहुत समझाया लेकिन बाद मे सबके हित मे प्रभु श्री राम की आज्ञा मानकर और उनकी पादुका सर पर रखकर और अयोध्या लौटे और राज गददी पर पादुका बिठाकर राजकाज करने लगे कथा मे मुख्य रूप से देव कुमार त्रिपाठी राकेश त्रिपाठी रामलखन मिश्र शिवनारायण पांडेय शिवपबन दुबे कमला प्रसाद दुबे ओम प्रसाद मिश्र कृष्ण देव शुक्ल बृजेश त्रिपाठी शिव प्रसाद विश्वकमा□ राजेश मिश्र साहब शुक्ल रामबदन तिवारी आदि तमाम राम भक्त रहे सभी का आभार संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय किया

# भाराप महासंघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आयोजित

### सात साहित्यकारो एवं महासंघ के इक्यावन पत्रकारों का हुआ सारस्वत सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** देश के पत्रकारों साहित्यकारों के मान सम्मान को संरक्षित करने के लिये सदैव तत्पर रहने वाले सबसे बड़े संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तरप्रदेश इकाई का विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 3 मई को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात पाठ्यक्रम पुस्तक लेखक डॉ सर्वेश कान्त वर्मा सरल रहे। विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया , संरक्षक प्रोफेसर अवधेश अग्निहोत्री , डॉ सुभाष चन्द्रा ( कानपुर ) , विजय बेशर्म ( गाडरवारा ) , रामचन्द्र राय ( आजमगढ़ ) रहे।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक, संचालक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा, प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह, प्रांतीय संरक्षक राम चंद्र राय, सतीश चन्द्र मिश्र मधुर , प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला




प्रसाद सिंह पटेल , प्रान्तीय सचिव सुमन कुमार पाण्डेय के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

इस अवसर पर देश के सात मूर्धन्य साहित्यकारों को साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी परियांवां द्वारा मानद सम्मानोपाधि विद्या वाचस्पति के सारस्वत सम्मान में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपी यादव बलिया ध् प्रयागराज ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ् मुनेश्वर मिश्र ने बीपी यादव कों सम्मानित किया। सारस्वत सम्मान से सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में श्रीमती जया सिंह (सुलतानपुर) , श्रीमती वंदना सोनी श् विनम्र श् (जबलपुर ), जया मोहन (प्रयागराज ),राज बहादुर राना (सुलतानपुर ), सतीश बब्बा (चित्रकूट ), योगेंद्र कुमार मिश्र श् विश्वबंधु श् (प्रयागराज ), मालती नीलाक्षी (उन्नाव ) शामिल रहे। वहीं इस अवसर पर काव्य शतक (काव्य संग्रह ) डॉ जया मोहन, वागीश वाणी (दोहा संग्रह ) डॉ राम लखन चौरसिया वागीश, प्रगति के दीप (साझा काव्य संग्रह ) साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज, का लोकार्पण, विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। आगामी 15 जुलाई से रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का निर्णय करतल ध्वनि से लिया गया द्य आयोजन स्थल पर लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही । महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन , देश दर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रदीप सिंह , कार्य कारिणी सदस्य कुलदीप शुक्ल , छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र द्विवेदी , प्रयागराज मण्डल संरक्षक अब्दुल हाशिम , मण्डल सचिव अशोक कुमार तिवारी , जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी , मुख्य महासचिव राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव कुंवर तौकीर अहमद खान , लाल चंद्र प्रजापति , महासचिव कमलेश सिंह , सुधीर सिन्हा , कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता , महानगर अध्यक्ष विकास केलकर सहित मिर्जापुर जिलाध्यक्ष सतीश सिंह छविलाल पाल अम्बेडकर नगर , ललिता अग्रवाल , मयंक कुमार , अशोक निषाद , देवेश चौबे , अखिलेश यादव , केशव प्रकाश सक्सेना, अनिल बहोरिकपुरी, ललित मोहन, रामभरोस मिश्र , जफर सिद्दीकी , आनंद वैश्य , अनिल धुरिया , सौरभ आदि सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन सुमधुर स्वल्पाहार के साथ सम्पन्न किया गया।

## अपहरण के अभियोग से संबंधित 4 अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण के अभियोग से सम्बन्धित 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अपहृता को बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 योगेन्द्र सिंह मय हमराह म0का0 शोभा यादव द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, इलेक्टॉनिक मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर सर्विलांस टीम की मदद से थाना आसपुर देवसरा के मु0अ0सं0109,202 धारा 363 भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त शारुख राइन पुत्र मो0 अजीज राइन निवासी उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कोस्टल मोती दमन, जनपद सूरत, राज्य गुजरात से गिरफ्तार किया गया । अपहृता को म0का0 शोभा यादव के द्वारा सकुशल बरामद किया गया । बरामदगी के संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 366,120बी भादवि की बढ़ोत्तरी की गई ।

मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0109,202 धारा 363, 366,120बी भादवि से संबंधित अन्य 03 तीन अभियुक्तों 1. सद्दाम पुत्र तहावर उर्फ कल्लू निवासी कस्बा व थाना मछलीशहर, जनपद जौनपुर 2-आजाद अली पुत्र अमीन अली निवासी करौदहाँ थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ 3 - शन्ने पुत्र लाल मोहम्मद उर्फ लल्लू कुडा निवासी उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के तेलियानी नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरसिंह मिश्र का निधन

### जन प्रतिनिधियों एवं कांग्रेसियों ने जताया शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं डीसीडीएफके पूर्व चेयरमैन नरसिंह प्रकाश मिश्र का आज इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर जन प्रतिनिधियों एवं कांग्रेसियों ने शोक जताया है।बतादें कि गांव औवार, पिरथीगंज निवासी नरसिंह प्रकाश मिश्र पुराने कांग्रेसी नेता रहे, स्व0प्रभाकर नाथ द्विवेदी के खास लोगों में उनकी गिनती होती थी। जमीनी कार्यकर्ता होने के चलते कांग्रेस में कई पदों पर रहे, अपने व्यक्तिगत प्रयास से वह डीसीडीएफ के चेयरमैन बने। बाद में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं रत्ना सिंह के प्रयास के चलते उन्हें कांग्रेस का जिला अध्यक्ष



बनाया गया। संगठन के लिये उन्होंने अपने स्तर पर बहुत प्रयास किया। पिछले कई महीनों से वह बीमार चल रहे थे, आज शाम चार बजे उनका उपचार के दौरान निधन हो गया। स्व0 मिश्र के निधन पर कांग्रेस के राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद एवं एलएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधायक विनोद सरोज,पूर्व विधायक धीरज ओझा,डा0 लालजी त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष डा0नीरज त्रिपाठी,जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष राम अचल वर्मा, विवेक त्रिपाठी पूर्व प्रमुख, जूबाए अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ल,रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, पूर्व महामंत्री जूबाए जेपी मिश्र,विनय सिंह, इरफान अली,मकरन्द शुक्ला, वेदान्त तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी,करूणा शंकर मिश्र,राजेश मिश्र,डा0वीके सिंह आदि ने शोक जताया है।

## घर में हुई चोरी को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर गांव निवासी राहुल उपाध्याय पुत्र छोटे लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मई की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर में घुस आये। आलमारी का ताला तोडकर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ले गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र की घटना का राजफाश किया जाएगा।

## मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान



**पटटी,प्रतापगढ़।** सेवाश्रम इंटर कॉलेज ढिंढूई में टॉप 10 की सूची में स्थान बनाए हुए इंटरमीडिएट व हाई स्कूल के बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मिष्ठान खिलाकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए प्रबंधक श्री दामोदर प्रसाद पांडेय ,अध्यक्ष श्री चेतनारायण शुक्ला जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार सिंह जी ,इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री यादवेंद्र पांडे जी संस्था के संचालक श्री अरविंद कुमार पांडे जी, अधिवक्ता, संस्था के वरिष्ठ लिपिक श्री जयप्रकाश श्रीवास्तव जी व बृजेंद्र सिंह जी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री राजेश मिश्रा जी वह रविंद्र कुमार सरोज जी तथा पी टी मास्टर श्री अतुल गिरी जी जिला पंचायत सदस्य श्री पूनम इंसान व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक व कर्मचारी गणों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल पर अपने मताधिकार का प्रयोग करें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि मतदान कार्य में लगे कार्मिकों या ऐसे वाहन चालक जिनसे सम्बद्ध वाहन का अधिग्रहण निर्वाचन कार्य के लिये किया गया है द्वारा डाक मतपत्र हेतु प्रेषित किये गये प्रारूप-12 के विषय में ऐसे मतदाता जो जनपद प्रतापगढ़ के 50-कौशाम्बी (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (245-बाबागंज (अ0जा0) एवं 246-कुण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं) 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात है तथा उनकी ड्यूटी जनपद प्रतापगढ़ के 50-कौशाम्बी हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 20 मई 2024 एवं 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान हेतु निर्धारित तिथि 25 मई 2024 को किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन कार्यो में लगी है तथा उनका नाम जनपद प्रतापगढ़ में आवर्त किसी विधानसभा में सम्मिलित है तो ऐसे कार्मिक जनपद प्रतापगढ़ में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षण स्थल पर स्थापित होने वाले फैसिलिटेशन सेन्टर पर निर्धारित तिथियों में पहुॅचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।

उन्होने बताया है कि 39-प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनांक 13 मई से 17 मई तक संत एंथोनी इण्टर कालेज में विधानसभा क्षेत्र 244-रामपुर खास, 250-रानीगंज, 248-प्रतापगढ़ तथा राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में विधानसभा क्षेत्र 249-पट्टी व 247-विश्वनाथगंज के फैसिलिटेशन सेन्टरों का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार 50-कौशाम्बी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनाक 10 मई से 11 मई तक राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में विधानसभा क्षेत्र 245-बाबागंज (अ0जा0) व संत एंथोनी इण्टर कालेज में विधानसभा क्षेत्र 246-कुण्डा के फैसिलिटेशन सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि ऐसे कार्मिक जो जनपद प्रतापगढ़ की किसी भी विधानसभा में मतदाता सूची के रूप में पंजीकृत है तथा उनकी ड्यूटी निर्वाचन कार्यो में लगी है

को निर्धारित तिथियों में अपने निर्वाचन ड्यूटी आदेश की छायाप्रति, मतदाता पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य किसी फोटो युक्त पहचान पत्र की छायाप्रति सहित फैसिलिटेशन सेन्टर पर पहुॅचकर अपने मतदान का प्रयोग करने के विषय में सम्बन्धित को अवगत करायें।

## फंदा लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से किशोरी ने शनिवार को घर के अंदर कमरे मे पंखे के हुक में लटक कर आत्महत्या कर ली। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पूरब सेमरी निवासी हरिलाल की पुत्र सुशीला 17 ने कमरे के अंदर पंखे के हुक में दुपटटे से फांसी लगा लिया। मृतका का पिता हरिलाल मजदूरी करने तथा उसकी मां मवेशियों को लेकर चाराजोई में गयी थी। दिन में एक बजे जब मृतका की मां सूरसती मवेशियों को लेकर घर वापस आयी तब दरवाजा अंदर से बंद देखा। सूरसती ने कई बार आवाज लगायी। फिर भी अंदर से कोई जबाब नही मिला। सूरसती की चीखपुकार पर गांव के लोग जुटे और पडोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। कमरे के अंदर किशोरी को फांसी पर लटकता देख मां चीख पड़ी। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। किशोरी की मौत को लेकर परिजन कुछ भी बोलने की स्थिति में नही दिखे।

## अतुल अंजान के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जतायी पीड़ा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य तथा स्वामीनाथन आयोग के सदस्य रहे अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अतुल अंजान जी का सम्पूर्ण जीवन किसान मजदूर एवं समाज के पिछडे तबके के लोगों के लिए समर्पित रहा है। कांग्रेस नेताद्वय ने कहा कि अतुल अंजान के निधन से किसानों, मजदूरों एवं गरीबों का एक सच्चा हितैषी सदासर्वदा के लिए चला गया है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अतुल के निधन को पारिवारिक मित्र खो देने की व्यक्तिगत क्षति भी कहा है। नेताद्वय का संयुक्त बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# पाली विषय से टॉपर बने राजेंद्र और साथियों का होगा सम्मान

### पहली बार हाई स्कूल बोर्ड में शामिल हुए 190 परीक्षार्थी
### पाली भाषा को आमजन तक पहुंचाने का डाक्टर शिव मूर्ति लाल ने उठाया बीड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्राचीन भाषा पाली विषय की परीक्षा में इस बार के हाई स्कूल में 92 प्रतिशत अंक पाकर पूरे मंडल में टॉप करने वाले जिले के छात्र राजेंद्र कुमार मौर्य को मौर्य सभा सम्मानित करेगी। साथ में दर्जन भर अन्य छात्र जिन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। ये सभी नगर के प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की अगुवाई में बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। शिव मूर्ति लाल और साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने भी इन्हीं के साथ छात्र के रूप में पाली की परीक्षा दी और अच्छे नंबरों से पास भी हुए हैं।

बता दें कि महान सम्राट अशोक मौर्य के समय में प्रचलित पाली भाषा धीरे धीरे चलन से बाहर हो गई। स्कूलों में



भी यह भाषा कमतर ही पढ़ाई जाती है। पाली को फिर से आमजन का संवाद बनाने का बीड़ा डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य ने उठाया और जिले में लोगों से संपर्क कर उनसे जुड़कर इस बार की हाई स्कूल में पाली विषय से फार्म भरने का अभियान चलाया। उनकी मेहनत रंग लाई और बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो पता चला कि जिले से करीब डेढ़ सौ छात्र पास हुए हैं। जिसमें से शिव मूर्ति लाल के स्टाफ राजेन्द्र मौर्य ने 92 प्रतिशत अंक लाकर पूरे मंडल में जिले का नाम रोशन किया है। खास बात यह रही कि जितने भी लोग पाली से परीक्षा दिए हैं। उनमें से अधिकतर लोग नौकरी पेशा वाले, रिटायर टीचर हैं। राजेन्द्र मौर्य के कई साथी जो अच्छे नंबरों से पास हुए हैं उनमें राहुल सरोज, राकेश चंद्र मौर्य भी शामिल हैं। ये सभी लोग डाक्टर शिव मूर्ति लाल से मिलने उनके क्लीनिक राजा प्रताप बहादुर पार्क आए थे। बातचीत में शिव मूर्ति लाल ने बताया कि 27 मई को पाली भाषा में पास हुए छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

## संदीप सिंह पिंटू होंगे प्रतापगढ़ से गौ गठबंधन के प्रत्याशी

**प्रतापगढ़।** लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ से बडारी ग्रामसभा के प्रधान व प्रतापगढ़ लोक सभा से नैशनल जन दल के प्रत्याशी संदीप सिंह पिंटू को गौ-गठबंधन का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है जिसकी आधिकारिक घोषणा गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक राजा सक्षम सिंह योगी ने शनिवार सुबह पत्र लिखकर की।राजा योगी ने बताया कि संदीप सिंह पिंटू ने लिखित रूप से सशपथ घोषणा करी है कि यदि वे सांसद के रूप में निर्वाचित होते हैं तो सर्वप्रथम गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाएंगे और पूरे देश में गौ हत्या पूर्णतः प्रतिबंधित करवाने का कानून बनवाने का काम करेंगे।अतः संदीप जी के गौ प्रेम को देखते हुए 39-लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ से इनको गौ गठबंधन का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया जाता है।साथ ही राजा सक्षम सिंह योगी ने मतदाताओं से अपील किया है कि गौ गठबंधन के प्रत्याशी संदीप सिंह पिंटू को वोट देकर गौमाता की रक्षा हेतु अपना कदम बढ़ाए और गौरक्षा के पुण्य के भागीदार बने एवं गौहत्या का समर्थन कर गौ हत्या में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लिप्त पार्टीयोंध्प्रतयाशियों को बहिष्कार कर गौ हत्या के महापाप से भी बचें।

## युवा व्यवसाई विदेश में पुरस्कृत




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** नगर में स्थित मारुति सुजुकी डीलरशिप के मैनेजिंग डायरेक्टर सत्यम अग्रवाल को दूर देश टर्की में प्लेटिनम पुरस्कार से नवाजा गया है।

पुरस्कार के बारे में बताते हुए डीलरशिप के महाप्रबंधक रवि जैन ने बताया कि कई मानकों पर डीलरशिप के खरा उतरने पर देश-विदेश से आए हुए विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से तुर्की में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक को प्लैटिनम डीलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अपनी उपलब्धि को साझा करते हुए स्टार कार्स के मुख्य प्रवर्तक सतीश अग्रवाल ने इसका श्रेय अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को दिया जो जहां एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस, बॉडी शॉप, जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराया है और ग्राहकों का भरोसा जीता है।

## मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो की मौत

**मीरजापुर।** थाना चील्ह अंतर्गत ग्राम श्रीपट्टी के पास आकाश यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी तिलठी थाना चील्ह जनपद मीरजापुर (19) अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था तथा सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार शहजाद अली पुत्र जलालुद्दीन निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही (32) आपस में टकरा गये। इससे दोनों घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी चील्ह द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को मंडलीय अस्पताल भेजवाया गया। मगर डॉक्टरों ने आकाश व शहजाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना चील्ह की सूचना पर दोनों मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गये और उनकी उपस्थिति में पुलिस द्वारा मृतकों के शव कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एल0आई0सी0 के पालिसी संख्या 312432150 में मेरा नाम पायल अंकित है जो मेरा बचपन में बुलाने वाला नाम था। बाद में मेरा नाम बदल कर सोनम शुक्ला करा दिया गया जो कि मेरे आधार कार्ड व शैक्षिक प्रपत्रों में अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझे मेरे सही सोनम शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सोनम शुक्ला
पुत्री राकेश कुमार शुक्ला
निवासी ग्राम शिव का पुरवा शुक्लान
पोस्ट जामताली तहसील रानीगंज
जनपद प्रतापगढ़

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एल0आई0सी0 के पालिसी संख्या 312432378 में मेरा नाम महादेव शुक्ला अंकित है जो मेरा बचपन में बुलाने वाला नाम था। बाद में मेरा नाम बदल कर शुभम शुक्ला करा दिया गया जो कि मेरे आधार कार्ड व शैक्षिक प्रपत्रों में अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझे मेरे सही शुभम शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये।

शुभम शुक्ला
पुत्र राकेश कुमार शुक्ला
निवासी ग्राम शिव का पुरवा शुक्लान
पोस्ट जामताली तहसील रानीगंज
जनपद प्रतापगढ़

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राज किशोर सुत स्व0 मेढई निवासी ग्राम पुरैला थाना मानधाता तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ का निवासी हूँ। मेरे दो लड़के हैं। मेरा बड़ा पुत्र गोविन्द मेरी व मेरी पत्नी की न ही सेवा सहाय करता है न ही दवा इलाज का खर्च उठात है। आये दिन वह मुझसे व मेरी पत्नी से मारपीट करता है रहता है। उसकी संगत बुरे एवं आपराधिक व्यक्तियों के साथ हो गयी है वह मेरे कहे में नहीं रहता है उसके कृत्यों से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा पर बुरा असर पड़ रहा है, जिस कारण से मैं अपने पुत्र गोविन्द को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। गजट करा दिया सनद रहे वक्त जरूरत काम आवे।

राज किशोर
सुत स्व0 मेढई
निवासी ग्राम पुरैला थाना मानधाता
तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अति0 उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन छोटका वादहू पवन कुमार बनाम राम अंजोर आदि

बनाम

1. राम सुन्दर सुत स्व0 महावीर नि0 भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0 त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 2. हीरालाल सुत सतई नि0ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 3. जगदम्बा सुत राम अंजोर नि0ग्राम भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 4. मुकेश सुत रामबरन नि0 ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 5. राजनारायण सुत रामअंजोर नि0 ग्राम भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 6. रामजीत 7. रामचन्दर 8. विश्वनाथ सुतगण रामकलप समस्त नि0गण ग्राम ढेकाही पो0 ईसीपुर जिला सुल्तानपुर 9. कटोरा देवी पत्नी रामनेवाज 10. हरिश्चन्द्र सुत रामनेवाज 11. अमरनाथ सुत बाबूलाल 12. अमृतलाल सुत सतई 13. मनोज कुमार सुत रामदास 14. सुधीर सुत सूर्यनारायण 15. राकेश सुत रामबरन 16. राम अनुज 17. गया प्रसाद सुतगण मँगरू 18. आशीष सुत सूर्यनारायण 19. देवतादीन सुत स्व0 श्रीराम समस्त नि0गण ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़

नं0मु0 42/2022

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन बदामा देवी बनाम शबीना बानो आदि

बनाम

1. शबीना बानो उम्र लगभग 37 वर्ष पत्नी इरशाद अली 2. इरशाद अली उम्र लगभग 42 वर्ष सुत शेर अली समस्त निवासीगण ग्राम सराय रतऊ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 24.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## युवा साहित्यकार के निधन पर शोक



**मीरजापुर।** जनपद के प्रमुख साहित्यकारों ने युवा साहित्यकार शुभम श्रीवास्तव 'ओम' के असामयिक निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं समर्पित की हैं। जाने माने गीतकार गणेश गंभीर ने कहा कि उभरते हुए नव गीतकार के निधन से साहित्य जगत की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति संभव नहीं। युवा साहित्यकार जितेंद्र सिंह 'संजय' ने कहा है कि ओम जैसा कविता का लालित्य अब कहां मिलेगा। भोजपुरी के प्रख्यात कवि लल्लू तिवारी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ओम का संचालन इतना सशक्त होता था कि कवियों के कविता पाठ के पहले ही संचालन से ही कार्यक्रम अपनी बुलंदियों को छूने लगता था। युवा कवि के निधन पर समाज के हर वर्ग ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## खूनी संहर्ष में युवक की मौत पर नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

### मांगो को लेकर शव न उठाने की बात पर अड़े परिजन

### एसएचओ बाघराय द्वारा मांगे मानने के बाद शव का किया गया अंतिम संस्कार



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुरडुबकी मुडियापुर गांव में दो पक्षों में हुए खूनी संहर्ष में युवक राहुल सरोज की मौत के मामले में मृतक राहुल सरोज के पिता सुखलाल पुत्र रामकिशोर निवासी बढयीपुर बाघराय की तहरीर पर पुलिस ने काशीपुरडुबकी मुडियापुर गांव निवासी चंदन यादव व अर्जुन व जंगू व तीरथ यादव व निशांत तिवारी व अनिल तिवारी व पवन व केदार गुप्ता व संजीतकुमार आदि नौ लोगों व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 302,,120बी,,,व हरिजन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर मृतक राहुल सरोज का शव जब पोस्ट मार्टम के बाद घर पहुंचा तो ग्रामीण समेत परिजन आक्रोशित हो उठे,और अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर घर पर ही शव रखकर अनशन की शुरुआत कर दी। ग्रामीणों और परिजनों का कहना था कि जब तक मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

जिसमे कि मृतक राहुल के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए,मृतक के परिजनों को सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस,मुख्यमंत्री राहत कोष से 50लाख रुपया,ग्रामपंचायत से भरण पोषण के लिए 2बीघा जमीन,राजस्व टीम द्वारा कृषक सम्मान बीमा की राशि दी जाए। इस दौरान,मौके पर मौजूद एसएचओ बाघराय निकेत भारद्वाज के द्वारा आक्रोशित लोगों से बातचीत करते हुए उनके सभी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने तथाकथित मांगों को पूरी करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा एवं अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी आश्वाशन देने पर मृतक राहुल सरोज के परिजन, व आक्रोशित ग्रामीण शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गए।

## लोकायुक्त के निर्देश पर झींगुर में हुई जांच



लोकमित्र ब्यूरो

**महेशगंज प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक के ग्राम पंचायत झींगुर में बीते 3 सालों में कराए गए विकास कार्यों में अनिमितता की शिकायत गांव के ही कुछ लोगों ने लोकायुक्त लखनऊ यहां की थी । लोकयुक्त के सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर डीएम ने जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार के अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया था । जिला कृषि अधिकारी ने बीते एक मई आकर ग्रामसभा झींगुर में आकर जांच किया था।शनिवार को अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार गांव पहुंचे और शिकायतकर्ताओं के साथ पहुंचकर मौके पर जांच की । इस दौरान शिकायतकर्ता और जांच टीम कराए गए कार्यो से संतुष्ट दिखे । इस दौरान मनरेगा ,राज्य वित्त ,केंद्रीय वित्त प्रधानमंत्री आवास समेत दर्जनो बिंदुओं पर अपर जिला कृषि अधिकारी ने गहनता से जांच की। अपर जिला कृषि अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देने की बात कही । इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सुनील सरोज, प्रधान प्रतिनिधि रामकृष्ण तिवारी, दीपक तिवारी ,प्रशांत द्विवेदी, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## राज एंग्लो वेदिक में मना नॉन फायर फ़ूड डे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के मीरा भवन सेनानी नगर स्थित राज एंग्लो वेदिक स्कूल में नॉन फायर कुकिंग डे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दंत चिकित्सक डॉक्टर विवेक पांडेय ने शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों मे उत्कर्ष-लीची सिवाय - सेव ,अवन्तिका -पपीता रौनक -आम अनामिका ,विधान्सी शेखर, परी, दर्शिका आदि फल के रूप में तैयार होकर आये।इस मौके पर उपास्थित जनो ने मनोरंजन करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कक्षा तीन के बच्चों ने लीविग और नान लीविग पिक्चर का चार्ट तैयार किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संरक्षिका माधुरी पाण्डेय ने कार्यक्रम का उद्धाटन किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्या गीता सिह, वाइस प्रिंसिपल किरन, अध्यापक अमितेस सिंह,सचिन,अनूप ओझा,राधा,अकाक्षा,मनीषा साक्षी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अभिभावक मौजूद रहे।अंत में विद्यालय के प्रबंधक राजेश पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निर्मल मन से अराधना करने वाले अवश्य प्राप्त होती है भगवान की कृपा

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन



**राजापुर, चित्रकूट:** महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर से करीब तीन किमी दूर रगौली मोड़ स्थित सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा के पास वन्दना ऑयल एण्ड फ्लोर मील के संयोजकत्व में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर महाराज वृंदावन ने कहा कि कलियुग में केवल भगवान का नाम ही एक ऐसा आधार है, जिसे जपने से बड़े-बड़े पापियों को मोक्ष मिल चुका है।

कथा व्यास ने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा, जपत-जपत नर उतरी पारा अर्थात कलियुम में भगवान के नाम की महिमा अपरंपार है। पापी वाल्मिकि उल्टा नाम जप कर ऋषि की उपाधि धरण की थी। गाडिका, अजामिल जैसे पपियो को प्रभु ने अपनी शरण में लिया था। कहा कि जो मनुष्य शास्त्रों के आधार पर चलता है, वह सांसारिक काम, क्रोध, मद, लोभ से विरक्त होकर वह निश्चित ही साकेत गामी होता है।

सत्संग ही एक ऐसा माध्यम है, जो आत्मज्ञान के साथ आत्मा को शक्तिशाली बनाता है। इस भौतिक शरीर में एक ऐसा तत्व है, जो अजर और अमर है। यदि उसे निर्मल कर ले तो भागवत की कृपा अवश्य प्राप्त हो सकती है। राजा जड़ भरत का दृष्टांत देते हुए कहा है कि रहु मणी राजा के पालकी के पालक ने सत्संग के माध्यम से राजा को आत्मज्ञान का बोध कराया था और सृष्टि में अंधकार को नष्ट करने के लिए भगवान भास्कर की आवश्यकता होती है, लेकिन मानव शरीर के अंदर अंधकार को नष्ट करने के लिए सतगुरु की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में ऐसा कोई ग्रंथ नहीं है, जो हिंसा की इजाजत देता है। कहा कि जो जीवों पर दया करता है और इंद्रियों पर नियंत्रण कर लेता है, उसी को गोस्वामी की उपाधि दी जाती है और वह व्यक्ति संसार में कभी दुखी नहीं रह सकता हैं।

श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में दिवाकर द्विवेदी, सन्तोष त्रिपाठी, घनश्याम द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशू पाण्डेय, पप्पू द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, रितेश पाण्डेय, गौरीदत्त द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी, सत्यम द्विवेदी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने राजकीय महाविद्यालय में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**चित्रकूट ब्यूरो:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट कानपुर प्रांत के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसके तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया।इस दौरान छात्र-छात्राओं को बताया गया कि हमारे देश के विकास के लिए मत का प्रयोग करना कितना आवश्यक है, शत-प्रतिशत मतदान होने से हम एक अच्छे जन सेवक का चयन कर सकते हैं, जो हमारे क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। लोकतंत्र का पर्व हमारे लिए एक उत्सव का पर्व है, लोकतंत्र में सरकार बनाने में प्रत्येक नागरिक का योगदान रहता है। जिससे एक सशक्त ईमानदार सरकार का निर्माण निर्माण हो और भारत देश पूरे विश्व में गौरव को प्राप्त करे। बताया गया कि सभी छात्र-छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। सभी छात्र-छात्राओं को अपने पास-पड़ोस के घर में जाकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। मतदान का प्रयोग जातिवाद, क्षेत्रवाद देखकर नहीं बल्कि राष्ट्रवाद को देखकर करना होगा। देश के प्रत्येक नागरिक के पास मत रूपी एक शक्ति है, जिससे वह अपने क्षेत्र, देश के विकास में भागीदार बन सकता है। महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली तथा सभी ने हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रधानाचार्य विनय चौधरी, विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रामजी, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, तहसील संयोजक नितेश त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या पांडेय, अंजली, आस्था, सत्यम, विष्णु व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**चित्रकूट ब्यूरो:** उच्च शिक्षा संस्थानों में होने वाले दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद भारतीय विश्वविद्यालय संघ और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रस्तुति ने विश्वविद्यालयों के कुलपति, उच्च शिक्षा संस्थानों के निदेशकों और प्राध्यापकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित 12 विश्वविद्यालयों ने अपनी दीक्षांत प्रक्रिया को साझा किया।

ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं का पालन करने के लिए आयोजित कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को को भी सराहना मिली। कार्यक्रम बीते शुक्रवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सभागार में आयोजित हुआ। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा की ओर से दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललित कुमार सिंह ने प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर 100 से अधिक विश्वविद्यालय के कुलपति, विभिन्न संस्थाओं के निदेशक तथा 200 से अधिक प्रोफेसर एवं अनेक छात्र छात्राएं भी शामिल रहें। उद्घाटन सत्र में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ अतुल कोठारी, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रो सीताराम, भारतीय विश्वविद्यालय संघ के महासचिव प्रो पंकज मित्तल, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे मौजूद रहे।

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलखौरा मांदीपुर गांव के रामपाल पुत्र रामफेर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक मई को शाम सात बजे आम तोडने के विवाद को लेकर गांव के रमेश पुत्र राम अंजोर अर्पित व अमन पुत्रगण रमेश तथा सौम्या व साक्षी पुत्री रमेश एवं ज्ञानवती पत्नी रमेश एकराय होकर गालीगलौज करते हुए लाठी डण्डे से उसे मारापीटा। बचाव में पहुंचे परिवार के लोगों को भी आरोपियो ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद रमेश समेत छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## फंदे से लटक कर महिला ने दी जान

### मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के खैलर का पुरवा फतुहाबाद गांव निवासी कन्हैयालाल मिश्रा (लल्लन )पुत्र फ़तेह बहादुर ने 2019 में अपनी बेटी प्रिया (सलोनी )की शादी थाना क्षेत्र के बला का पुरवा मजरे रायगढ़ गांव निवासी नीरज दुबे पुत्र रमा शंकर के की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन प्रिया को दहेज मे कार और 2 लाख नकद के लिए प्रताड़ित करते थे। जिस पर कुछ माह पहले मैंने कुछ पैसे जमा कर एक वैगन आर कार फाइनेंस कराया था, लेकिन 2 लाख नकद की माँग अभी भी पूरी नहीं कर सका। जिसको लेकर शुक्रवार को भी प्रिया को दहेज के लिए मारा पीटा गया था।उसके शरीर पर चोट के निशान थे। शनिवार सुबह मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी गई थी कि उनकी बेटी की तबीयत खराब है, उसे कुंडा सीएचसी लेकर जा रहे हैं,। जब मायके पक्ष के लोग सीएचसी कुंडा पहुंचे तो प्रिया को डॉक्टर मृत घोषित कर चुके थे।उसके गले पर रस्सी का निशान था। प्रिया के पिता कन्हैया लाल ने बेटी को दहेज के लिए मार डालने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराने की ज़िद पर अड़े रहे।जिस पर पुलिस ने आरोपी पति नीरज दुबे ससुर रमा शंकर सास सुधा के खिलाफ दहेज़ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मृतका की सास सुधा को हिरासत मे ले लिया । जिसके बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी मे पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हैंड़पम्प में पानी न भरने देने की शिकायत

**चित्रकूट ब्यूरो:** आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में राजापुर क्षेत्र के सुरजुवा पुरवा मजरा भटरी में छुआछुत के आधार पर हैंड़पम्प में पानी न भरने देने के मामले को गम्भीरता से लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भटरी ग्राम सभा की सुमैना देवी के नाम हैंड़पम्प स्वीकृत हुआ था और ग्राम सभा की सरकारी बंजर भूमि पर लगाया गया था। इसके बावजूद घर के बगल में रहने वाला रजउवा करवरिया ने तीन माह पूर्व जबरन हैंड़पम्प में समरसिबल का कनेक्शन करवा लिया है और अब उन लोगों को पानी नहीं भरने दे रहा है। इस मामले में सुमैना देवी का आरोप है कि जाति आधारित भेदभाव करते हुए आरोपी उसे हैंड़पम्प नहीं छूने देता है। साथ ही गाली-गलौज करता है। उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफकार्यवाही की मांग की है।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह अपरान्ह साढ़े तीन बजे लालगंज के भदारी कला तथा साढ़े चार बजे पूरे नोती एवं सांय साढ़े पांच बजे समापुर में आयोजित पार्टी द्वारा जनसभाओं को संबोधित करेगे। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी दिन में एक बजे अगई मोड़

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/—प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# नगर क्षेत्र के बेसिक से मान्यता प्राप्त स्कूलों की बीईओ ने ली बैठक

## मान्यता ,मानक व यू डायस अभिलेखों को किया तलब

**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र बलरामपुर एवं उतरौला में संचालित निजी वित्त विहीन मान्यता प्राप्त स्कूलों की बैठक आयोजित की गई बैठक में सात बिंदुओं को स्कूलों के प्रबंधक प्रिंसिपल क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक की अध्यक्षता नगर खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार ने की है यह बैठक नगर संसाधन केंद्र सभागार में किया गया बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों के प्रबंधक प्रिंसिपल को अवगत कराया गया कि यू डायस संबंधी समस्याओं का समाधान तत्काल करले यू डायस विहीन विद्यालयों को निर्देशित किया की सूचना उपलब्ध कारण मान्यता अभिलेख शिक्षक विवरण छात्र संख्या विवरण अभिलेख जमा करें वाहन रखने वाले विद्यालयों की सूचना तत्काल उपलब्ध कारण आर टी ई तट के तहत नामांकन का विवरण उपलब्ध



कारण ट बजाओ मतदाता जगाओ की टोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक करें। लू से बचाव के संदर्भ में बच्चों को जागरूक करें आदि बिंदुओं पर प्रबंधक प्रधानाचार्ययों से साझा किया गया है उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में बिना मान्यता के कोई भी स्कूल संचालित नहीं किया जाएगा यदि बिना मान्यता के अथवा मानक को ताख पर रखकर स्कूल संचालित होते पाए गए तो उनके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी ।

बैठक में बलरामपुर नगर एवं उतरौला नगर क्षेत्र के बेसिक समानता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधक प्रिंसिपल उपस्थित हुए हैं इनमें मुख्य रूप से एकता मोंटेसरी स्कूल के प्रबंधक जयशंकर प्रसाद मिश्रा लाल कॉन्वेंट एकेडमी तुलसी पार्क के आरती मिश्रा वात्सल्य पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल मनीशा सिंह आदि स्कूलों के प्रबंधक प्रिंसिपल शामिल हुए हैं।

### उतरौला एवं बलरामपुर नगर में संचालित था जिस स्कूलों के प्रबंधक बैठक में रहे नदारद

नगर क्षेत्र में संचालित बेसिक शिक्षा से मान्यता प्राप्त नर्सरी से आठवीं तक स्कूल प्रबंधक प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर में संचालित स्कूलों के सापेक्ष काफी कम संख्या में प्रबंधक प्रधानाचार्य उपस्थित पुणे चर्चा का विषय बना हुआ है जानकारों की माने तो उतरौला नगर क्षेत्र एवं बलरामपुर नगर क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक विद्यालय संचालित हैं लेकिन बैठक में मात्र 10 से 12 स्कूलों के प्रबंधक प्रिंसिपल उपस्थित हुए हैं बिना मान्यता अथवा मानक बगैर पूरा करने वाले संचालित स्कूल के प्रबंधक प्रधानाचार्य बैठक से गायब रहे हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी नगर रामकुमार का कहना है कि जो बैठक में प्रबंधक प्रधानाचार्य नहीं आए हैं उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण लिया जाएगा बिना मान्यता अथवा मानक बगैर पूरा किया अथवा एक मान्यता पर दो से तीन स्कूल संचालित करने वाले प्रबंधन प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने की संस्तुति जिला प्रशासन सहित शासन स्तर पर की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में देवरिया मुबारकपुर में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

## विधायक ने कार्यकर्ताओं से कमल फूल खिलाने की अपील



**बलरामपुर ।** आगामी 6 मई को भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के नामांकन की तैयारी बैठक देवरिया मुबारकपुर स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य डब्बू मिश्रा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री व सदर विधायक पलटू राम ने नामांकन की तैयारी को लेकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी।दर विधायक पलटू राम ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा के पक्ष में है।इस बार प्रधानमंत्री पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतेगी। आगामी 6 मई को भारतीय जनता पार्टी से घोषित प्रत्याशी सकेत मिश्रा का नामांकन दाखिल किया जाएगा। नामांकन दिवस पर प्रदेश के बड़े नेताओं के साथ ही जिले भर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई है। विधायक ने कहा कि इस बार विपक्ष का सुपड़ा साफ है। विपक्ष हार की हताशा से निराश है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है जबकि भारतीय जनता पार्टी जनता का विश्वास निरंतर पाती जा रही है। देश की जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। विपक्ष सिर्फ झूठ बोलने के अलावा विकास का कोई भी कार्य जनता को बताने में असफल साबित हो रही है।

इस अवसर पर श्री दत्तगंज ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल, नंद किशोर मिश्रा, सुभाष वर्मा, महेश वर्मा, शिवप्रसाद वर्मा, प्रहलाद यादव, उग्रसेन निषाद, भोलानाथ यादव, सत्यनारायण वर्मा, अमरनाथ वर्मा, अजीत सिंह, शिवम श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# देश तोड़ने वाली ताकतों से लड़ने के लिए बना इंडिया गठबंधन-प्रदेश महासचिव



**सुल्तानपुर।** शनिवार को बूथ स्तर पर इंडिया गठबंधन का समन्वय स्थापित करने के लिए कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी व प्रदेश महासचिव अविनाश पाण्डेय पहुंचे। एक निजी रिसॉर्ट में उन्होंने कांग्रेस, सपा और आप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मीटिंग लेकर उन्हें चुनावी मंत्र दिए। मीडिया से बात करते हुए अविनाश पाण्डेय ने भाजपा और मोदी पर हमला बोला। राहुल के अमेठी से नहीं लड़ने पर भाजपा के डर कर भाग जाने वाले बयान पर उन्होंने कहा सुबह से शाम तक भाजपाइयों को राहुल गांधी से डर लगता है।

उन्होंने कहा अमेठी लड़े या रायबरेली लड़े, अमेठी में भी तो लड़ कांग्रेस का प्रत्याशी ही रहा है। रायबरेली जिसका प्रतिनिधित्व हमेशा से सोनिया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया है अब सोनिया गांधी राज्यसभा में चली गई हैं तो नेतृत्व के ये एहसास हुआ कि वहां का प्रतिनिधित्व राहुल गांधी करें। उन्हें आदेशित किया गया। एक पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने उस आदेश को स्वीकार किया। अब सुबह से शाम राहुल के नाम के बिना लोकतंत्र है कोई कही से भी चुनाव लड़ सकता है। वही उन्होंने कहा मोदी इस चीज का जवाब दें कि वो इतना क्यों डर रहे हैं। पहले वो इस चीज का जवाब दें कि इस देश की जनता से जो वादा किया था उस पर उत्तर दें। इस देश के लोकत्रंत को कमजोर किया जा रहा ये उन पर आरोप लगा है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। पंद्रह लाख जो हमारे एकाउंट में जमा होने थे दस साल बीत गए आजतक जमा नहीं हुए। इस देश में 2 करोड़ के मत से 20 करोड़ नौकरियों उपलब्ध होनी थी युवक प्रश्न पूछ रहे हैं। इस देश में महंगाई आसमान पर है बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अर्थव्यस्था चरमराई हुई है। किसान आत्महत्या कर रहा है इसका जवाब दें जो की इस चुनाव के विशेष मुद्दे हैं। अविनाश पाण्डेय ने बताया कि गठबंधन की समन्वय बैठक मैं 80 लोकसभा सीटों पर मैं ले रहा हूं। उसका उद्देश्य प्रमुख रूप से जितने भी हमारे घटक दल हैं जिनको लेकर ये गठबंधन बना हुआ है जहां राष्ट्रीय पार्टी के साथ समाजवादी पार्टी और हमारे अन्य दल भी उन सबमें बेहतर समन्वय हो। क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर तो हमारा बेहतर समन्वय हो गया लेकिन ये समन्वय बूथ स्तर तक कायम ताकि इस चुनाव में हम गठबंधन की जीत को सुनिश्चित कर सके। सभी संगठनों की ताकत को जोड़कर एक मजबूत ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करें यही उद्देश्य है। यही संदेश मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का लेकर मैं यहां उपस्थित हुआ हूं। अखिलेश यादव और राहुल गांधी अन्य जगहों पर बड़ी बड़ी आम सभाएं कर रहे हैं। लेकिन असली समन्वय नीचे स्तर पर जो कार्यकर्ताओं के बीच होना चाहिए यहां ऐसा हुआ। ये 29वीं लोकसभा थी। आगे मैं अमेठी और आगे बढ़ जाऊंगा।


# बीएसए के निरीक्षण में दो स्कूल मिले बंद, 17 विद्यालयों का किया निरीक्षण

## निरीक्षण में नौ शिक्षक,तीन शिक्षामित्र ,तीन अनुदेशक मिले अनुपस्थित

**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने जिले की शैक्षिक गुणवत्ता परखने के लिए बीते दिन 17 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान दो विद्यालय बंद मिले हैं वहीं नौ प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक तीन शिक्षामित्र तीन अनुदेशक अनुपस्थित मिले हैं निरीक्षण के दौरान बंद मिले स्कूलों के समस्त प्रधानाध्यापक शिक्षक के साथ अनुपस्थित मिले अध्यापकों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण अलग किया है संतोषजनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बीते 1 मई 2024 को सदर शिक्षा क्षेत्र के 17 स्कूलों का निरीक्षण किया है ।

निरीक्षण का शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय पेरा से किया 7¬45 बजे प्रातः स्कूल बंद मिला इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर बिनौहनी भी निरीक्षण के दौरान बंद मिला कंपोजिट विद्यालय सिसई निरीक्षण के समय सहायक अध्यापिका तेजस्विनी मिश्रा सौम्या शुक्ला संतोष शुक्ला सहित शिक्षामित्र संहिता सिंह रेणुका सिंह एवं अनुदेशक भावना त्रिवेदी अनुपस्थित मिली है प्राथमिक विद्यालय रामनगर



का निरीक्षण 814 बजे किया गया प्रधानाध्यापिका ममता शिक्षामित्र दुर्गा देवी अनुपस्थित परीक्षण के दौरान 13 अप्रैल 2024 को विद्यालय में एमडीएम नहीं बना पाया गया कंपोजिट विद्यालय मिर्जापुर में प्रधानाध्यापिका मधु लता मौर्य सहायक अध्यापक का शिल्पी गुप्ता बिना सूचना के अनादिकृत रूप से विद्यालय से अनुपस्थित मिली है नवीन नामांकन की स्थिति अत्यंत असंतोष जनक पाया गया कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित नहीं मिला स्कूल रेड़ीनेस ब निपुण की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर का निरीक्षण 825 बजे किया गया इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले पहले में शिक्षण कार्य व्यवस्था नहीं पाया गया निरीक्षण के समय मात्र 7 छात्र उपस्थित मिले हैं नवीन नामांकन एवं छात्रों पर स्थित की स्थिति अत्यंत क्षेत्र जनक पाई गई कंपोजिट विद्यालय लखाही में अनुराधा तोमर अवकाश पर मिली है

विद्यालय में शिक्षण कार्य व्यवस्थित नहीं पाया गया नवीन नामांकन एवं छत्रपति की स्थिति काफी खेद जनक पाई गई है विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई का भाव मिला है प्राथमिक विद्यालय पैगापुर का निरीक्षण 856 बजे किया गया निरीक्षण के समय कक्षाओं का व्यवस्थित संचालन नहीं पाया गया गाना अध्यापक शिखा केसरवानी मोबाइल चलाते हुए पाई गई। इनका 16 अप्रैल 2024 से 27 अप्रैल 2024 तक हस्ताक्षर संदिग्ध पाया गया है उच्च प्राथमिक विद्यालय नंद नगर ठठिया शिक्षण में प्रधानाध्यापिका सभीहा बानो अनुदेशक प्रतिमा यादव बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई गई है कक्षाओं का

### बंद विद्यालय सहित अनुपस्थित शिक्षक शिक्षा मित्र से मांगा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण

व्यवस्था संचालन नहीं पाया गया है प्राथमिक विद्यालय कैलाशगढ़ का निरीक्षण 10¬06 पर किया गया नवीन नामांकन एवं छात्र उपस्थित निपुण की स्थिति अत्यंत खेद जनक पाई गई प्राथमिक विद्यालय बिलोहा शिक्षा क्षेत्र गैसडी का निरीक्षण 1045 विजय किया गया निरीक्षण के समय सहायक अध्यापिका रश्मि सिंह मेडिकल अवकाश पर मिली एमडीएम पंजिका पर छात्र-छात्राओं का अंतर नहीं पाया गया निरीक्षण के समय 22 छात्र उपस्थित मिले तीन दिवस का एमडीएम संख्या 40, 39 एवं 39 पाई गई नामांकन छात्रों की स्थिति निपुण की स्थिति अत्यंत असंतोजनक मिली है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने निरीक्षण के दौरान बंद मिले के समस्त स्टाफ सहित अनुपस्थित मिले शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक से तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है संतोषजनक जवाब न मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# आदित्य प्रधानमंत्री तो ममता चौहान बनी स्वास्थ्य मंत्री

## कन्या कंपोजिट स्कूल देवीपाटन में तीन दिवसीय बाल संसद गठन कार्यक्रम संपन्न






**बलरामपुर।** शनिवार को तुलसीपुर मुख्यालय पर संचालित कन्या कंपोजिट स्कूल देवीपाटन में तीन दिवसीय बाल संसद गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें आदित्य पटवा को प्रधानमंत्री , ममता चौहान को स्वास्थ्य मंत्री चुना किया गया।

बाल संसाधन कार्यक्रम संकुल शिक्षक कुसुम कुमारी की निगरानी में संपन्न हुआ है कार्यक्रम के दौरान स्कूल मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष अर्चना मौजूद रही हैं।

प्रधानाध्यापिका पदमा वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाल संसाधन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है साथ ही साथ जिले के मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है नवाचार गतिविधि के तहत पाल सांसद गठित किया गया प्रधानमंत्री आदित्य पटवा को चुना गया।

स्वास्थ्य मंत्री ममता चौहान स्वच्छता मंत्री साहिल सुरक्षा एवं न्याय मंत्री अंकित पोषण मंत्री गौरव, उपस्थित मंत्री अंशिका अच्छा मंत्री आकिब, कौशल विकास मंत्री फरजाना पर्यावरण मंत्री रजत खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री सफिना आदि को चुना गया हे।संकुल शिक्षक कुसुम कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन सी केवल बच्चों का बौद्धिक विकास होता है बल्कि नेतृत्व क्षमता का भी आकलन होता है। प्लीज काउंटर पर प्रियंका गुप्ता कमलेश विश्वकर्मा मेहरू निशा पूनम त्रिपाठी आदि शामिल रहे थे।

# चार लाख कीमत की अवैध स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में वारंटी/वांछित अपराधियों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस टीम सकरदे के निकट वाहन चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त लगभग 100 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया है। पकड़े जाने के उपरांत अभियुक्त ने अपना नाम नन्हकऊ सुत बरखू हरिजन निवासी बूढ़ापुर थाना करौंदीकला बताया। पुलिस ने उक्त अभियुक्त के पास से 100 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है,जिसकी कीमत लगभग चार लाख के आसपास है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है। अभियुक्त को पकड़ने में उपनिरीक्षक संतोष शुक्ला, रजत सचान आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। अभी कल ही बल्दीराय थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की खबर जोर शोर से चली थी।

# डाक विभाग की मुहिम:वोट डालने के लिये घर-घर पहुंचेगी चिट्ठी

## लाखों लोगों के घर पहुंचने वाली चिट्ठी पर होगी वोट देने की अपील

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया और अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। भारतीय चुनाव आयोग के 'स्वीप कार्यक्रम' के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर सुल्तानपुर मंडल के 501 डाकघरों सहित परिक्षेत्र के अधीन कुल 1960 डाकघरों के माध्यम से यह वृहद् अभियान चलेगा।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' और मतदान की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया भी डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। इसके साथ ही डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाककर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। खास कर बुजुर्ग, युवा, महिला और फर्स्ट वोटर्स के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। सुल्तानपुर मंडल के अधीक्षक डाकघर एमएम हुसैन ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में आम जनता अपने कार्यों के लिए पहुंचती है। इस लिहाज से पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरूकता के लिए भी उचित स्थान है। उन्होंने डाक विभाग के समस्त कर्मियों को डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

# लखनऊ अयोध्या हाईवे पर लूट करने वाले 25000 के इनामी लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी ।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को हाईवे पर ट्रकों से लूट करने वाले 25 हजार के इनामी बदमाश को अयोध्या एसटीएफ के सहयोग से गिरफतार कर लिया।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलावर माझा गांव निवासी बबलू लखनऊ अयोध्या हाईवे पर रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रक से लूट की कई घटनाएं अंजाम दे चुका है। वर्ष 2023 में 4 अप्रैल को उसने ट्रक चालक धर्मवीर शर्मा के साथ ही 12 नवंबर को अशोक कुमार से मोबाइल व 6 हजार रुपए, 2 दिसंबर को रहीम से उसका मोबाइल तथा 13000 रूपये अपने साथियों के साथ लूट कर फरार हो गया था। बबलू के ऊपर स्थानीय थाने के साथ ही पटरंगा थाने में लूट के कई मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी व उनकी टीम ने शनिवार को अयोध्या एसटीएफ के सहयोग से बबलू को रामसनेहीघाट मंदिर के पास से दबोच कर उसके पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल तथा 2 मोबाइल बरामद कर लिया।

# बिना मानचित्र स्वीकृत के बने भवन मालिकों की अब खैर नहीं-एसडीएम सदर

## खाते की जमीन का न तो मूल दस्तावेज न ही मानचित्र की स्वीकृति

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** बीते महज दो महीने से उप जिला अधिकारी सदर की कुर्सी संभालते हुए लगता है साहब अब पूरी तरह एक्शन मूड़ में है, राज्य सरकार की भूमि हो या फिर नजूल व आबादी की भूमि, जहां इन जमीनों पर भूमाफियाओं की निगाह पहले से ही कब्जेदारी को लेकर गिद्ध दृष्टि थी। वहीं बस भूमाफियाओं की इस मजबूत कड़ी को तोड़ते हुए नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/ उप जिलाधिकारी सदर परत-दर-परत जांच कर कार्यवाही करना शुरू कर दिए हैं। नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/उप जिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद द्वारा अभी हाल ही में नगर कोतवाली पुलिस को दिए आदेश में कहा है कि मेजरगंज मोहल्ला रूद्र नगर स्थित मकान नंबर 612 खाते के मूल बैनामेदार लाल जी बरनवाल सुत नरसिंह ने अवैध कब्जे दार गोविंद बरनवाल व अन्य द्वारा लगातार भवन निर्माण कर रहे हैं। जिसकी वर्ष 2016-17 में वाद दायर किया था, जो धनबल के कारण अभी तक मामला विचाराधीन पिछले कई वर्षो से चला आ रहा था।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला रूद्र नगर मेंमकान नंबर 612 पर बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से बेसमेंट सहित तीन मंजिला मकान का निर्माण जबरन किया जा रहा है। उक्त जमीन के खातेदार की शिकायत पर पूर्व में ही अवर अभियंता से गहनता से जांच कराते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को अवैध निर्माण रोकने हेतु निर्देश जारी किया था। जो मामला सिफर रहा। बताते चले कि रूद्र नगर मोहल्ला मेजरगंज करौंदिया के मकान नंबर 612 पर बिना मालिकाना हक प्राप्त किये गोविंद बरनवाल सुत राजा राम ने भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नियत प्राधिकारी के यहां दिनांक 30/10/ 2014 मानचित्र संख्या 637 प्रस्तुत किया था, जो अभिलेखों के मूल साक्ष्य न दे पाने के अभाव में मानचित्र स्वीकृत नहीं हो सका था।

यही नहीं इसके बाद गोविंद बरनवाल द्वारा कोतवाली नगर पुलिस की सह पर फर्जी वसीयत नामा के आधार पर मनमानी तरीके से भवन निर्माण करने लगे।

नियत प्राधिकारी विनिमय क्षेत्र उप जिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद द्वारा नगर क्षेत्र की कमान संभालने के महज दो माह बाद 1 अप्रैल 2024 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को आर ए सी पत्र संख्या 91 कडाई से जारी करते हुए कहा है कि गोविंद बरनवाल सुत राजा राम द्वारा मकान नंबर 612 जो भूगेह प्रथम और द्वितीय तल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए जबरदस्ती निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनिमय अधिनियम 1958 के अंतर्गत विपक्षी को नोटिस भी जारी किया गया था इसके पूर्व भी अवैध निर्माण रोकने हेतु अवर अभियंता से आख्या प्राप्त कर थाना कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत पुनः पत्र जारी करते हुए नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने साफ कहा है कि बिना मूल दस्तावेज के जमीन का मालिकाना हक कदापि नहीं माना जायेगा।

बावजूद अवैध निर्माण कर्ता का मामला काफी संदिग्ध है उसे रोका जाना न्याय हित में है। पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते मामला भले ही अभी तक झूल रहा था लेकिन एसडीएम सदर की तेजी अगर रंग लाई तो जल्द ही मालिकाना हक के साथ-साथ बिना नक्शा स्वीकृति के हो रहे भवन निर्माण ध्वस्त की जद में होगा। नियत प्राधिकारी विनिमित क्षेत्र/उप जिलाधिकारी सदर ठाकुर प्रसाद ने बताया कि विधि विरुद्ध तरीके से जबरदस्ती निर्माण कदापि नहीं हो सकेगा। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि गोविंद बरनवाल व अन्य भाइयों द्वारा आपसी समझौता कर जबरन मकान निर्माण किया जा रहा हैं जो उनके नाम कहीं राजस्व अभिलेख में दर्ज ही नहीं है। इसलिए मामले में कार्यवाही के लिए प्रभारी निरीक्षक को पत्र दिया गया है जल्द ही अवैध निर्माण को धवस्त करने के लिए अग्रिम कार्यवाही भी की जाएगी। वहीं नगर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर एसडीएम सदर ने नाराजगी भी जताई है।

# बीईओ ने बंद कराए गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**सुल्तानपुर।** बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को खंड शिक्षाअधिकारी ने औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से चल रहे तीन विद्यालयों को बंद करा दिया। महकमे की इस कार्रवाई से बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि बेसिक शिक्षा महकमा बीते कई दिनों से बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों को बंद करने के लिए चेतावनी जारी कर रहा था। इसी क्रम में शनिवार को कुड़वार ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने विभागीय कर्मियों के साथ अलीगंज व आसपास के इलाके में चल रहे स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण चार स्कूल मान्यता संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। निरीक्षण में पूरे पंवार में छत्रपति फाउंडेशन स्कूल, कोटिया में ब्राइट इंडियन एजुकेशनल अकादमी, अलीगंज में न्यू लाइट पब्लिक स्कूल, और एक अन्य स्कूल बिना मान्यता के संचालित होते मिले, इन विद्यालयों को मौजूद प्रधानाचार्य और संचालकों को चेतावनी देते हुए बंद करा दिया गया। बीईओ श्री सिंह ने कहा कि बिना मान्यता के स्कूल संचालित नहीं होने दिया जाएगा, अगर ये विद्यालय खुले मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

## युवा व्यवसाई विदेश में पुरस्कृत




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** नगर में स्थित मारुति सुजुकी डीलरशिप के मैनेजिंग डायरेक्टर सत्यम अग्रवाल को दूर देश टर्की में प्लेटिनम पुरस्कार से नवाजा गया है।

पुरस्कार के बारे में बताते हुए डीलरशिप के महाप्रबंधक रवि जैन ने बताया कि कई मानकों पर डीलरशिप के खरा उतरने पर देश-विदेश से आए हुए विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से तुर्की में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक को प्लैटिनम डीलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अपनी उपलब्धि को साझा करते हुए स्टार कार्स के मुख्य प्रवर्तक सतीश अग्रवाल ने इसका श्रेय अपने ग्राहकों और कर्मचारियों को दिया जो जहां एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस, बॉडी शॉप, जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराया है और ग्राहकों का भरोसा जीता है।

## युवा साहित्यकार के निधन पर शोक



**मीरजापुर।** जनपद के प्रमुख साहित्यकारों ने युवा साहित्यकार शुभम श्रीवास्तव 'ओम' के असामयिक निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं समर्पित की हैं। जाने माने गीतकार गणेश गंभीर ने कहा कि उभरते हुए नव गीतकार के निधन से साहित्य जगत की जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति संभव नहीं। युवा साहित्यकार जितेंद्र सिंह 'संजय' ने कहा है कि ओम जैसा कविता का लालित्य अब कहां मिलेगा। भोजपुरी के प्रख्यात कवि लल्लू तिवारी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ओम का संचालन इतना सशक्त होता था कि कवियों के कविता पाठ के पहले ही संचालन से ही कार्यक्रम अपनी बुलंदियों को छूने लगता था। युवा कवि के निधन पर समाज के हर वर्ग ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## 15 जून तक पूरा करें यमुना नदी के महिला पुल का कार्य- डीएम



**मऊ, चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को मऊ तहसील के अंतर्गत यमुना नदी पर मऊ-महिला घाट में निर्माणाधीन सेतु निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। सेतु का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि इस सेतु में एक पिलर की कास्टिंग का कार्य चल रहा है, जो इसी माह पूरा कर लिया जाएगा तथा जून माह में ऊपर पैरलर का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक कृष्ण कुमार से कहा कि इस सेतु के दोनों तरफ जो एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाना है, उसको भी प्रत्येक दशा में 15 जून तक पूर्ण कराया जाए। उन्होंने दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य पूरा करने की जो समय सीमा की निर्धारित की गई है, उसी के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दशा में माह जून के अंत तक इस सेतु का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए ताकि माह जुलाई के अंत तक आम जनमानस के आवागमन के लिए इसे शुरू कराया जा सके।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय यादव, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बी के गौतम, प्रोजेक्ट मैनेजर फरीद अहमद, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चुनाव की निष्पक्षता के लिए हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन



**चित्रकूट ब्यूरो:** संसदीय क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी कलाइराशि की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कंप्यूटर सिस्टम से मतदान कार्मिकों व सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों का रेंडमाइजेशन एनआईसी कलेक्टरेट में किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने क्रिटिकल व बल्नरेबल बूथों के बारे में अवगत कराया। सुरक्षा बलों में सेक्टर पुलिस, पुलिस क्षेत्रधिकारी, फ्लाइंग स्क्वायड एवं ईवीएम सिक्योरिटी पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद चित्रकूट में विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट व विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर में 851 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो की मौत

**मीरजापुर।** थाना चील्ह अंतर्गत ग्राम श्रीपट्टी के पास आकाश यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी तिलठी थाना चील्ह जनपद मीरजापुर (19) अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था तथा सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार शहजाद अली पुत्र जलालुद्दीन निवासी देवनाथपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही (32) आपस में टकरा गये। इससे दोनों घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी चील्ह द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को मंडलीय अस्पताल भेजवाया गया। मगर डॉक्टरों ने आकाश व शहजाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना चील्ह की सूचना पर दोनों मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच गये और उनकी उपस्थिति में पुलिस द्वारा मृतकों के शव कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की गई।

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अति0 उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन छोटका वादहू पवन कुमार बनाम राम अंजोर आदि

बनाम

1. राम सुन्दर सुत स्व0 महावीर नि0 भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0 त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 2. हीरालाल सुत सतई नि0ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 3. जगदम्बा सुत राम अंजोर नि0ग्राम भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 4. मुकेश सुत रामबरन नि0 ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 5. राजनारायण सुत रामअंजोर नि0 ग्राम भुसुन्डी सकरा पो0 दरछुट प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 6. रामजीत 7. रामचन्दर 8. विश्वनाथ सुतगण रामकलप समस्त नि0गण ग्राम ढेकाही पो0 ईसीपुर जिला सुल्तानपुर 9. कटोरा देवी पत्नी रामनेवाज 10. हरिश्चन्द्र सुत रामनेवाज 11. अमरनाथ सुत बाबूलाल 12. अमृतलाल सुत सतई 13. मनोज कुमार सुत रामदास 14. सुधीर सुत सूर्यनारायण 15. राकेश सुत रामबरन 16. राम अनुज 17. गया प्रसाद सुतगण मँगरू 18. आशीष सुत सूर्यनारायण 19. देवतादीन सुत स्व0 श्रीराम समस्त नि0गण ग्राम व पोस्ट धरौली मुफरिद प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एल0आई0सी0 के पालिसी संख्या 312432150 में मेरा नाम पायल अंकित है जो मेरा बचपन में बुलाने वाला नाम था। बाद में मेरा नाम बदल कर सोनम शुक्ला करा दिया गया जो कि मेरे आधार कार्ड व शैक्षिक प्रपत्रों में अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझे मेरे सही सोनम शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सोनम शुक्ला
पुत्री राकेश कुमार शुक्ला
निवासी ग्राम शिव का पुरवा
शुक्लान
पोस्ट जामताली तहसील रानीगंज
जनपद प्रतापगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एल0आई0सी0 के पालिसी संख्या 312432378 में मेरा नाम महादेव शुक्ला अंकित है जो मेरा बचपन में बुलाने वाला नाम था। बाद में मेरा नाम बदल कर शुभम शुक्ला करा दिया गया जो कि मेरे आधार कार्ड व शैक्षिक प्रपत्रों में अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है। मुझे मेरे सही शुभम शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये।

शुभम शुक्ला
पुत्र राकेश कुमार शुक्ला
निवासी ग्राम शिव का पुरवा
शुक्लान
पोस्ट जामताली तहसील रानीगंज
जनपद प्रतापगढ़

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़

नं0मु0 42/2022

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन बदामा देवी बनाम शबीना बानो आदि

बनाम

1. शबीना बानो उम्र लगभग 37 वर्ष पत्नी इरशाद अली 2. इरशाद अली उम्र लगभग 42 वर्ष सुत शेर अली समस्त निवासीगण ग्राम सराय रतऊ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 24.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राज किशोर सुत स्व0 मेढई निवासी ग्राम पुरैला थाना मानधाता तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ का निवासी हूँ। मेरे दो लड़के हैं। मेरा बड़ा पुत्र गोविन्द मेरी व मेरी पत्नी की न ही सेवा सहाय करता है न ही दवा इलाज का खर्च उठात है। आये दिन वह मुझसे व मेरी पत्नी से मारपीट करता है रहता है। उसकी संगत बुरे एवं आपराधिक व्यक्तियों के साथ हो गयी है वह मेरे कहे में नहीं रहता है उसके कृत्यों से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा पर बुरा असर पड़ रहा है, जिस कारण से मैं अपने पुत्र गोविन्द को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। गजट करा दिया सनद रहे वक्त जरूरत काम आवे।

राज किशोर
सुत स्व0 मेढई
निवासी ग्राम पुरैला थाना मानधाता
तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़

## रक्तदान मानवता की अमूल्य सेवा- विकास वैद्य



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** 39वीं वाहिनी पीएसी परिसर में कमांडेंट विकास कुमार वैद्य के आवाहन पर 14 जवानों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कमांडेंट वैद्य ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ता तथा मानवता की सेवा भी हो जाती है। ब्लैड बैंक के जनसंपर्क आधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनकी भावना की सराहना की कि उन्होंने अपने विवाह की वर्षगांठ पर स्वयं भी रक्तदान किया तथा औरों को प्रेरित किया। शिविर में 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिनमें 14 लोगों को ही रक्तदान के योग्य पाया गया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सूरज खरवार ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा रक्तदान शिविर का प्रबंध एवम देख रेख शुभम गुप्ता, सीए दुर्गेश और सूरज सेठ द्वारा किया गया। शिविर में प्रत्येक रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्ट वैन की टीम के माला सिंह, लैब टेक्नीशियन अमित सिंह, प्रदीप प्रवेश, श्रवण सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## निर्मल मन से अराधना करने वाले अवश्य प्राप्त होती है भगवान की कृपा

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन



**राजापुर, चित्रकूट:** महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर से करीब तीन किमी दूर रगौली मोड़ स्थित सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा के पास वन्दना ऑयल एण्ड फ्लोर मील के संयोजकत्व में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर महाराज वृंदावन ने कहा कि कलियुग में केवल भगवान का नाम ही एक ऐसा आधार है, जिसे जपने से बड़े-बड़े पापियों को मोक्ष मिल चुका है।

कथा व्यास ने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा, जपत-जपत नर उतरी पारा अर्थात कलियुम में भगवान के नाम की महिमा अपरंपार है। पापी वाल्मिकि उल्टा नाम जप कर ऋषि की उपाधि धरण की थी। गाडिका, अजामिल जैसे पपियो को प्रभु ने अपनी शरण में लिया था। कहा कि जो मनुष्य शास्त्रों के आधार पर चलता है, वह सांसारिक काम, क्रोध, मद, लोभ से विरक्त होकर वह निश्चित ही साकेत गामी होता है।

सत्संग ही एक ऐसा माध्यम है, जो आत्मज्ञान के साथ आत्मा को शक्तिशाली बनाता है। इस भौतिक शरीर में एक ऐसा तत्व है, जो अजर और अमर है। यदि उसे निर्मल कर ले तो भागवत की कृपा अवश्य प्राप्त हो सकती है। राजा जड़ भरत का दृष्टांत देते हुए कहा है कि रहु मणी राजा के पालकी के पालक ने सत्संग के माध्यम से राजा को आत्मज्ञान का बोध कराया था और सृष्टि में अंधकार को नष्ट करने के लिए भगवान भास्कर की आवश्यकता होती है, लेकिन मानव शरीर के अंदर अंधकार को नष्ट करने के लिए सतगुरु की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में ऐसा कोई ग्रंथ नहीं है, जो हिंसा की इजाजत देता है। कहा कि जो जीवों पर दया करता है और इंद्रियों पर नियंत्रण कर लेता है, उसी को गोस्वामी की उपाधि दी जाती है और वह व्यक्ति संसार में कभी दुखी नहीं रह सकता हैं।

श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में दिवाकर द्विवेदी, सन्तोष त्रिपाठी, घनश्याम द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशू पाण्डेय, पप्पू द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, रितेश पाण्डेय, गौरीदत्त द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी, सत्यम द्विवेदी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने राजकीय महाविद्यालय में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**चित्रकूट ब्यूरो:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट कानपुर प्रांत के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसके तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया।इस दौरान छात्र-छात्राओं को बताया गया कि हमारे देश के विकास के लिए मत का प्रयोग करना कितना आवश्यक है, शत-प्रतिशत मतदान होने से हम एक अच्छे जन सेवक का चयन कर सकते हैं, जो हमारे क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। लोकतंत्र का पर्व हमारे लिए एक उत्सव का पर्व है, लोकतंत्र में सरकार बनाने में प्रत्येक नागरिक का योगदान रहता है। जिससे एक सशक्त ईमानदार सरकार का निर्माण निर्माण हो और भारत देश पूरे विश्व में गौरव को प्राप्त करे। बताया गया कि सभी छात्र-छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। सभी छात्र-छात्राओं को अपने पास-पड़ोस के घर में जाकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। मतदान का प्रयोग जातिवाद, क्षेत्रवाद देखकर नहीं बल्कि राष्ट्रवाद को देखकर करना होगा। देश के प्रत्येक नागरिक के पास मत रूपी एक शक्ति है, जिससे वह अपने क्षेत्र, देश के विकास में भागीदार बन सकता है। महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली तथा सभी ने हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रधानाचार्य विनय चौधरी, विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रामजी, जिला सहसंयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी, तहसील संयोजक नितेश त्रिपाठी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या पांडेय, अंजली, आस्था, सत्यम, विष्णु व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**चित्रकूट ब्यूरो:** उच्च शिक्षा संस्थानों में होने वाले दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद भारतीय विश्वविद्यालय संघ और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रस्तुति ने विश्वविद्यालयों के कुलपति, उच्च शिक्षा संस्थानों के निदेशकों और प्राध्यापकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय सहित 12 विश्वविद्यालयों ने अपनी दीक्षांत प्रक्रिया को साझा किया।

ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं का पालन करने के लिए आयोजित कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को को भी सराहना मिली। कार्यक्रम बीते शुक्रवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सभागार में आयोजित हुआ। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा की ओर से दीक्षांत समारोह में भारतीय परंपराओं के पालन पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललित कुमार सिंह ने प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर 100 से अधिक विश्वविद्यालय के कुलपति, विभिन्न संस्थाओं के निदेशक तथा 200 से अधिक प्रोफेसर एवं अनेक छात्र छात्राएं भी शामिल रहें। उद्घाटन सत्र में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ अतुल कोठारी, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रो सीताराम, भारतीय विश्वविद्यालय संघ के महासचिव प्रो पंकज मित्तल, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे मौजूद रहे।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने अमित यादव को बनाया स्टार प्रचारक

**चित्रकूट:** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राष्ट्रीय पार्टियां अपनी सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, तो वहीं राष्ट्रीय पार्टी रही सीपीआई ने यूपी की सात लोकसभा सीटों पर उतारे गए उम्मीदवारों के लिए पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला सचिव अमित यादव को स्टार प्रचारक बनाने की घोषणा की है। बताते चलें कि सभी पार्टियां चुनाव को गति देने के लिए तथा मतदाताओं को रिझाने की भरसक कोशिश में लगी है। इसी क्रम में कम्युनिस्ट पार्टी ने यूपी की सात लोकसभा सीटों एवं एक विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव में अकेले चुनाव लडने के लिए प्रत्याशी उतार कर बिगुल बजा दिया है। इसी को गतिमान बनाने के लिए पार्टी के चित्रकूट से फायरब्रांड नेता व विधानसभा के प्रत्याशी रहे अमित यादव को लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनाने की घोषणा कर दी है।

## जंगलों में रह रहे दलित-आदिवासी बच्चों को प्रेरित कर स्कूल तक लाने का किया प्रयास




**चित्रकूट ब्यूरो:** भारत में स्कूल चलो अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका लक्ष्य हर बच्चे को शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार है और यह सुनिश्चित करना हर सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों को स्कूल जाने और अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय हनुमानगंज के प्रधानाध्यापक शिवनारायन द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जंगलों में रह रहे दलित-आदिवासी बच्चों को प्रेरित कर स्कूल तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। अभिभावको के अशिक्षित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चित्रकूट जिले में कोई उद्योग केन्द्र न होने के कारण यहां के गरीब तबके के लोग अपने बच्चों के साथ रोटी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में चले जाते हैं, इसी कारण से पीढ़ी की पीढ़ियां अशिक्षित रह जाती है और सरकार का यह मिशन अधूरा रह जाता है।

## हैंड़पम्प में पानी न भरने देने की शिकायत

**चित्रकूट ब्यूरो:** आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में राजापुर क्षेत्र के सुरजुवा पुरवा मजरा भटरी में छुआछुत के आधार पर हैंड़पम्प में पानी न भरने देने के मामले को गम्भीरता से लेने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भटरी ग्राम सभा की सुमैना देवी के नाम हैंड़पम्प स्वीकृत हुआ था और ग्राम सभा की सरकारी बंजर भूमि पर लगाया गया था। इसके बावजूद घर के बगल में रहने वाला रजउवा करवरिया ने तीन माह पूर्व जबरन हैंड़पम्प में समरसिबल का कनेक्शन करवा लिया है और अब उन लोगों को पानी नहीं भरने दे रहा है। इस मामले में सुमैना देवी का आरोप है कि जाति आधारित भेदभाव करते हुए आरोपी उसे हैंड़पम्प नहीं छूने देता है। साथ ही गाली-गलौज करता है। उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफकार्यवाही की मांग की है।

## अवैध शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने पांच आरोपियों को 90 क्वार्टर देशी व 38 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक राजोल नागर तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी मयंक कुमार निवासी इन्द्रानगर कस्बा व थाना मानिकपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी अमित सोनकर निवासी गोस्वामी नगर कस्बा व थाना राजापुर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव कुमार तिवारी तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी भरतलाल निवासी डिलौरा कोतवाली कर्वी को 28 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी रामप्रताप कोल निवासी बिजहना कोलान मजरा बड़ी मडैयन थाना बहिलपुरवा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ व उपनिरीक्षक यूटी हर्शित मिश्रा थाना मारकुण्डी तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी मुन्ना निवासी दुधबनिया थाना बहिलपुरवा को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बन्ध में गिरफ्तार इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सरकारी तालाब पाटने वाले दबंगों पर आखिर क्यों नही हो रही कार्रवाही?

## त्रिपुला से चंद मीटर की दूरी पर प्लाई फैक्ट्री के बगल में स्थित है सरकारी तालाब



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सुप्रीमकोर्ट के दिशा-निर्देशों तथा योगी सरकार की नियमावली को दरकिनार कर सरकारी तालाब को पाट कर अपनी निजी प्लाटिंग तक लगभग 20 मीटर चौड़ी कच्ची सड़क बनाने वाले भूमाफियाओं पर राजस्व विभाग के जिम्मेदार आलाधिकारी कार्रवाही करने से क्यों कतरा रहे हैं,यही सवाल लोगों के दिलो-दिमाग को झकझोर रहा है।

मामला सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ी खास का बताया जा रहा है,बताते चलें कि त्रिपुला चौराहा से महराजगंज रोड पर कुछ ही दूरी पर स्थित प्लाई फैक्ट्री से सटा हुआ मुख्य सड़क के बगल में एक काफी बड़ा तालाब है,जोकि हमेशा जलमग्न रहता है,उक्त तालाब के पीछे कुछ स्थानीय दबंग प्रवृत्ति व राजनैतिक रसूख वाले लोगों ने अवैध प्लाटिंग कर रखी है,बताया जाता है कि उक्त प्लाटिंग तक आवागमन करने के लिए कोई सड़क नही थी,जिसके कारण उक्त प्लाटिंग के ऊँचे दाम नही लग पा रहे थे,अपनी प्लाटिंग के दाम बढ़ाने के उद्देश्य से प्लाटिंग कर्ताओं ने सरकारी तालाब पर अपनी नजरें जमा दी,उसके बाद राजनैतिक आकाओं के संरक्षण के चलते खुलेआम तालाब को पाट कर तालाब के दोनों तरफसे अपनी प्लाटिंग तक लगभग 20 फुट चौड़ी कच्ची सड़क का निर्माण करवा दिया है,दोनों तरफसे तालाब पाट कर कच्ची सड़क का निर्माण किये जाने के पश्चात भारी-भरकम तालाब का स्वरूप अब एक मामूली गड्ढे में तब्दील हो गया है।

### लगातार छप रहीं खबरों के बावजूद कान में तेल डाल कर बैठा है प्रशासन!

बताते चलें कि अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं की इस हिमाकत की समाचार पत्रों में पिछले कई दिनों से खबरें प्रकाशित हो रही हैं,परन्तु मोटे चढ़ावे व राजनैतिक रसूख के तले दबे राजस्व विभाग के जिम्मेदारों के कानों पर जूँ तक नही रेंग रही है। बताया जाता है कि तालाब को पटवा कर कच्चा रास्ता बनवाने में एक किसी स्थानीय जनप्रतिनिधि का पूरा हाथ है,जिसके राजनैतिक रसूख व मोटे चढ़ावे की वजह से राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपना पल्ला झाड़ रखा है।फिलहाल मामले को लेकर कई बुद्धजीवियों ने कमर कस ली है,अब भूमाफियाओं के विरुद्ध आगे क्या कार्यवाही होती है फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। इस मामले में जानकारी प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल सत्यवान चौधरी के मोबाईल पर सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया,परन्तु लेखपाल का फोन रिसीव नही हो सका।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दरोगा को रौंदा, मौत

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना के हरचंदपुर कस्बा में एफएसटी टीम के साथ चेकिंग वाहनों का शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि में 12बजे के तकरीबन करते दौरान करते दौरान दरोगा राकेश सिंह को लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही रोडवेज बस ने रौंद दिया।जिनको आनन फानन वहां पर मौजूद अधिकारियों की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया।मृतक दरोगा की मूल तैनाती बछरावां थाने में विगत 8 माह से थी।जिनके मौत पर बछरावां पुलिस ने उनके जिला जौनपुर के गांव रामनगर सूचना दरोगा के मौत होने की दी जिसके बाद घटनास्थल पहुंचे मृतक दरोगा की पत्नी रेखा सिंह,पुत्र दीपक व शुभम एवं पुत्री साक्षी का रो रोकर बुरा हाल था।उधर एसडीएम सदर ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच किया जाएगा जिसको लेकर एफएसटी की टीम के सदस्यों के बयान भी दर्ज किया जाएगा।

# दिलचस्प होगा महाराजगंज बार एसोसिएशन का चुनाव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** दिलचस्प होगा महाराजगंज बार एसोसिएशन का चुनाव 13मई को होने वाले अधिवक्ता संघ के चुनाव में 21 पदो पर कुल 28 लोगो ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन था। आपको बता दें कि अध्यक्ष पद पर दो व महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया वर्ष 2023के चुनाव में महामंत्री पद के रनर प्रत्यासी रहे एसपी राजपूत ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। तो वही सहमंत्री वरिष्ठ 1 पद पर तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।और 6 कनिष्ठ सदस्य पद 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शेष पदो पर निर्विरोध चुनाव होगा। निर्वाचन कमेटी के सदस्य एस सी द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को सभी नामांकन पत्रों की नियमानुसार जांच की जाएगी जो भी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र वापस लेना चाहते हैं वो सोमवार को शाम 4 बजे तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं।

# सलोन कोतवाली क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन,रायबरेली।** सलोन कोतवाली क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था से पार पाने में स्थानीय पुलिस फेल साबित हो रही है।आलम यह है कि हर बार तू डाल-डाल मैं पात-पात वाली कहावत को चरितार्थ कर असमाजिक तत्व पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है।जिससे उबर पाने में पुलिस हर बार बेबस व लाचार नजर आ रही है।

शनिवार को दो अलग अलग ग्राम सभाओं में दबंगो के हमले से घायल पिता पुत्र समेत तीन लोग जिंदगी और मौत की जंग से जूझ रहे है।सीएचसी सलोन में घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।क्षेत्र के अतगंज उसरी गांव में शनिवार की सुबह नौशाद पुत्र शेर मोहम्मद अपने घर की दीवाल खड़ी कर रहा है।आरोप है कि इतने में ही पड़ोस के ही मोहम्मद साजिम,मोहम्मद यासिर,आश मोहम्मद, फैज मोहम्मद पुत्रगण लाल मोहम्मद ने धारदार औजार से अचानक हमला कर दिया।बीच बचाव में आये युवक के पिता पर भी धारदार औजार से हमलाकर मरणासन्न कर दिया गया।गम्भीर अवस्था मे दोनो पिता पुत्र को सीएचसी ले जाया गया।जहां से हालत नाजुक होने पर दोनों बाप बेटो को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।दूसरी घटना मोहद्दीनगर मजरे पाल्हीपुर गांव की है।तहरीर के मुताबिक गांव के ही विकास यादव पुत्र कमलेश यादव विपक्षी दीपक यादव के खेत मे जेसीबी चालक से बात करने गया था आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी दीपक ,सन्दीप,रोहित समेत अन्य लोगो ने युवक को कुल्हाड़ी और लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया इसके बाद घर कर उसकी जमकर पिटाई की गई जिससे युवक रक्त रंजित हो गया।ग्रामीणों ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे भी जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।तीन दिन पूर्व भी दिन दहाड़े ममुनी निवासी अधिवक्ता बिनय त्रिपाठी और उसके बेटे पर दबंगो ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था।उक्त प्रकरण में आज तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है।पुलिस की इसी शिथिलता के कारण क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है।लोगो मे पुलिस के नाम का खौफ गायब हो गया है।जिससे आम जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस नही कर रही है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की वादी नौशाद की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।दूसरी घटना में घायल युवक के भाई दीप सिंह की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजपा प्रत्याषी ने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर मांगा आर्षीवाद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार व भाजपा प्रत्याषी दिनेश प्रताप सिंह ने शनिवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के रूस्तमपुर, मुलिहामऊ, चकलोधीपुर, कलन्दरपुर, रतन्सीपुर, गोंदवारा, लोधवारी सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर आर्षीवाद मांगा। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। अबकी बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कड़ी में अहम भूमिका निभायेगा। भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने लोगों से कहा कि अब मौका फिर से आया है जब वही पुरानी बातें दोहराकर कांग्रेस आपको इमोषनल ब्लैकमैल करेगी। सिर्फएक बात कहीं जायेगी कि हमारे पूर्वजों ने देष की सेवा में शहादत



दी है इसीलिए हमें वोट दो लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह भाई-बहन कब तक अपने पूर्वजों की लाषों पर राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी 50-55 की आयु में देष और रायबरेली के लिये क्या किया है। यहां की जनता उन्हें वोट किस मक्षद से दें। देष के हजारों-हजार सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया लेकिन किसी के परिजनों ने अपने बेटे, पिता अथवा पति के बलिदान की कीमत देष से नहीं मांगी, किन्तु गांधी परिवार जब देखों तब अपने पुर्खो की लाषों पर वोट मांगते देखे जाते है। यदि किसी के परिवार में कोई अयोग्य, नकारा, दिषाहीन सुविधा होगी संस्कारविहीन संतान जन्म ले ले तो क्या इस आधार पर उस अयोग्य संतान को देष अथवा क्षेत्र सौंपा जा सकता हैं। उनके पुर्खो ने काम किया है जिसको देषवासियों ने ब्याज सहित सम्मान वापस किया है। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव हारने के बाद भी पूरे पांच साल आप सबके बीच में रहकर हर सुख-दुख का भागीदार रहा हूं। बीते पांच सालों में राहुल गांधी व नकली गांधी परिवार ने न तो अमेठीवासियों व रायबरेली की सुध ली। यही कारण रहा कि वह अमेठी से वायनाड गये, अब अमेठी छोड़कर रायबरेली वहीं पुराना राग अलापते आये है। लेकिन जनता सब कुछ समझ चुकी है। अब उनके बहकावे में कोई नहीं आने वाला। राज्यमंत्री ने दर्जनों गांवों में भ्रमण कर केन्द्र व प्रदेष की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। कहा सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे लोगों को मिल रहा है। इस बार अमेठी की तरह रायबरेली से भी नकली गांधी परिवार को भागना पड़ेगा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं, जिसने इतने छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी के काबिल समझा: केएल शर्मा




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन,रायबरेली।** अमेठी लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार बनाये गए केएल शर्मा शनिवार को सलोन पहुँचे।नगर के एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश के लिए लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियां राहुल गांधी को मैदान से भागने का राग अलाप रही है।राहुल गांधी ऐसे व्यक्ति है जो डटकर विरोधी खेमे के हर एक झूठ का सच्चाई से मुहतोड़ जवाब दे रहे है।कहा कि भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए राहुल गांधी लड़ रहे है।उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं, जिसने इतने छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी के काबिल समझा है।मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का तहे दिल से आभारी रहूंगा।।उन्होंने कहा कि इसबार भी इतिहास दोहराना है और भारी मतों से चुनाव जीत कर हम अमेठी सीट को कांग्रेस की झोली में डालेंगे।इससे पूर्व उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जनसम्पर्क अभियान में जुट जाने का आहवाहन किया है।कांग्रेस उम्मीदवार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत कार्यकर्ता ही कांग्रेस के सम्मान को पुनः लौटा सकता है।इस बीच कार्यकर्ताओ ने अपनी कुछ राय भी प्रत्याशी के साथ साझा की है।बतादे की किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के बेहद करीबी और खास सलाहकार माने जाते हैं।

इसी कारण उन्हें सोनिया गांधी का प्रतिनिधि भी बनाया गया था।गांधी परिवार से उनका बहुत पुराना नाता रहा है।किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए।इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य जितेंद प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद सिंह,इरफान उर्फ डब्बू,दिग्विजय सिंह,पूर्व एमएलसी दीपक सिंह,कल्याण गांधी,तनवीर अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सभासद व समाजसेवी का इलाज के दौरान निधन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** पूर्व सभासद व समाजसेवी शमशुल हक कुरैशी (70) का शुक्रवार को इलाज के दौरान रायबरेली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह एक गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। शनिवार को दोपहर बाद महराजगंज के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके निधन पर महराजगंज कस्बा समेत आसपास के लोगों ने गहरा शोक जताया हैं।

आपको बता दे कि, पूर्व सभासद रहे शमशुल हक कुरैशी का लगाव कस्बा वासियों से होने के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी अहम योगदान रहा है। उन्होंने सदैव समाज के गरीब शोषित वंचित लोगों की मदद की, जिसकी वजह से उनकी ख्याति काफी दूर-दूर तक थी। उनके निधन पर महराजगंज नगर की अध्यक्षा सरला



साहू के पति प्रभात साहू ने कहा कि, समसुल हक कुरैशी के निधन से महराजगंज कस्बा वासियों को छति पहुंची है, जिसकी भरपाई करना नामुमकिन है।

राज्य मंत्री प्रतिनिधि शिवम तिवारी, विधायक श्यामसुंदर भारती, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सपा नेता सुधीर साहू, विजय वैस्य, कमलेश रस्तोगी, अली अमजद, पप्पन कुरैशी, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद अलीम, शाहेजमन, विजय धोनी, शब्बीर कुरैशी, मोहम्मद कौसर, मोहम्मद मटरु, बाबू मुस्तकीम, सचिन गुप्ता, रमजान अली, असगर मदारिया, रामकुमार यादव, पवन साहू भाजपा नेता, सतीश कुशमेश, नूरुल हसन, मोहम्मद मारूफ उर्फ संजू, मोहम्मद जावेद, अंकुर जायसवाल, अंकुर गुप्ता आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया।

# भाजपा नेता सुशील शुक्ला ने लालगंज नगर के घोसियाना वार्ड में किया जनसंपर्क



**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने घोसियाना बूथ अध्यक्ष मदन वर्मा, संतोष बाजपेई मंटू और उनकी टीम के साथ लालगंज नगर में जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेता विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने के लिए रायबरेली का योगदान जरूरी है। सुशील शुक्ला ने कहा कि पिछले चुनाव में अमेठी ने कमल खिलाया और इस बार अमेठी के साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जनता की सेवा,भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु भाजपा संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश के चौमुखी विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए भारतीय संस्कृति, धार्मिक मूल्यों, एवं राष्ट्रवादी विचारधारा की रक्षा कर सकती हैं। सभी से एकजुट होकर रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जिताने की अपील की। वहीं भाजपा नेता अनूप पांडे ने जनसंपर्क करते हुए कहा कि मोदी ही सर्वमान्य नेता हैं।मोदी ही देश को विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए रायबरेली का हर बूथ और भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह का जीतना जरूरी है। अनूप पांडे ने कहा कि कांग्रेस के नेता पिछली बार अमेठी में हारे थे। स्मृति ईरानी की शोहरत से घबराकर रायबरेली चुनाव लड़ने आए हैं। रायबरेली की जनता भी उन्हें सबक सिखा कर भगाने का काम करेगी। इस मौके पर राजू अग्निहोत्री, शुभम वर्मा, आशीष गुप्ता ,विजय, अभय, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने मतदान मतगणना स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए शराब, मदिरा, बीयर आदि दुकानें बंद रखने के दिये निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्कध्मद्य निषेध दिवस (क्तल क्ंल) घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सायंकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सायंकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0-7. एफ0एल0-9ध्9 ए एफ0एल0-16ध्17 एवं एफ0एल0-49 की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सी0एल0-2. एफ0एल0-2ध्2बी एवं भांग को शुष्कध्मद्य निषेध दिवस (क्तल क्ंल) घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं।इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सायंकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सायंकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्टम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थो की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उपरोक्त बन्दी हेतु कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# नगर पंचायत कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन रायबरेली।** निर्णय हो मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेगें। सलोन कस्बे में उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा की अगुवाई में तहसील के कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत कर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।उपजिलाधिकारी ने लोगो को आने वाले लोक सभा चुनाव में 20 मई को मतदान करने के लिये जागरूक किया। मतदाता जागरूकता के इस अभियान में तहसील कर्मियों के साथ तहसीलदार ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी को बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभानी है।इस मौके नयाब तहसीलदार वेद प्रकाश, कानून गो वीरेंद्र त्रिवेदी,अमरेश मौर्य, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,संजय द्विवेदी, अरुण सिंह चौहान, शैलेन्द्र गुप्ता, कमला शंकर, हरिश्चंद्र आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के समर्थन में शिक्षक नेता डॉ नरेंद्र सिंह ने किया सघन जन संपर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** दिनेश सिंह के समर्थन मे डलमऊ क्षेत्र के दर्जनो गाँव का समर्थन प्राप्त करने हेतु रवीद्र सिंह के नेतृत्व मे बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह और उनकी टीम ने भ्रमण किया।इस अवसर पर बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज जहां पूरा देश नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते हुए देख रहा है।

वही रायबरेली की जनता भी इस बार भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस चुकी है ।कांग्रेस के शहजादे को यहां की जनता रायबरेली से अमेठी की तरह भगाने का काम करेगी। रायबरेली की जनता अब नकली कांग्रेसियों के बहकावे में नहीं आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गांव गरीब के लिए लाभकारी योजनाओं के चलते इस बार रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। इस अवसर परअजय सिंह चंदेल सचिव खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा रायबरेली, शत्रुघ्न सिंह चौहान पूर्व प्रधानाचार्य वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली ने भी वोट एवं समर्थन माँगा। इस दौरान सभी का आपार जन समर्थन प्राप्त हुआ।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तरप्रदेश की कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण

## सात साहित्यकारों सहित महासंघ के इक्यावन पत्रकारों का हुआ सारस्वत सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** पत्रकारों के संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तरप्रदेश इकाई का विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात पाठ्यक्रम पुस्तक लेखक डॉ सर्वेश कान्त वर्मा %सरल% तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, संरक्षक प्रोफेसर अवधेश अग्निहोत्री, डॉ सुभाष चन्द्र कानपुर, विजय बेशर्म गाडरवारा, रामचन्द्र राय आजमगढ़ रहे 7 भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक एवं संचालक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने प्रदेश अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा, प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह, प्रांतीय संरक्षक राम चंद्र राय, सतीश चन्द्र मिश्र मधुर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल, प्रान्तीय सचिव सुमन कुमार पाण्डेय के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।समारोह में इस



अवसर पर देश के सात मूर्धन्य साहित्यकारों को साहित्यिक सांस्कृतिक कला संगम अकादमी परियावां प्रतापगढ़ द्वारा मानद सम्मानोपाधि ÷विद्या वाचस्पति÷ के सारस्वत सम्मान में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपी यादव बलिया प्रयागराज ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने बीपी यादव को सम्मानित किया।

सारस्वत सम्मान से सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में श्रीमती जया सिंह सुलतानपुर, श्रीमती वंदना सोनी %विनम्र% जबलपुर, जया मोहन प्रयागराज, राज बहादुर राना सुलतानपुर, सतीश बब्बा चित्रकूट, योगेंद्र कुमार मिश्र %विश्वबंधु% प्रयागराज, मालती नीलाक्षी उन्नाव शामिल रहे। वहीं इस अवसर पर काव्य शतक (काव्य संग्रह ) डॉ जया मोहन, वागीश वाणी (दोहा संग्रह ) डॉ राम लखन चौरसिया वागीश, प्रगति के दीप (साझा काव्य संग्रह ) साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज का लोकार्पण विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीयमीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन, देश दर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रदीप सिंह, कार्य कारिणी सदस्य कुलदीप

### 15 जुलाई से रजत जयंती वर्ष मनाए जाने का लिया गया निर्णय

शुक्ल, छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र द्विवेदी, प्रयागराज मण्डल संरक्षक अब्दुल हाशिम, मण्डल सचिव अशोक कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी, मुख्य महासचिव राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव कुंवर तौकीर अहमद खान, लाल चंद्र प्रजापति, महासचिव कमलेश सिंह, सुधीर सिन्हा, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, महानगर अध्यक्ष विकास केलकर सहित मिर्जापुर जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, छविलाल पाल, अम्बेडकर नगर, ललिता अग्रवाल, मयंक कुमार, अशोक निषाद, देवेश चौबे, अखिलेश यादव, केशव प्रकाश सक्सेना, अनिल बहोरिकपुरी, ललित मोहन, रामभरोस मिश्र, जफर सिद्दीकी, आनंद वैश्य, अनिल धुरिया, सौरभ आदि सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन सुमधुर स्वल्पाहार के साथ सम्पन्न हुआ।

# सौतन ले आने पर मायके वालों से पति को पिटवाया

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के कनेहटी में एक युवक को पत्नी के रहते दूसरी पत्नी ले आना काफी महंगा पड़ गया। पहली पत्नी ने अपने मायकों वालों को बुलवा कर पतिदेव को जम कर पिटवाया। दूसरी पत्नी ने पति के जान को खतरा बताते हुए बहरिया थाने में शिकायत पत्र दिया है। कनेहटी निवासी सुरेश बिंद बलिया जनपद में रह कर मजदूरी करता है। वहीं पर उसने रीना देवी से कोर्ट में शादी कर ली। जब रीना को ले कर वह घर आया तो पहली पत्नी गुलाब कली झगड़ा करने लगी। आरोप है कि रीना के बलिया जाने पर गुलाब कली ने अपने मायकों वालों को बुलवा कर उसे जम कर पिटवाया। जानकारी होने पर रीना बलिया से वापस आई और गुलाब कली के पिता जोधे लाल और भाई रवि कुमार के खिलाफ बहरिया थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कल

**बहरिया।** सिकंदरा स्थित राम जानकी मंडपम में सोमवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एम्स के पूर्व विशेषज्ञों द्वारा नेत्र चिकित्सा, जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार पांडेय ने दी।

# मोदी के नेतृत्व में शान के साथ कश्मीर में तिरंगा फहरा रहा है- रजनी तिवारी

## शहर उत्तरी विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ आयोजित

**प्रयागराज।** फूलपुर संसदीय क्षेत्र के शहर उत्तरी विधानसभा का बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन केंद्रीय चुनाव कार्यालय जॉर्ज टाउन क्लब के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा बूथ को सर्वसमावेशी व सर्वस्पर्शी बनाने की जरूरत है। हमको समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है और भाजपा को अजेय भाजपा बनाना लक्ष्य है।

उन्होंने बूथ जीतो चुनाव जीतो, मेरा बूथ सबसे मजबूत का मंत्र का नारा दिया। उन्होंने कहा हमारा नेतृत्व पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहा है। मोदी के नेतृत्व में धारा 370 जाता और कश्मीर में शान के साथ तिरंगा फहरा रहा है। पुणे के नेतृत्व में दिव्य एवं भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और सपा कांग्रेस के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से अपने आप को एक वर्ग विशेष के वोट के लिए दूरी बनाए रखा। ऐसी राम विरोधियों का अस्तित्व आज देश की जनता ने उनका अस्तित्व नकार कर दिया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता एक दूसरे के पूरक हैं। हम आपके बिना एक कदम भी नहीं चल सकते। उन्होंने कहा 20 दिन में हमारा लक्ष्य शानदार जीत का होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि इतनी शानदार जीत हो




कि लोगों की ताकत भारतीय जनता पार्टी की ताकत बन जाए। उन्होंने शानदार जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं से बूथ पर दो दिन में 425 मतदाताओं की सूची बनाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा प्रत्येक बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत मतदान कराना है।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा यह दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है। पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करना सबसे बड़ा काम है।

इस अवसर इस अवसर लोकसभा सभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी, लोकसभा सभा संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महापौर गणेश केसरवानी, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक डायरेक्टर उपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक डॉ करण सिंह पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विक्रम सिंह पटेल, विभूति नारायण सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बूथ अध्यक्षों में जोश भरा।

सम्मेलन का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा एवं सचिन जायसवाल ने किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर शहर उत्तरी विधानसभा के 416 बूथ अध्यक्ष, 90 शक्ति केंद्र प्रमुख, 79 पोलिंग सेंटर प्रमुख और 30 वार्ड अध्यक्षो को अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अनुज परिहार संयोजक संजय गुप्ता, मीडिया प्रमुख आनंद वैश्य सुदर्शन, राघवेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी बृजेश त्रिपाठी नीरज पांडे, देवेश सिंह, शशि वार्ष्णेय,मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ,भोला सिंह, भरत निषाद,राकेश भारती, अनिल भट्ट, अवनीश तिवारी, संजय श्रीवास्तव,हनुमान प्रसाद, प्रशांत शुक्ला एवं शहर उत्तरी विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कमीशन को लेकर पूर्व प्रधान ने दी सचिव को गाली और जान मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव के दमगड़ा बाजार के एक पूर्व प्रधान अवधेश जायसवाल बाबा की दबंगई प्रकाश में आई है। पूर्व प्रधान द्वारा कमीशन के चक्कर में गाली और जान मारने की धमकी फोन पर दी गयी। मामले में खंड विकास अधिकारी धनूपुर के पत्र जारी करने पर सचिव की तहरीर पर पूर्व प्रधान के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। बता दे कि धनूपुर ब्लॉक के दमगड़ा बाजार के पूर्व प्रधान अवधेश जायसवाल लकी इंटरप्राइजेज फर्म चलाते हैं।फर्म के तहत गावों में विकास कार्य कराते हैं। सूत्रों की माने तो अवधेश के द्वारा सराय आलम मदारी गाँव में विकास कार्य कराया गया था। जिसमें कमीशन को लेकर गाँव में तैनात सचिव सूर्य कुमार से फोन पर वार्ता लाप के दौरान 1 मई को दोपहर मनबढ़ पूर्व प्रधान द्वारा सचिव को गाली और जान मारने की धमकी दी गयी थी। सचिव द्वारा गाली का आडियो बना लिया गया। सचिव ने मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी धनूपुर को दे दी गयी। बीडीओ ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक पत्र जारी किया। जिसपर शनिवार को एडीओ पंचायत के साथ क्षेत्र के दर्जन भर सचिव उतरांव थाने पर पहुँच गये। सचिव सूर्य कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गाली और जान मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# निबन्ध प्रतियोगिता में माधव ज्ञान केन्द्र की शिक्षिका निशि शर्मा का सम्मान



**नैनी (प्रयागराज )।** अखिल भारतीय आचार्य/आचार्या निबन्ध प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मन्दिर माधव ज्ञान केन्द्र नैनी प्रयागराज की शिक्षिका कु0 निशि शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर पांचवा स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर समिति व विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

विद्या भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय आचार्य/आचार्या निबन्ध प्रतियागिता का आयोजन किया गया, जिसके परिणाम की घोषणा करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. रामेन्द्र सिंह ने बताया, कि 'विश्व पटल पर भारत का बढ़ता प्रभाव' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में देश भर के विद्या भारती के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें क्रमशः विद्यालय स्तर, संकुल, प्रान्त, क्षेत्र स्तर के बाद अखिल भारतीय स्तर पर निबन्धों का चयन किया गया, इसमें काशी प्रान्त पूर्वी उ0प्र0 के अन्तगर्त इस विद्यालय की शिक्षिका कु0 निशि शर्मा को पांचवॉ स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर कु0 निशि शर्मा को विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र द्वारा प्रमाण पत्र व पन्द्रह सौ रूपये का चेक प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है, कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आचार्य निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता सम्पूर्ण देश के विद्या भारती से सम्बद्ध एवं सम्पर्कित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होती है। जिसका मूल्यांकन देशभर की प्रान्तीय समितियों द्वारा होता है। प्रत्येक समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरान्त श्रेष्ठ 5 निबन्धों को राष्ट्रीय कार्यालय कुरूक्षेत्र को भेजा जाता है। कुरूक्षेत्र में प्राप्त श्रेष्ठ 177 निबन्धों में संस्थान के निर्णायक मंडल द्वारा 11 निबन्धों का चयन किया जाता है।

इस उपब्धि पर आज विद्यालय की वंदना सभा में प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक शिव कुमार पाल, प्रधानाचार्य डॉ0 विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षकों द्वारा भी सम्मानित किया गया।

# ईगल हाउस बनी चैंपियन हाउस

लोकमित्र ब्यूरो

**नैनी ( प्रयागराज )।** विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी शनिवार को सेंट जॉनस एकेडमी करछना में एनुअल प्राइज डे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर उपेंद्र सिंह कंदील रहे। जो, कि वर्तमान में एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर प्रयागराज के ग्रुप कमांडर हैं। उनके साथ 15 यू पी एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पी.एस मोहापात्रा भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि सेंट जॉन्स अकादमी में प्रत्येक वर्ष वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष भी एनुअल प्राइज दे का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा प्रेप से लेकर कक्षा 11 के छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी कैडेट द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया । इस मौके पर सेड्रिक शील्ड (चैंपियन हाउस) का खिताब भी दिया गया। जो कि विगत वर्ष में खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाली हाउस को दिया जाता है। इस वर्ष ईगल हाउस (येलो हाउस) ने यह खिताब जीता। ईगल हाउस के हाउस मास्टर लेफ्टिनेंट अभिजीत और हाउस मिस्ट्रेस शाइस्ता बोइन ने अपने हाउस की तरफ से यह शील्ड प्राप्त कीद्य

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर उपेंद्र सिंह कंदील ने सभी पुरस्कृत छात्रों को बधाई दी और अग्रिम जीवन के लिए शुभकामना दी। उन्होंने जीवन में परिश्रम और एकता के महत्व को उजागर किया और साथ ही साथ जीवन में आत्मविश्वास की महत्वता को भी साझा कियाद्य

इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर सी वी इनेस एवं डोरिंडा इनेस भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर जरीन रिजवी ने किया।

# भाजपा सोशल मीडिया ने डीपी के माध्यम से चुनावी कैंपिंग को दी धार

**प्रयागराज।** मिशन 2024 की फतेह को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी कैंपिंग के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी सरकार एवं लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में शानदार चुनावी कैंपिंग की शुरुआत कर दी।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की कैंपिंग को लेकर प्रत्येक लोकसभा में 200 सोशल मीडिया टीम वॉरियर्स की फौज 2024 लोकसभा चुनाव की चुनावी कैंपिंग को सोशल मीडिया की प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों के और मोदी सरकार की 400 पार की विंनिग चुनावी अभियान के समर्थन में प्रयागराज की इलाहाबाद एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं प्रवीण पटेल के समर्थन में सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर पेज एवं एक्स अकाउंट पर डीपी चेंज कर चुनावी कैंपिंग की शानदार धार देने का काम शुरू कर दिया है। इस अभियान से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता जुड़ रहे हैं। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से सोशल मीडिया पर रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है शत प्रतिशत मतदान- अशोक मेहता

लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** लोक जागरण मंच के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी के आवास पर अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने नगर पंचायत के सभासदों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया इस दौरान उन्होंने कहा की लोकतंत्र के महापर्व में हर जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है की उसके बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो जो नागरिक मतदान नही करता उसे चुनी हुई सरकार पर सवाल उठाने का हक नहीं बनता,बैठक में



उनके साथ अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता अरविंद सिंह ने भी उपस्थित लोगो ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की इस दौरान उनके साथ शासकीय अधिवक्ता ज्ञान नारायण कनौजिया, अनिल मिश्र,पंकज केशरी, सुभाष चंद्र पांडेय, प्रेम शंकर, रविन्द्र मिश्र समेत नगर पंचायत के सभी सभासद व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जीवन रक्षक दवाओं की महंगाई और बढ़ा रही दर्द, बढ़ी परेशानी

## नहीं है औषधि विभाग का नियंत्रण, अस्पतालों में दवाएं न मिलने से मुश्किल

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कहीं जीका का खतरा मंडरा रहा है तो कहीं डेंगू का दंश संकट का पर्याय बना है। किसी को शुगर सता रहा है तो किसी का दिल बीमार रहता है।कोई दौरे का मरीज है । ऐसे मरीजों व उनके स्वजनों को रोग के साथ महंगी दवाएं भी दर्द दे रही हैं।मौसमी व मच्छर जनित बीमारियों की दवाओं के साथ ही जीवनरक्षक की क्षेणी में आने वाली अन्य कई दवाएं भी महंगी हो गई है । सरकार के तमाम दावों के बावजूद सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं नहीं है । जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त, गैस व कुछ चर्म रोग की दवाओं को छोड़कर ज्यादातर गंभीर रोगों कीं दवाएं बाहर से दवा लेना मरीजों की मजबूरी है । शुगर दौरा हृदय रोग, हार्मोनल व बीपी जैसे बीमारियों की दवाएं बाहर से लेने में उनका दर्द बढ़े दाम को सुनकर और बढ़ जा रहा है । हालात यह है कि इन दिनों इनके दाम हर पखवाड़े बढ़ रहे हैं । वह भी तेजी से । इस पर किसी का दमा की दवा डेराफाइलिन का मूल्य बढ़ा है । अब यह 30 के बजाय 40 रूपये की है । कोई नियंत्रण भी नहीं दिखता अखबार ने दवा मार्केट पर नजर डाली तो न पाया कि बहुत सी दवाओं का दाम बढ़ गया है । इसकी वजह कच्चे माल यानि केमिकल की कमी है ।

प्लेटलेट्स मेडिसिन की खपत बढ़ी

बुखार, डायरिया, टाइफायड के मामले इन दिनों तेजी से बढ़े हैं ।महामारी से लेकर गांवों व कस्बों तक नए-नए मरीज मिल रहे हैं । ऐसे में प्लेटलेट्स मेडिसिन की खपत बढ़ गई है । मुख्य रूप से प्लेटामेक्स व सीवाकाउंट दवाओं की मांग बाजार में बढ़ी है । दुकानों पर एक गत्ते की जगह दस से 15 गत्ते की खपत हर महीने हो रही है ।

# पराली जलाने का विधि विरुद्ध कृत्य कदापि न करें, होगी कार्यवाही- डॉ आरके पाण्डेय

**कोरांव(प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र कोरांव में लोगों द्वारा शासन के मंशा के विपरीत पराली जलाने का सिलसिला नहीं थम रहा है और प्रतिदिन एक साथ दर्जनों स्थानों पर पराली जलाया जा रहा है। क्षेत्र में एक साथ कई जगहों पर पराली जलाए जाने से अग्निशमन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई हैं जिन्हें बढ़ती हुई आग पर काबू पाने और बस्तियों को बचाने के लिए दूर दूर से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवानी पड़ रही हैं। मामले को लेकर अग्निशमन विभाग के सीएफओ डॉ आरके पाण्डेय से शनिवार को हुई एक वार्ता के दौरान उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि पराली जलाने का विधि विरुद्ध कृत्य कदापि न करें



अन्यथा विधिक कार्यवाही की जाएगी। इतना ही नहीं उन्होंने पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पराली न जलाने की अपील किया और कहा कि पराली जलाने से जमीन के जैविक फायदे वाले कीट नष्ट हो जाते हैं जिससे जमीन की उपजाऊ शक्ति कमजोर हो जाती है। फिलहाल पराली जलाने को लेकर विश्वास सूत्रों की मानें तो कतिपय लोगों द्वारा फसल बीमा कराया गया था जिसका मिलीभगत से अनुचित लाभ लेने के लिए पराली जलाया जा रहा है जबकि क्षेत्र में कहीं भी किसी भी व्यक्ति की फसल खेतों में खड़ी या पड़ी देखने को नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी और लू में लोगों द्वारा निजी स्वार्थ में पराली जलाए जाने से एक ओर जहां पशुओं का निवाला खाक हो रहा है वहीं दूसरी ओर निकटस्थ बस्तियों में आगजनी के घटनाओं की चिंता सता रही है। यदि पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई तो किसी न किसी दिन कोई बड़ी अप्रिय घटना देखने व सुनने को मिलेगी।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन तैयारी को लेकर हुई बैठक

**प्रयागराज।** आज शिशु संगम में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी को लेकर विधानसभा प्रभारी सुरेश मौर्य की अध्यक्षता में बैठक हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया कि कल सायं 5 बजे नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में होने वाले शहर दक्षिणी विधानसभा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन के संदर्भ में आज कीटगंज स्थित कार्यालय पर विधानसभा प्रभारी सुरेश मौर्य एवम संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ल की उपस्थिति में एक बैठक हुई जिसमें बूथ प्रबंधन समिति के सदस्य, मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी सुरेश मौर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए सभी से अपने अपने मंडल के बूथ अध्यक्षों



के साथ उपस्थित रहने को कहा। साथ ही बताया कि जनसंपर्क के माध्यम से प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी घरों से बाहर निकले और आम जनता के बीच जाएं। विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ल ने बताया बूथ अध्यक्ष चुनाव का महत्वपूर्ण स्तंभ है। ये सम्मेलन सभी बूथों पर पिछली बार से कम से कम 370 वोट अधिक प्राप्त करते हुए विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर विस्तारक प्रिंस गुप्ता, एवं गिरिजेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद जायसवाल (मोदी) जिला उपाध्यक्ष, दीप द्विवेदी, विवेक अग्रवाल आदि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में बदमाशों से पुलिस की हुई मुठभेड़

## दो हिरासत में, अपहरण और हत्या का है आरोप

**प्रयागराज।** बीते दिनों थरवई इलाके में अपहरण और हत्याकांड के मामले फरार चल रहे अआरोपियों और पुलिस के बीच शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गयी। जिन्हे पुलिस ने इलाज के एसआरएन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस घटना के बाद से ही तीनों की तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक थरवई के मलाका पुलिया के समीप शुक्रवार की रात पुलिस भारी वाहनो की चेकिंग कर रही थी। उसी वक्त पुलिस की चेकिंग देखकर कार सवार बदमाश भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और घेराबंदी करना शुरु कर दिया। जिसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर कई राउंड फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की तो दो बदमाशों में अजय पटेल और दिलीप पटेल के पैर में गोली लग गयी। वहीं एक बदमाश मौके से भाग निकला। पुलिस ने उसका भी पीछा कर उसे पकड़ लिया। गोली लगने से घायल बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया और इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए तीनों बदमाश थरवई में हत्या और अपहरण के मामले में फरार चल रहे थे। मामले में गंगा नगर डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि पकड़े गए लोगो से पूछताछ की जाएगी। अभी उन्हे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पूछताछ में कई घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

# मजदूरी करने गये राजमिस्त्री की हार्टअटैक से मौत

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** शनिवार को ग्राम खिवली कला में राजगीर मिस्त्री काम करने गया । युवक की अचानक सीने में दर्द हार्ट अटैक से मौत हो गई । बताया जाता है कि क्षेत्र के खिवली कला निवासी प्रमोद कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र बाबू लाल राज मिस्त्री का काम करता था । जो अपने गांव में ही काम करने गया हुआ था । अचानक उसके सीने में दर्द हुआ तो और काम कर रहे । दूसरे साथी ने अपनी बाइक से उनको घर पर पहुंचा दिया । जहां पर उनके दर्द बढ़ती जा रही थी । परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल ले जाने की तैयारी बनाया कि इतने में ही युवक की गई जान चली गयी ।

जानकारी के मुताबिक मृतक प्रमोद कुमार पुत्र बाबूलाल मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था । जिनका दो लड़के और दो लड़की बच्चे अभी सभी नाबालिक है । अचानक मौत होने की वजह से ग्रामीणों में मातम छा गया गांव आसपड़ोस परिवार और मृतक की पत्नी सुलेखा संग चारो बच्चो का रो-रो कर बुरा हाल है । मौजूद लोगों का चर्चा मे कहा कि मृतक प्रमोद कुमार राजमिस्त्री तीन डोज बैक्सीन इंजेक्शन लगाने से आए दिन सुस्त रहता था । इसके कारण हार्ट अटेक होने से मौत का कारण हो सकता है ।एक ऐसी घटना आज के दो दिन पूर्व बृहस्पतिवार को ग्राम अमिलिया पाल बड़ोखर मे भी घटना हुई थी राजेश कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र जबकि विगत वर्ष जून 2023 में ग्राम बसहा में शादी हुई थी । जिनकी सीने में दर्द ही होने के कारण मौत हो गई थी ।

# झूंसी क्षेत्र में पहले मतदान फिर जलपान का लगा नारा

**झूंसी ।** झूंसी नगर निगम जोन 8 के कोहना और हवेलियां वार्ड में शनिवार की सुबह आगामी लोकसभा चुनाव पच्चीस मई मतदाता को मतदान करने हेतु कोहना पार्षद अनिल यादव के नेतृत्व में एक रैली निकाली गई। रैली में नगर निगम कर्मियों के संग क्षेत्रीय प्रबुद्धजन भी शामिल रहे। पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए कोहना और हवेलियां की गलियों



में भ्रमण किया। जोनल सुदर्शन चंद्रा ने उपस्थित लोगों को मतदान करने तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की संकल्प दिलाई। रैली में इंस्पेक्टर डीपी सिंह, अशोक सिंह मेजर, सुरेंद्र सिंह, अशोक राय, महेंद्र विश्वकर्मा, शंभूनाथ यादव, अधिवक्ता राजीव वर्मा, डीएस मौर्या, सुरेन्द्र मैनेजर, दिनेश मिश्रा, मोहन लाल, सजन यादव, दीप नारायण सिंह, हरिओम यादव, अजय सिंह, आफताब अहमद, रावेंद्र सिंह, रामबाबू, सुनील श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

# तीस लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नैनी(प्रयागराज)।** औद्योगिक क्षेत्र के मवैया स्थित बड़ी मंदिर के समीप पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन, व्यक्ति चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान किया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया नशे का सौदागर मवैया निवासी अंकित निषाद पुत्र स्व. कमलेश निषाद है और उसके कब्जे से 15 -15 लीटर की दो पिपियों में कुल 30 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मु.अ.सं. 88/2024 धारा 60 एक्साइज एक्ट पंजीकृत कर चालान किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में बरामार पुलिस चौकी प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक हरिओम सिंह, महिला सब इंस्पेक्टर निधि कुमारी, ज्योति कौर शामिल रही।

# राहुल ने प्रज्वल रेवन्ना मामले में सिद्धरमैया को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों पर लगातार चुप्पी साधे रखी हो।

गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, 'मैं आपसे (सिद्धरमैया) अनुरोध करता हूं कि कृपया पीड़िताओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें।' उन्होंने कहा, 'वे हमारी करुणा और एकजुटता की पात्र हैं क्योंकि वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को सजा दी जाए।' संबंधित घटनाओं को 'भयावह यौन हिंसा' करार देते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना ने बीते कई वर्षों में सैकड़ों महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और उनका वीडियो बनाया। राहुल ने कहा, 'उनमें से कई महिलाएं, जो उसे भाई और बेटे के रूप में देखती थीं, उनके साथ भी हिंसक तरीके से क्रूरता की गई और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। हमारी माताओं और बहनों से दुष्कर्म के लिए सबसे सख्त सजा दिए जाने की आवश्यकता है।'

कांग्रेस नेता ने कहा, 'मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा कि दिसंबर 2023 में जी देवराजे गौड़ा ने प्रज्वल रेवन्ना की हरकतों, विशेष रूप से उनके यौन हिंसा के इतिहास और वीडियो के बारे में हमारे गृह मंत्री अमित शाह को बताया था।' उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं को इन वीभत्स आरोपों की जानकारी थी लेकिन इसके बावजूद मोदी ने एक 'बलात्कारी' के लिए प्रचार किया।

### 'माताओं-बहनों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कांग्रेस का नैतिक कर्तव्य'

गांधी ने कहा कि माताओं और बहनों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना कांग्रेस का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि कर्नाटक सरकार ने इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और प्रधानमंत्री से प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत लाए जाने का अनुरोध भी किया है।' सिद्धरमैया ने 'एक्स' पर गांधी के पत्र को पोस्ट किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े हालिया मामले ने देश को झकझोरकर रख दिया है। हमारी कानून व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए पीड़िताओं को न्याय दिलाना महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी ने पत्र लिखकर पीड़िताओं के समर्थन पर जोर दिया है। हम निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### 'केंद्र सरकार ने जानबूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया'

गांधी ने कहा, 'इसके अलावा केंद्र सरकार ने जानबूझकर रेवन्ना को भारत से भागने दिया ताकि जांच को नुकसान पहुंचाया जा सके। इन अपराधों की प्रकृति को देखते हुए और प्रधानमंत्री व गृह मंत्री का सिर पर हाथ होने से जद-एस नेता को मिले फायदे की कड़ी निंदा होनी चाहिए।' उन्होंने आरोप लगाया, 'अपने दो दशकों के जनसेवा इतिहास में मैंने कभी ऐसा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नहीं देखा, जिसने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर निरंतर चुप्पी साधे रखी हो। हरियाणा की हमारी पहलवानों से लेकर मणिपुर की हमारी बहनों तक सभी भारतीय महिलाओं को ऐसे अपराधियों को प्रधानमंत्री के मौन समर्थन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।'

## आप सांसद संजय सिंह का तंज : 'क्या अमित शाह के बेटे को क्रिकेट का बल्ला पकड़ना आता है



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने अमित शाह के बेटे जय शाह के बीसीसीआई सचिव होने को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि क्या अमित शाह के बेटे को बल्ला पकड़ना आता है? लेकिन, वह बीसीसीआई के सचिव हैं। इसी के साथ आप सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है।

AAP सांसद संजय सिंह ने कहा, 'अमित शाह के बेटे को क्रिकेट का बल्ला पकड़ना आता है? BCCI के सचिव बने हुए हैं और हमारे घर के बेटे 17 साल की उम्र में जवान बनेंगे और 21 साल में रिटायर हो जाएंगे। मोदी जी को 73 साल में तीसरी बार मौका चाहिए और 21 साल का जवान रिटायर होकर घर पर बैठेगा। ये लोग घोर परिवारवादी हैं। अपने परिवार और दोस्तों को बढ़ाने के अलावा ना PM मोदी के पास कोई काम है, ना अमित शाह के पास, ना भाजपा के पास कोई काम है। हम अपने देश का भविष्य बनाना चाहते हैं मोदी और अमित शाह अपने दोस्तों का भविष्य बनाना चाहते हैं। हम देश के लिए काम कर रहे हैं वे दोस्त के लिए काम कर रहे हैं।'

## 100 महीने बीते, फिर भी दोबारा जांच कराएगी सरकार
# रोहित की मां को सीएम रेवंत रेड्डी का आश्वासन



**हैदराबाद।** हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की आत्महत्या मामले को 100 महीने बीत चुके हैं। अब तेलंगाना सरकार का कहना है कि इस मामले में फिर से जांच बिठाई जाएगी। दरअसल रोहित की मां राधिका वेमुला ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर न्याय की मांग की। सीएम ने राधिका वेमुला को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

सीएम रेड्डी ने राधिका वेमुला से कहा कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रोहित की आत्महत्या की फिर से जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री कहा कि इस मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ जांच होगी। इससे पहले रोहित के भाई राजा वेमुला ने दावा किया था कि जिला कलेक्टर ने परिवार के अनुसूचित जाति के होने के बारे में फैसला नहीं लिया।

### परिवार ने किया क्लोजर रिपोर्ट का विरोध

राजा वेमुला का कहना है कि उनके परिवार ने पुलिस द्वारा पेश की गई क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए सक्षम प्राधिकारी जिला कलेक्टर हैं, जो कि पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिल में हैं। राजा वेमुला ने मांग उठाई कि जिन अन्य छात्रों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें रद्द किया जाए। रोहित की मौत पर पुलिस ने स्थानीय अदालत के समक्ष अपनी क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रोहित वेमुला दलित नहीं थे और उन्होंने असली पहचान जाहिर होने के डर से आत्महत्या की थी। पुलिस ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए इस मामले के आरोपियों को 'क्लीन चिट' दी है। रोहित के परिवार की ओर से जताए गए शक का हवाला देते हुए तेलंगाना पुलिस के महानिदेशक रविगुप्ता ने अपने बयान में कहा था कि अदालत में एक याचिका दायर की जाएगी, जिसमें जिलाधिकारी से आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा।

## डूब रहे थे 20 पाकिस्तानी! भारत ने ऐसे बचाई जान, अरब सागर में नौसेना की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में एक संकट कॉल का जवाब देते हुए 20 पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे एक ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की, जब इसके चालक दल के एक सदस्य लगभग डूब गए थे। नौसेना ने एक बयान में कहा कि अरब सागर में समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात आईएनएस सुमेधा मिशन ने एक ईरानी एफवी (20 पाकिस्तानी चालक दल के साथ) को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान की, जिसमें से एक चालक दल के सदस्य के डूबने की स्थिति में था। गश्ती जहाज आईएनएस सुमेधा ने 30 अप्रैल के शुरुआती घंटों में एफवी अल रहमानी को रोक लिया। जहाज से चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और चालक दल के एक सदस्य को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की, जो सांस लेने में कठिनाई और सक्रिय दौरे का अनुभव कर रहा था।

# 'चुनाव के बाद सभी विपक्षी दल आएंगे साथ'



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन की एकजुटता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। वहीं इस गठबंधन में प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर राजनीति जारी है। इस बीच, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने साफ कर दिया कि एक साथ या एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे विपक्षी दल लोकसभा चुनाव के बाद साथ आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार में लोगों को ऐसा प्रधानमंत्री मिलेगा, जो सबको समान भाव से देखता हो और दूसरों की बात सुनता हो।

थरूर ने एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि गठबंधन सरकार को लेकर डर की कोई बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि एक पार्टी की सरकारों की तुलना में ऐसी (गठबंधन) सरकारों के तहत भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर होता है। यह बदलाव का चुनाव है और भाजपा ने विमर्श पर अपनी पकड़ खो दी है।

### निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य थरूर ने अयोध्या में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होने के पार्टी के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी के महिमामंडन के लिए आयोजित एक राजनीतिक समारोह था।

उन्होंने कहा, 'मेरे विचार से अगर हमने ऐसा किया होता तो यह एक गलती होती। एक विशुद्ध राजनीतिक फैसले के तौर पर देखें तो यह सही फैसला था।' उन्होंने कहा कि यह सच है कि गठबंधन सरकार एकदलीय सरकार से बहुत अलग तरह से काम करती है।

### बीते 10 वर्ष से अलग होगी विपक्षी गठबंधन की सरकार

उन्होंने कहा, 'मोदी की शैली, उनके व्यक्तित्व और भाजपा के शासन के तरीके को देखते हुए, मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि यह (विपक्षी गठबंधन की सरकार) बीते 10 वर्ष की इस सरकार से बहुत अलग होगी। गठबंधन सरकारों के साथ भारत की जनता का रिकॉर्ड और अनुभव काफी अच्छा रहा है।' थरूर ने कहा, 'गठबंधन सरकार का एक लाभ यह होगा कि जो भी प्रधानमंत्री बनेगा वह निरंकुश प्रवृत्ति का नहीं होगा... उसे दूसरों को ध्यान में रखना होगा। सच कहूं तो, यह शासन की संसदीय प्रणाली का उत्कृष्ट राजनीतिक सिद्धांत है। अभी हम कई देशों में राष्ट्रपति के तहत चलने वाली संसदीय व्यवस्था देख रहे हैं, जो बहुत खराब है।'

## फ्लैट का ताला तोड़ रहे दो चोरों को लोगों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले. मौके से दो हुए फरार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में चोरी करने घुसे चार चोरों में से दो को निवासियों ने पकड़ लिया। मौके पर पुलिस बुलाकर चोरों को उनके हवाले कर दिया है। घटना शुक्रवार रात की है। जिसके बाद से लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है।

सोसाइटी निवासी नीतू सिंह का कहना है कि सोसाइटी में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कई दिनों तक धरना प्रदर्शन के बाद भी बिल्डर की ओर से सुरक्षा के कोई कदम उठाए नहीं गए हैं। मामले में नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लोगों का कहना है कि समिति के अंदर घुसे चोरों ने पहले सीसीटीवी का तार काट दिया उसके बाद फ्लैट का ताला तोड़ रहे थे। आवाज सुनकर लोगों ने देखा तो चोर भागने लगे। दो चोरों को मौके से ही लोगों ने दबोच लिया। शनिवार को मेंटेनेंस विभाग के खिलाफ लोगों ने आक्रोश जाहिर कर विरोध जताया।

# पूर्व पीएम देवेगौड़ा के बेटे और पोते की बढ़ीं मुश्किल

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज हो गया है। वहीं, प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ एक बार फिर लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इसकी जानकारी खुद गृह मंत्री जी परमेश्वर ने दी। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने इस मामले को लेकर एसआईटी अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अधिकारियों को जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री परमेश्वर ने बताया, 'हमने एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। हमने एचडी रेवन्ना को लुकआउट नोटिस जारी किया था क्योंकि वह विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। लेकिन दूसरा नोटिस कल दिया गया। उनके पास नोटिस का जवाब देने के लिए आज शाम तक का समय है।' कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, 'रेवन्ना ने मैसूर अपहरण मामले में भी जमानत की अर्जी लगाई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' एसआईटी के अधिकारी जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना और प्रज्ज्वल रेवन्ना के होलेनारसिपुरा स्थित आवास पर पहुंचे हैं।

### एचडी रेवन्ना के खिलाफ क्या है अपहरण का मामला?

दो मई को मैसूरु जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी मां 29 अप्रैल से लापता है और बाद में, उसके यौन उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। अपनी शिकायत में व्यक्ति ने कहा कि उसने और उसकी मां ने होलेनरासीपुरा में रेवन्ना के आवास और फार्महाउस पर छह साल तक काम किया।

## बंगाल राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप : पुलिस ने मामले को लेकर शुरू की जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इसपर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इस बीच, पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कोलकाता पुलिस के सेंट्रल डिवीजन की डिप्टी कमिश्नर (डीसी) इंदिरा मुखर्जी ने कहा, 'राज्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में एक जांच टीम का गठन किया गया है। हम अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेंगे। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के लिए अनुरोध किया गया है।' कोलकाता के राजभवन में एक संविदा कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उन्होंने गुरुवार की शाम कोलकाता के हरे स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उनका दावा है कि राज्यपाल ने उनके साथ दो बार छेड़खानी की।

# 'वह महज प्यार था', महिला को कथित तौर पर थप्पड़ मारने वाले वायरल वीडियो पर आई कांग्रेस सांसद की सफाई



**निजामाबाद।** सोशल मीडिया पर कांग्रेस सांसद जीवन रेड्डी का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कथित तौर पर रेड्डी एक महिला बुजुर्ग को थप्पड़ मारते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, निजामाबाद से कांग्रेस के सांसद उम्मीदवार रेड्डी ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने इशारा करते हुए कहा कि महिला को प्यार से सहलाया था। वहीं, बुजुर्ग महिला ने बदनाम करने का आरोप लगाया है।

कथित वायरल वीडियो में दिख रही बुजुर्ग महिला ने कहा, 'मेरे पास न तो घर है और न ही मुझे पेंशन मिलती है। मैंने उनसे (जीवन रेड्डी) से कहा कि कृपया मुझ पर दया दिखाएं। फिर उन्होंने मुझे यह कहकर आश्वासन दिया कि दोरासानी (रानी) आपको मिल जाएगी।'

किसान महिला ने कहा, 'अब यह दिखाया जा रहा है कि मुझे थप्पड़ मारा गया था। क्या इससे मेरी बदनामी नहीं हो रही है?' बता दें, तेलंगाना में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है।

### वीडियो को लेकर सफाई दी

कांग्रेस सांसद जीवन रेड्डी ने कथित तौर पर थप्पड़ मारने के वायरल हो रहे वीडियो को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ प्यार था। उन्होंने पत्रकार के गाल को प्यार से सहलाते हुए कहा कि वो थप्पड़ नहीं था, सिर्फ प्यार था।

## अफगान राजनयिक पर लगा सोने की तस्करी का आरोप, डीआरआई ने जब्त किया 25 किलो गोल्ड

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट से अफगानिस्तान की एक महिला राजनयिक को सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा है। महिला राजनयिक के पास से 25 किलो सोना बरामद हुआ है। तस्करी किए जा रहे सोने की कीमत 18.6 करोड़ रुपये आंकी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महिला राजनयिक की पहचान जाकिया वरदाक के रूप में हुई है।

अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, घटना 25 अप्रैल की है, जब अफगानिस्तान की महिला राजनयिक जाकिया वरदाक अपने बेटे के साथ दुबई से मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। डीआरआई के अधिकारियों को अफगानिस्तान की राजनयिक के मुंबई पहुंचने से पहले ही सोने की तस्करी की खुफिया जानकारी मिल गई थी। ऐसे में डीआरआई ने अपने कई अधिकारियों को मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात कर दिया।

# 'वायरल वीडियो में मेरी आवाज नहीं, सीएम ममता बनर्जी बोलीं- भाजपा ने लिखी पूरी पटकथा'



**कोलकाता।** क्या संदेशखाली में महिलाओं पर हुए उत्पीड़न पूरी तरह से सुनियोजित थे? ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि शनिवार को संदेशखाली उत्पीड़न मामले में एक वीडियो के वायरल हो रहा है। इस स्टिंग वीडियो के सामने आने से संदेशखाली कांड में अब नया मोड़ आ गया है। 32 मिनट, 43 सेकंड के इस स्टिंग ऑपरेशन वीडियो से पश्चिम बंगाल की राजनीति गरमा गई है। वीडियो में दावा है कि इतने लंबे समय से आंदोलन कर रही संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार का आरोप झूठा और मनगढ़ंत है। पूरा मामला भाजपा ने रचाया है। स्टिंग वीडियो के मुताबिक, कथित तौर पर संदेशखाली के एक स्थानीय भाजपा नेता ने वीडियो में यह बात स्वीकारी है। हालांकि अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता।

वीडियो में एक व्यक्ति यह स्वीकार करता हुआ सुनाई दे रहा है कि दुष्कर्म सहित विभिन्न आरोप योजना के अनुसार लगाए गए थे। वीडियो में उनकी पहचान संदेशखाली 2 ब्लॉक के भाजपा के 'मंडल अध्यक्ष' गंगाधर कयाल के रूप में कराया गया है। वायरल वीडियो में गंगाधर एक कमरे में कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे थे। कोई उनसे सवाल पूछ रहा है और वह जवाब दे रहे हैं। इस वीडियो के सामने आते ही टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोल दिया है। अपने ट्वीट में ममता बनर्जी ने सीधे-सीधे तौर पर भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

### बंगाल को बदनाम करने की कोशिश: ममता

ममता बनर्जी ने एक्स पर कहा, संदेशखाली का स्टिंग वीडियो चौंकाने वाला है। इस वीडियो ने साफ कर दिया कि यह एक साजिश है। बंगाल की प्रगतिशील सोच और संस्कृति के प्रति बांग्ला-विरोधियों ने अपनी नफरत से हमारे राज्य को हर संभव स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची। भारत के इतिहास में पहले कभी भी दिल्ली की किसी सत्ताधारी पार्टी ने पश्चिम बंगाल और उसके लोगों को बदनाम करने की कोशिश नहीं की। इतिहास गवाह है जब भी बंगाल दिल्ली के षड्यंत्रकारी शासन के खिलाफ उतरता है तो उसे उखाड़ फेंकता है।'

# पूर्वी मिदनापुर में भाजपा-टीएमसी के कार्यकर्ता आपस में भिड़े



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यह झड़प तामलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार की नामांकन रैली के दौरान शुरू हुई। इस क्षेत्र से कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, 'सभी नागरिक पीएम मोदी का नाम लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। सभी कमल पर बटन दबाने को तैयार हैं। यहां से उम्मीदवार 2.5 लाख वोटों से जीत हासिल करेंगे।'

# 'टीएमसी परिवार का हिस्सा था और रहूंगा'
## प्रदेश महासचिव पद से हटाए जाने के बाद पार्टी लाइन पर लौटे कुणाल घोष



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रदेश महासचिव पद से हटाए जाने के बाद कुणाल घोष ने पार्टी के सांसद डेरेक ओब्रायन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद टीएमसी नेता कुणाल घोष ने यह स्पष्ट किया कि वह तृणमूल परिवार में ही रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपना नेता बताया। मीडिया से बात करते हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, 'मैं तृणमूल परिवार में था, हूं और रहूंगा। मेरी नेता ममता बनर्जी और मेरे महासचिव अभिषेक बनर्जी हैं। मैं तृणमूल परिवार का सदस्य हूं और इसी के साथ मैं अपनी राजनीतिक पहचान जारी रखना चाहता हूं।'

बता दें कि टीएमसी से हाल ही में कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया था। पद से हटाए जाने के बाद से ही कुणाल घोष ने पार्टी के राज खोलने लगे। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव 2021 से पहले ही टीएमसी को शिक्षक भर्ती घोटाले के बारे में पता था। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाला उनका यह बयान लोकसभा चुनाव के बीच आया। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले कुणाल घोष ने एक मई को भाजपा प्रत्याशी तापस राय के साथ मंच साझा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की तारीफ भी की। इसके कुछ घंटों बाद ही टीएमसी ने उन्हें पद से हटा दिया। इससे पहले एक साक्षात्कार में कुणाल घोष ने दावा किया था कि 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी जानती थी कि स्कूल शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद और भ्रष्टाचार का पता होने के बाद पार्थ चटर्जी को उद्योग विभाग से शिक्षा मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

# कानपुर में मोदी का रोड शो मतदाताओं के साथ नाराज सिखों को भी साधने की कोशिश!

» आजादी के बाद पहली बार कानपुर के गुमटी गुरुद्वारा में मत्था टेकने वाले पहले प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी



**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** आज यहां शनिवार को रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने के लिए सैकड़ों लोग दोपहर से ही सड़क के किनारे आकर खड़े हो गए। इस बीच और भी ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता भी सुबह तड़के से ही लोगों को उन सभी सड़कों के किनारे लोगों को बड़ी संख्या में निमंत्रित करते देखे गए ,जहां से रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरना था।

वहीं दूसरी और किसी भी वजह से नाराज सिख समाज को साधने की कोशिश को लेकर भी कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो चर्चा से बाहर नहीं रहा।

साथ ही यह भी माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री का आज का रोड शो कानपुर बुंदेलखंड की सभी लोकसभा सीटों को भी जीतने की हद तक प्रभावित करेगा।

अवगत कराते चलें कि आज शनिवार को यहां गुमटी गुरुद्वारा में मत्था टेकने के बाद गुमटी नंबर पांच बाजार के रास्ते कालपी रोड तक जाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद कानपुर-बुंदेलखंड में आयोजित किया गया यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला रोड शो है। इस दौरान उनके साथ आज के रोड शो में शामिल होने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के लिए नारेबाजी भी की जाती रही।

माना जा रहा है कि आज कानपुर में एक किलोमीटर क्षेत्र में यह रोड शो कानपुर, अकबरपुर, इटावा, कन्नौज और फर्रुखाबाद सीटों को सीधे प्रभावित करेगा। इस क्षेत्र की सभी सीटों पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है।

वैसे पहले प्रधानमंत्री की जनसभा करने का भी निर्णय लिया गया था लेकिन बाद में बढ़ते तापमान को देख इस बार जनसभा की जगह उनके रोड शो की मांग की गई थी।

इस दौरान प्रधानमंत्री के शाम को साढ़े पांच बजे चकेरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर उतरने। 5:50 बजे गुमटी स्थित गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ पहुंचने और यहीं से 6.00 बजे रोड शो की शुरुआत करने कालपी रोड स्थित खोया मंडी तिराहे पर शाम 7:00 बजे रोड शो समाप्त होने और इसके बाद दिल्ली प्रस्थान के लिए प्रधानमंत्री के एयरपोर्ट जाने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री से पहले ही शाम 4:25 बजे गुमटी गुरुद्वारा पहुंचने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था जैसे बिंदुओं को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी एक पैर पर नाचते भी नजर आए।

वहीं पीएम के आगमन के दौरान कानपुर और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के 10 विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा नेता भी दी गई जिम्मेदारी के अनुरूप भीड़ संभालने व अन्य व्यवस्थाओं के लिए सुबह से ही भाग दौड़ करते रहे। चकेरी एयरफोर्स स्टेशन से कालपी रोड तक प्रधानमंत्री शहरी क्षेत्र के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरने के दौरान रास्ते में ऐसी व्यवस्था की गई ताकि कि लोग उनका अभिवादन कर सकें।

सुबह से ही भाजपा के सारे नेताओं पदाधिकारी इसलिए विभाग गौर करते रहे क्योंकि सभी विधायकों या विधानसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ने वालों को पूरे 17 किमी में सड़क के किनारे लोगों को पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। यह व्यवस्था पीएम के आने और जाने दोनों समय लागू रहने की निर्देश भी पहले दिए जा चुके थे।

आज रोड शो के लिए यहां प्रधानमंत्री के आगमन के समय शहर में कई जगह यातायात बदला रहा। पीएम के आने से दो घंटे पहले जीटी रोड पर आवागमन रोक दिया गया। जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ा। इस चक्कर में कई लोग पुलिस वालों से तकरार करते भी नजर आए।

## 7 तारीख को इंजेक्शन के रूप में ऐसा बटन दबाना कि इसकी चीख दिल्ली तक जरूर पहुंचे : शिवपाल यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट पर शिवपाल यादव के बेटे आदित्य चुनाव मैदान में हैं। बेटे को जिताने के लिए पिता शिवपाल यादव बदायूं सीट पर खूब पसीना बहा रहे हैं। शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला।

शनिवार को चुनाव प्रचार के दौरान शिवपाल यादव ने कहा कि आप सब लोगों से हमारी अपील है। आदित्य यादव को वोट देकर, अखिलेश यादव के चेहरे पर और नेता जी की श्रद्धांजलि पर 7 तारीख को इंजेक्शन के रूप में ऐसा बटन दबाना कि इसकी चीख दिल्ली तक जरूर पहुंचे।

### अखिलेश यादव ने कर्जमाफी का किया वादा

अखिलेश यादव ने आदित्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहले दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण में भी बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। इन्होंने हर एक तबके के साथ धोखा किया है। किसानों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। ये वही लोग हैं, जो किसानों को एमएसपी नहीं दे रहे हैं, INDIA गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिलेगी। हम अपने किसान भाइयों को भरोसा देकर जा रहे हैं कि INDIA गठबंधन और समाजवादियों की सरकार बनेगी तो आपका भी कर्ज माफ होगा। हम अपने नौजवानों को कहकर के जा रहे हैं कि INDIA गठबंधन और समाजवादियों की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर जैसी व्यवस्था को खत्म करेंगे और नौजवानों को फौज में पक्की नौकरी का इंतजाम करेंगे।

## भाभी से देवर ने किया दुष्कर्म, पति भी दे रहा भाई का साथ, बच्चा गिराने का बना रहे दबाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ देवर ने बलात्कार किया। आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विपिन सिंह ने शनिवार को बताया कि एक गांव की रहने वाली 26 वर्षीया महिला की तहरीर पर थाने में गत 16 अप्रैल को उसके देवर पुनेश, पति सत्येंद्र, ससुर सुरेश और सास के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) , 504 (जानबूझकर अपमान करना) और 506 (आपराधिक धमकी) में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि महिला का पति सत्येंद्र बाहर नौकरी करता है। उन्होंने कहा कि घर पर पीड़िता अपने देवर पुनेश और सास-ससुर के साथ रहती है। पीड़िता का आरोप है कि देवर पुनेश ने गत 23 दिसंबर की रात्रि उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद उसने फोन पर अपने पति को घटना की जानकारी दी तो पति घर आया।

### शनिवार को आरोपी गिरफ्तार किया गया

महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति समेत ससुराल के सभी लोग आपस में मिल गए। उन्होंने कहा कि इस बलात्कार की वजह से वह गर्भवती हो गई है। शिकायत में महिला ने कहा है कि उसके पति और ससुराल के अन्य लोग गर्भ गिराने का दबाव बना रहे हैं और इसे लेकर उसे अपशब्द कहने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी पुनेश को शनिवार को सोनाडीह गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

## लविवि व काशी विद्यापीठ के बीच एमओयू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने काशी विद्यापीठ वाराणसी के साथ शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए शनिवार को एक एमओयू साइन किया है। इस दौरान कुलपति आलोक कुमार राय और कला संकाय के डीन प्रोफेसर अरविंद अवस्थी मौजूद रहे। इस साझेदारी से दोनों संस्थानों में शैक्षणिक सहयोग और अनुभव बढ़ेगा। इस एमओयू के तहत, काशी विद्यापीठ में संगीत चिकित्सा कोशिका लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के लिए विशेष संगीत चिकित्सा सत्र आयोजित करेगी।

ये सत्र संगीत के चिकित्सीय उपयोग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान काशी विद्यापीठ, वाराणसी के छात्रों के लिए लिंग संवेदीकरण सत्रों की सुविधा प्रदान करेगा। ये सत्र लिंग मुद्दों के बारे में शिक्षा देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हैं।

## मुन्नूगंज वासियों ने किया एलान ‘ रोड नहीं तो वोट नहीं ’

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखीमपुर-खीरी।** पुराने रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान होकर मोहल्ला मुन्नूगंज वासियों ने इस लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समक्ष सुगम रास्ते की मांग रखी है अन्यथा इसबार वोट न डालने का फैसला किया है।

मोहल्ला मुन्नूगंज ,गली नंबर 105 का सुगम रास्ता स्वर्गीय हमीद बेग के घर से नाले के बाईपास तक का रास्ता लगभग 30 वर्षों से ज्यादा समय से बिना किसी अतिक्रमण के आमजन के आवागमन हेतु उपयोग में लाया जाता रहा है परंतु स्थानीय प्रॉपर्टी कारोबारी शिवलाल द्वारा कुछ दिनों से उसपर अतिक्रमण किया जा रहा है । स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट, राष्ट्रीय महासचिव सोशलिस्ट युवजन सभा मोहम्मद अहमद खान का कहना है कि यह रास्ता बंद होने से मोहल्ले के 200 परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा क्यों की और कोई सुगम मार्ग नहीं है जिससे किसी आपात स्थिति में अग्निशमन ,एंबुलेंस या गाडियां मोहल्ले में जा सके ।कुछ मोहल्ले वासियों का कहना है कि शिवलाल ने जब प्लॉट बेचा था तो उन्होंने यह विश्वास दिया था की वो उपयोग में लाए जा रहे रास्ते पर कभी अतिक्रमण नहीं करेंगे । इस विवाद के संदर्भ में स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि शिवलाल अवैध तरीके से कृषि योग्य भूमि पर प्लॉटिंग कर रहे हैं जिसकी शिकायत प्रशासन को की गई है । वहीं मोहल्ले वासियों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए और शिवलाल के पक्ष में दबाव बनाने का आरोप लगाया। मुन्नूगंज वासियों में सीमा मिर्ज़ा, मुन्नी मिर्ज़ा ,अज़रा परवीन,प्रिया तिवारी, नीता वर्मा, संगीता शुक्ला, मोहनी सिंह, रूबी सिंह, अनवर अंसारी, मुन्ना मिर्ज़ा, सलीम बेग, महीन बेग, आफ़ताब अहमद खा , अतहर खा, राम निवास शुक्ला, सहित सकड़ों परिवारों ने मांग की है की इस मामले में आवश्यक कदम जनप्रतिनिधि और प्रशासन तत्काल उठाए नहीं तो इसपर लोकसभा चुनाव 2024 में वोट का बहिष्कार किया जायेगा।

## आशनाई में बाधक पति की गला दबा कर की थी हत्या

» कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

» दूसरे आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी



**लोकमित्र संवाददाता**


**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पूर्व अधेड़ की हत्या के जुर्म में पुलिस द्वारा आशनाई की बात सामने आने पर मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि महिला का प्रेमी अभी पुलिस के हत्थे नही चढ़ा है।

विवरण के अनुसार दिनांक 30.04.24 को क्षेत्र की ग्राम पंचायत हौकना मटेरा के मजरा रानीपुरवा निवासी 45 वर्षीय घनश्याम निषाद का शव चारपाई पर संग्दिध अवस्था में बरामद हुआ था। मृतक के भाई की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस को मृतक की पत्नी संगीता की आशनाई की बात सामने आने पर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए रामनगर लहबडी मोड से गिरफ्तार कर लिया।इस प्रकरण में कोतवाल दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी महिला ने अपने प्रेमी अर्जुन के साथ मिलकर गलादबा कर घनश्याम को मारा था। फिलहाल आरोपी महिला को पुलिस ने पति की हत्या के जुर्म में जेल भेज दिया और अर्जुन की तलाश जारी है।

## सड़क को जोड़ने में घटिया व मानकविहीन सामग्री का प्रयोग

## ठेकेदार की कारस्तानी से ग्रामीणों में रोष

**लोकमित्र संवाददाता**



**धौरहरा-खीरी।** शासन व सरकार के निर्देश पर आम जनमानस को सहूलियत देने के वास्ते जनता के पैसे का जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा अधिकारियों की सहमति से बने पुल से सडक को आपस में जोड़ने में एकदम घटिया क्वालिटी का ईटा व सामाग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जबकि वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा बराबर क्षेत्र में आना जाना मौजूद हैं। विकास खण्ड रमियाबेहड़ क्षेत्र के ग्राम महमदपुर काफी समय पूर्व निर्मित पुलिया धंसने व टूटने के कारण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो द्वारा पुल निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया था लेकिन संम्बन्धित ठेकेदार द्वारा सडक व पुल के मध्य में जगह को भरने के लिए एकदम घटिया क्वालिटी की ईंटा व मानक विहीन मसाले का सदुपयोग कर आम जनता की कमाई को जेब के हवाले करने पर तुला है।इस मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों का गठजोड़ सामने आया है। बताया जाता है कि ठेकेदार व मुंशी की शह पर मसाले में सीमेंट की मात्रा कम हो रही।पुल निर्माण कार्य का ग्रामीणों द्वारा भारी असंतोष व हो रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीण दबी जुबान से विरोध भी कर रहे हैं।


ज्ञात हो मार्ग से आवागमन करने में परेशान लोगों की जागरूकता से बंद रास्ते में दशकों से क्षतिग्रस्त पुलिया की जगह पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है व सडक व पुल को आपस में जोड़ने में ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी व सामग्री के प्रयोग को देखते हुए कहीं ऐसा न हों कि उपरोक्त पुल निर्माण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों द्वारा की जा रही कमीशनखोरी का शिकार न हो जाएं।

## आपत्तिजनक पोस्ट से भड़के भाजपाई, कोतवाली पुलिस को दी नामजद तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** शनिवार को नारी शक्ति स्त्री और हिंदू धार्मिक तीर्थों पर एक आपत्तिजनक पोस्ट इंटरनेट मीडिया में वायरल होने से नगर में आक्रोष फैल गया। जिससे भडके भाजपा नेताओ द्वारा आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर एस एस आई पवन प्रताप सिंह को सौंपकर आरोपी पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत करने को कहा।

ज्ञात हो शनिवार दोपहर लगभग दो बजे क्षेत्रीय भाजपा नेता कन्हैया बाजपेई,रमाशंकर शुक्ल, नंदकिशोर जायसवाल,रमेश रस्तोगी,अखिलेश मिश्र,सुरेंद्र दीक्षित आदि के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए कोतवाल की गैरमौजूदगी में वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह को तहरीर दी। ज्ञात हो नगर पंचायत धौरहरा के मोहल्ला



पठान वार्ड निवासी शफीक अहमद ने शुक्रवार को अपनी फेसबुक आईडी पर एक विवादित पोस्ट डाली थी जिसमें नारी जाति स्त्री और हिंदू तीर्थस्थलों को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणी की गई थी। शनिवार को जब यह पोस्ट बहुप्रसारित हो गई तब हिंदू संगठन और भाजपा के लोग आगे आये।शफीक पर आरोप है कि इसने बीते सावन माह के महीने में शिव भक्त कावड़ियों को लक्ष्य कर आपत्तिजनक पोस्ट कर चुका है। उस समय इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाल धौरहरा दिनेश कुमार सिंह पर मामले में ढीला साजी के आरोप लगाए हैं।

## घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से लोगों का रुका निर्माण कार्य

**लोकमित्र संवाददाता**

**तिकुनियां-खीरी।** कस्बे में लोगो के घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन समस्या बनी हुई है। इस लाइन के चलते लोगो का निर्माण कार्य तो बंद ही है और आए दिन हादसे भी हो रहे है। ग्रामप्रधान सहित ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को लाइन हटाने के लिए पत्र दिया लेकिन समाधान नही हुआ।

कस्बे में शिवा पैलेस के ऊपर से होती हुई हाईटेंशन लाइन आबादी के ऊपर से टायर चौराहे तक गई है। इस लाइन के नीचे दर्जनों घर बने हुए है, इन मकानो के स्वामी हमेशा डरे सहमे रहते है। यह लोग न तो मकान का निर्माण करा पा रहे है और न ही इनके बच्चे छत का सुख उठा पा रहे है। इनमें से कुछ घरों का हाल तो ऐसा है कि यदि उन घरों के आँगन में भी खड़े होकर हाथ ऊपर किये जायें तो ब्यक्ति हाथ से ही हाइटेंशन लाइन को पकड़ सकता है। लाइन की



विकराल समस्या से ग्रसित ग्रामीण वर्षो से इस लाइन को घरों के ऊपर से हटाने की मांग करते आ रहे है लेकिन कोई सुनवाई नही हुई है।

शुक्रवार को देर शाम इस लाइन की चपेट में आकर एक बंदर की जान चली गई। इस लाइन की चपेट में आकर 6 बकरे,2 बंदर भी काल के गाल में समा चुके हैं इतना ही नही निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर को अपनी जान से ही हाथ धोना पड़ चुका है और एक मजदूर याद अली पुत्र रोजली निवासी सुथना बरसोला गंभीर रूप से झुलस चुका है। इसके अलावा कई लोगों को इस लाइन से करंट भी लग चुका है। ग्रामप्रधान शफीक अहमद भल्लू ने बताया कि कई बार लाइन हटाने के लिए बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित में पत्र दिया जा चुका है, लेकिन समाधान नही हो रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग अलग से लाइन तो खींच चुका है लेकिन सप्लाई अभी पुरानी लाइन से ही शुरू है जिससे आबादी में रह रहे लोगों को चिंता बनी हुई है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब नयी लाइन खींची जा चुकी है तो विभाग के जिम्मेदार आला अधिकारी नयी लाइन से सप्लाई प्रारम्भ क्यो नही करवा रहे हैं क्या ये जिम्मेदार कस्बे में किसी बड़ी अनहोनी की राह देख रहे हैं।

## नोएडा में घर के गटर की सफाई करने के दौरान 2 लोगों की मौत, जहरीली गैस की चपेट में आने से हुआ हादसा

**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा में सीवर की सफाई करने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यहां के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-26 में रहने वाले एक व्यक्ति के मकान में सीवर की सफाई करने उतरे दो कर्मियों की मौत हो गयी। यह घटना नोएडा के एक रिहाइशी सेक्टर में बने कोठी के गटर की सफाई करने के दौरान हुई है। बताया गया है कि जहरीली गैस की चपेट में आने से दोनों की मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, थाना सेक्टर-20 एरिया के सेक्टर-26 के ए ब्लॉक में रहने वाले एक व्यक्ति ने शुक्रवार शाम घर में दो प्राइवेट सफाईकर्मी बुलाये थे। बताया जा रहा है कि सीवर की सफाई करने के दौरान वे दोनों जहरीली गैस की चपेट में आ गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उधर, बेहोश हुए दोनों सफाईकर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## भीषण गर्मी के चलते लखनऊ पब्लिक विद्यालय में बच्चों के लिये नवनिर्मित किड्स पूल का किया गया उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में लखनऊ पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्विमिंग सूट पहनकर किड्स पूल में भरपूर आनंद लिया। पूल में सभी बच्चों गर्मी से राहत पाकर प्रफुल्लित नजर आए। अपने बच्चों को किड्स पूल में जल मे खेलते हुए देखकर सभी अभिभावक भी अत्यंत प्रसन्न हुए। विगत वर्ष विद्यालय प्रांगण में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए भी नवनिर्मित किड्स पूल का उद्घाटन विद्यालय संस्थापक एवं महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह ने किया था, ताकि बड़े बच्चों की भांति नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का भरपूर आनंद ले सकें। प्राइमरी विंग की इंचार्ज नेहा मेहरोत्रा ने सभी सुरक्षा मानको एवं शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों की स्विमिंग संपन्न कराई एवं उन्हें स्विमिंग की आवश्यक बातें भी बतायी। प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने इस आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया एवं इसका आयोजन आजकल पड रही गर्मी को देखते हुए आवश्यकता अनुसार समय-समय पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्विमिंग कराते रहने का सुझाव भी दिया।

## तत्कालीन दारुलशफा चौकी इंचार्ज समेत पांच पर केस दर्ज




**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में तत्कालीन दारुलशफा चौकी इंचार्ज समेत पांच पर केस दर्ज कर किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने महिला को थर्ड डिग्री दी थी। पीड़ति महिला का आरोप है कि पुलिस का मामला होने पर हजरतगंज कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही थी। वह न्याय के लिए कई अधिकारियों के पास गयी, लेकिन किसी ने भी उसकी फरियाद नहीं सुनी। इसके बाद पीड़िति ने सक्षम न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि तत्कालीन चौकी इंचार्ज ने चोरी के आरोप में महिला को बहुत पीटा था। पुलिस की बर्बरता से महिला खून से लथपथ हुई थी। महिला के शरीर में एक दर्जन चोटें आयी थीं।

## संविलयन विद्यालय कफारा में निकालीजन जागरूकता रैली



> आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे,
> पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की।
> मम्मी पापा प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो।
> बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ।
> सब बढ़े, सब पढ़े।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** शनिवार को विकास खण्ड रमियाबेहड़ में शिक्षा विभाग द्वारा छोटे छोटे नौनिहालों के द्वारा सड़कों पर पढ़ने से संम्बन्धित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्राथमिक विद्यालय व जूनियर विद्यालय कफारा के बच्चों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय कफारा प्रधानाध्यापक बांकेलाल ने बताया कि रैली का उद्देश्य शत प्रतिशत नौनिहालों का नामांकन होना चाहिए,गांवो में अक्सर बेटियों को उच्च शिक्षा से वंचित कर दिया जाता है उसके लिए हम सभी ग्रामवासियों को रैली के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं कि लड़कियों को उच्च शिक्षा अवश्य दिलाएं,यदि लड़की पढ़ी लिखी है तो वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भलीभांति कर सकेगी इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कफारा के प्रधानाध्यापक व शिक्षक संघ रमियाबेहढ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया,श्रीमती सुषमा देवल,प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य,सतीश कुमार, विजय गुप्ता,सगीर अहमद,उमेश अवस्थी आदि शिक्षक व अभिभावक नौनिहालो की रैली में शामिल हुये।

## मेरठ में पति ने पत्नी की गोली मारकर की हत्या, हुआ फरार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नौचंदी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पति मौके से फरार हो गया। दरअसल, नौचंदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढवाई गली-3 में समीर अपनी पत्नी गुलफसा (25), एक महीने के बेटे, मां और दो भाइयों के साथ रहता है। समीर के छोटे भाई मुशील की शादी गुलफसा की बहन सुमात्रा से हुई थी। घटना के वक्त मृतक की बहन मायके में थी।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से पति और पत्नी के बीच किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी चल रही थी। शनिवार दोपहर को उनके बीच विवाद इतना बढ़ गया कि समीर ने गुलफसा के सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर गई। पति गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। आस-पड़ोस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# 'सरकार ने आतंक का मुंह तोड़ जवाब दिया'

## '2024 की लड़ाई राम मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है': ब्रजेश पाठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता जोरों शोरों से चुनाव प्रचार कर रहे है। बीजेपी लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है और इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसी क्रम में यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज भदोही जिले में पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। डिप्टी सीएम ने कहा कि "2024 की लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है।"

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़कर सपा, तृणमूल और कांग्रेस जैसी पार्टियां परिवारवाद से ग्रसित हैं। कांग्रेस के राज्य में आतंकियों को बिरयानी खिलाया जाता था और आज पुलवामा अटैक करने वाले आतंकियों के ठिकाने पर एयर स्ट्राइक कर सरकार ने आतंक का मुंह तोड़ जवाब दिया है। यह सब आपके वोट के कारण ही हुआ है।

### आज दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है : डिप्टी सीएम

उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि "कांग्रेस पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने का काम कर रही है। एनडीए की सरकार में आज दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।" बता दें कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज भदोही दौरे पर थे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। साथ ही उन्होंने इस बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

बसपा सुप्रीमो मायावती (Mayawati) ने आज आगरा में बसपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मायावती ने अपने उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील की और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। मायावती ने गरीबों को दिए जा रहे राशन का जिक्र करते हुए भाजपा और पीएम मोदी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आपके टैक्स के रुपये से फ्री में थोड़ा सा राशन मिलता है। यह राशन, मोदी या भाजपा की की जेब से नहीं मिलता।' साथ ही उन्होंने जनता को उनके बहकावे में न आने की अपील की।

# 'इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज होगा माफ'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को बदायूं लोकसभा से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के लिए वोट की अपील करने बदायूं पहुंचे। सहसवान विधानसभा के नाधा बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। मंच से किसानों की आय दोगुनी करने, एमएसपी लागू करने और कर्ज माफ करने का एलान सपा अध्यक्ष ने किया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसान लागत लगाने और मेहनत करने के बाद भी खुशहाल नहीं हो पा रहा है। भाजपा सरकार ने आय दोगुनी करने के बजाय किसानों पर तीन काले कानून ठोकने चाहे जो किसानों के आंदोलन के वजह से वापस लेने पड़े। किसानों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। सरकार ने किसानों का कर्ज भी माफ नहीं किया है। इंडिया गठबंधन और सपा की सरकार बनी तो किसानों का सभी कर्ज माफ किया जाएगा और



किसानों को एमएसपी का कानून अधिकार दिलावर किसान को कुशल बनाने का काम किया जाएगा।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने कोई वर्ग नहीं छोड़ा जिसे झूठी बातें ना की हों। पिछले 10 सालों की सभी बातें झूठी निकली। इसलिए जनता अब इनका तीसरे चरण में सफाया करने जा रही है। मंच से अखिलेश ने कहा कि मैं देखता हूं कुछ नौजवान अहीर रेजिमेंट की तख्ती ऊपर कर देते हैं। मुझे याद है 2019 के चुनाव में हमने कहा था। लेकिन अकेली अहीर रेजिमेंट नहीं बनेगी उसके साथ-साथ गुजरात की भी रेजीमेंट बनेगी।

उन्होंने कहा कि अगर आप और हम लोग फौज में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं तो दूसरे प्रदेश के लोग भी आए और देश की सेवा करें। अखिलेश ने कहा कि जो लोग भारत माता की जय का नारा लगाते हैं इनका कोई कार्यक्रम, कोई भी सभा बिना भारत माता के जयकारे के खत्म नहीं होती। हम और आप भी भारत माता का जयकारा लगाते हैं, लेकिन दुर्भाग्य देखो जो फौज हमारी सीमा पर खड़ी होती है, देश की सीमा की रक्षा करती है, उसे नौकरी को इन्होंने आधा अधूरा बना दिया। अगर इंडिया गठबंधन व सपा की सरकार बनी तो हम अग्निवीर जैसी व्यवस्था को खत्म कर फौज में परमानेंट पहले जैसी नौकरी की व्यवस्था करेंगे।

अखिलेश ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह ने शहीद जवानों के सम्मान में फैसला लिया था कि अगर कोई सैनिक शहीद होता है तो उसका घर लाने पर पूरा जिम्मा सरकार लेगी। लेकिन अगर कोई अग्निवीर सैनिक शहीद होता है तो उसको वह सम्मान भी नहीं मिल पाएगा। इस दौरान उन्होंने सपा उम्मीदवार को भारी समर्थन देने और वोट कर जिताने की अपील की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मंच पर चाचा शिवपाल यादव ने भी भाजपा पर भड़ास निकालते हुए बेटे आदित्य यादव के लिए जनता से समर्थन मांगा।

# प्राणघातक हमले में महिला की सास घायल, मुकदमा दर्ज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपने पति की पैतृक भूमि से बांसों को हटा रही महिला की सास पर दबंगों ने प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गयी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी राजकुमारी ने दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके पति चार भाई है। जिनके मध्य पैतृक भूमि का बंटवारा हो गया था।

3 मई को सुबह 8 बजे अपने पति के हिस्से में पड़े बांसों को राजकुमारी हटा रही थी। इतने में ही गांव के रंजीत, इनकी पत्नी कोमल, इसी थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदनगर निवासी आशीष व जिन्दाना निवासी अवधेश आकर गालियां देने लगे। महिला के विरोध करने पर रंजीत ने महिला की सास शिवप्यारी पर प्राणघातक हमला कर दिया। प्राणघातक हमले से घायल महिला की सास शिवप्यारी बेहोश होकर जमीन पर गिर गयी। साथ ही रंजीत की पत्नी कोमल ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकली। राजकुमारी की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गन्ना बोआई कर लौट रहा ट्रैक्टर पुलिया पर पलटा, तीन बच्चों की दर्दनाक मौत, छह घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गन्ना बोआई कर लौट रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार ग्रामीण व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया गया। जहां तीन बच्चों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, छह घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदरपुर थानाक्षेत्र के पहाड़ापुर निवासी विश्राम (65) शनिवार सुबह अपने खेत में गन्ने की बोआई करने के लिए गांव से बच्चों को लेकर गए थे। गन्ना बोआई कर शाम को खेत से वापस लौटते समय करीब चार बजे गांव के पूरब में बनी पुलिया के पास खारजा पार करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के साथ गन्ना बोआई वाला हल भी लगा था। जिस पर बच्चे बैठे



थे। ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिरकर पलट गया।

इस हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे अंबरीश (10), छोटू (12) और अमन (8) ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ट्रैक्टर चालक विश्राम (65), नितिन (11), आशुतोष (14), अविनाश (10), प्रदीप (08) और रामपुरकलां निवासी शिवा (10) भी जख्मी हो गए। ट्रैक्टर पलटने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के सहयोग से ट्रैक्टर के नीचे दबे सभी घायलों को बाहर निकाला। बाहर निकालने पर अंबरीश, छोटू और अमन बेसुध हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भेजा गया। जहां अंबरीश, छोटू और अमन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, छह घायलों को भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया। एसएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत हुई है। वहीं, छह घायल हुए हैं। सभी घायलों का सीएचसी बिसवां में इलाज जारी है। वहीं, विश्राम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सस्ती मजदूरी के चक्कर में बच्चे करते हैं बोआई

ग्रामीणों की मानें तो इस क्षेत्र में गन्ना बोआई के लिए बच्चों से काम कराया जाता है। बच्चे फुर्तीले होने के साथ साथ अपने छोटे हाथों से आसानी से बोआई कर सकते हैं। वहीं, कम पैसे में भी काम करने को तैयार हो जाते हैं। शनिवार को विश्राम भी गांव से बच्चों को इसी काम के लिए ले गया था।

# सरकार ने वैक्सीन लगवाई तो निशुल्क ईसीजी भी कराए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं के नाधा में शनिवार को आयोजित चुनावी जनसभा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं, उन्हें जनता अबकी सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कोई वर्ग नहीं छोड़ा, इलेक्टोरल बांड के नाम पर चंदा वसूला गया। उद्योगपतियों से चंदा वसूला गया और इसी वसूली के चलते हमारे आपके सामने महंगाई आई है।

अखिलेश ने दोहराया कि ये लोग बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा से एक तरफ संविधान को खतरा है तो दूसरी तरफ जान को खतरा पैदा किया। जिन्होंने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई है, उन्हें अब हार्ट की चिंता करनी पड़ेगी। ऐसे में अगर सरकार ने वैक्सीन लगवाई थी, तो निशुल्क ईसीजी भी कराए। जरूरत पर इलाज भी कराए। पता नहीं कब किसका हार्ट अटैक आ जाए पता नहीं। अखिलेश यादव ने बेरोजगारी के मुद्दे को उठाकर नौजवानों के दिल को छूने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हैं, दुर्भाग्य देखो, उन्हीं लोगों ने अग्निवीर योजना लाकर फौज की नौकरी को आधा-अधूरा बना दिया। जितनी परीक्षाएं हुईं, इस सरकार में सब पेपर लीक हो गए। ये सरकार जानबूझकर करा रही है। अभी तक 60 लाख नौजवान ऐसे हैं जो परीक्षा देने गए और पेपर लीक होने की वजह से रोजगार नहीं पा सके। उनके मां- बाप को जोड़ दें तो एक करोड़ 80 लोगों की संख्या बैठेगी। उन्होंने कहा कि अगर 80 लोकसभा क्षेत्रों में इनसे जुड़े पांच-पांच लोगों को जोड़कर गुणा करते हैं तो करोड़ों लोग भाजपा के खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी नौजवान अहीर रेजीमेंट की मांग करते हैं। वह कहना चाहते हैं कि अकेले अहीर रेजीमेंट ही नहीं बनेगी बल्कि गुजरात की भी रेजीमेंट भी बनेगी।

# तीर्थनगरी में वेश बदलकर छिपे हैं बांग्लादेशी

» **एलआईयू और पुलिस की टीम छानबीन में जुटी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मथुरा।** मथुरा के राधाकुंड गोवर्धन थाना क्षेत्र के राधाकुंड में साधु वेश में बांग्लादेशी छिपे होने का इनपुट खुफिया तंत्र को मिला है। गोवर्धन पुलिस और एलआईयू की टीम मामले की जांच में जुटी हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि इस इलाके में बड़ी संख्या में बंगाल के लोग रहते हैं। वह आपसी रंजिश में झूठी शिकायत भी कर देते हैं। मगर, पुलिस अभी इस मामले को हल्के में न लेते हुए जांच में जुटी है।

खुफिया तंत्र को सूचना मिली है कि राधाकुंड में निवास कर रहे एक बांग्लादेशी साधु वेश में यहां रहकर बांग्लादेश सीमा से अन्य बांग्लादेशियों को चोरी छिपे भारत की सीमा में प्रवेश कराता है। गौरतलब है कि बड़ी संख्या में बंगाली कस्बा राधाकुंड में निवास करते हैं। इन बंगालियों के संपर्क बांग्लादेशियों से है। यहां निवास कर रहे बंगालियों के साथ काफी बांग्लादेशी चोरी छिपे निवास कर रहे हैं।

कई बांग्लादेशी राधाकुंड नगर पंचायत से कागजात बनवा कर रह रहे हैं। शिकायत करने वालों ने अंदेशा जताया है कि बांग्लादेशी कभी भी सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर सकते हैं। कई बार राधाकुंड से स्थानीय लोगों की सूचना पर गैर कानून निवास करते कई बांग्लादेशियों समेत अन्य देशों के नागरिकों पर प्रशासन ने कार्रवाई की, बावजूद इसके बांग्लादेशी चोरी छिपे अब फिर से वेश बदल कर राधाकुंड में निवास कर रहे हैं। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि इस उक्त इलाके में पुलिस व खुफिया तंत्र नियमित निगरानी रखता है। अगर, कोई पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जीएम जलकल इन पदों के होते हैं नियुक्ति प्राधिकारी

**लखनऊ।** जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ के सम्बन्ध में विगत दिनों से प्रकाशित हो रहे राजकुमार निलम्बित सहायक लेखाकार एवं मृत्युंजय, कनिष्ठ लेखा लिपिक को लेकर प्रकाशित हो रही सूचना नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ पर एफआईआर दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में लगातार सूचनायें प्रकाशित हो रही हैं। जलकल विभाग ने शनिवार नगर निगम लखनऊ के अकेन्द्रियत सेवा के पदों पर नियुक्ति प्राधिकारी महाप्रबन्धक (जल) होते हैं न कि नगर आयुक्त नगर निगम, लखनऊ होते हैं। निलम्बित सहायक लेखाकार राजकुमार की नियुक्ति 18 फरवरी 1988 को सक्षमअधिकारी की स्वीकृति के आदेश में सचिय जल संस्थान द्वारा की गयी थी एवं 20-06-2023 को सचिय, जलकल विभाग द्वारा निलम्बित किया गया था। राजकुमार निलम्बित सहायक लेखाकार एवं मृत्युंजय, कनिष्ठ लेखा लिपिक के विभाग में नियुक्त से सम्बन्धित प्रकरण का सम्बन्ध किसी भी प्रकार से नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ से नहीं है।

# भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में पटाखे फूटने का वीडियो वायरल, जांच में सामने आया सच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोंडा।** बहुचर्चित कैसरगंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के काफिले में पटाखे का वीडियो सामने आया है। वीडियो करणभूषण सिंह की फेसबुक वॉल पर रील के रूप में भी वायरल किया गया। काफिला शनिवार को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज, तरबगंज होते हुए बेलसर (रगड़गंज) बाजार पहुंचा। जगह-जगह स्वागत समारोह का कार्यक्रम जारी था। इसी बीच रगड़गंज बाजार में सिलसिलेवार फायरिंग सरीखे पटाखे दागे गये। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश दिये हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज से प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें हथियार से फायरिंग न करके पटाखों की बात सामने आई है। भीड़-भाड़ में पटाखे फोड़ना भी आचार संहिता के उल्लंघन का



मामला है। वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) और पुलिस के उच्चाधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने जानकारी दी है कि हवाई पटाखे फोड़े गये हैं। पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग जैसी कोई बात नहीं है, केवल पटाखे फोड़े गये हैं। करण भूषण, सांसद बृजभूषण सिंह के छोटे बेटे हैं। शुक्रवार को उन्होंने दलबल के साथ नामांकन किया था। शनिवार को विश्नोहरपुर से सुबह काफिला निकला और जगह-जगह स्वागत का कार्यक्रम चल रहा है। इसी बीच वायरल वीडियो सामने आया। इतना ही नहीं पार्टी प्रत्याशी के फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया पर बाकायदा इसका वीडियो भी जारी किया गया।

नवाबगंज पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह वीडियो बनाने वाले समर्थक को रोकते नजर आ रहे हैं। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को भाजपा ने टिकट दिया है। वहीं नामांकन से पहले शुक्रवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उनके पक्ष में जनसभा का आयोजन किया। शनिवार सुबह कैसरगंज सांसद के बेटे व भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह ने गाड़ियों का काफिला निकाला तो रोड पूरी तरह से जाम हो गई। इस दौरान लोग घंटों तक परेशान रहे हैं। काफिले में गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

# कैसरगंज सीट पर तस्वीर साफ, गर्माया सियासी माहौल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलरामपुर।** कैसरगंज संसदीय सीट पर प्रमुख दलों से दावेदारों के नामांकन से सियासी तस्वीर साफ हो गई है। लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र में सियासी माहौल गरमा गया है। सियासी समीकरण को साधने के लिए हर दल ने सधे दांव चले हैं। राजनीति की असल तस्वीर कैसरगंज में ही देखते ही बन रही है। भाजपा ने जिस तरह एक तीर से कई निशाने साधे हैं, उससे एक नई राजनीतिक दांवपेंच की गवाही दे रहे हैं। सियासी अखाड़ेबाज के बेटे पर ही दांव चल कर उनकी प्रतिष्ठा से जहां चुनाव को जोड़ दिया है, वहीं विपक्ष के हमलों से बचने का रास्ता भी निकाल लिया। पहले से तैयार चुनावी प्रबंधन के सहारे पार्टी परिणाम को भी साधने में जुट गई है। नामांकन में डिप्टी सीएम केशव मौर्य की हुंकार से ज्यादा पार्टी की एका पर जोर रहा।

बहुचर्चित कैसरगंज सीट पर नामांकन के साथ ही असमंजस्य के बादल भी छंट गए हैं। ऐन वक्त तक विपक्षी दलों की निगाहें भाजपा की रणनीति पर टिकी रहीं। लंबे समय तक पार्टियां भाजपा के ऐलान का इंतजार करती रहीं। बसपा ने भले ही भाजपा के एलान से पहले प्रत्याशी तय कर अपने पत्ते खोल दिए थे। बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलकर चुनौती दी थी। पयागपुर के निवासी व लखनऊ में ट्रांसपोर्टर नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतार कर बड़ा दांव चला है। भाजपा ने जब करण भूषण सिंह का ऐलान किया तो सपा ने अपनी पुरानी रणनीति पर कायम रहते हुए ब्राह्मण दांव के साथ किसान कार्ड खेला है। भगतराम मिश्र को मैदान में उतार कर रोचकता बढ़ा दी है।

सपा प्रत्याशी कैसरगंज संसदीय सीट में ही शामिल पयागपुर विधानसभा के निवासी हैं और बड़े किसानों में शुमार हैं। वह एक लोकसभा व दो विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, इससे माना जा रहा है कि वह राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। वहीं भाजपा के करण का भले ही चुनाव पहला हो, लेकिन पिता व बड़े भाई के चुनावी मिशन में शामिल होकर राजनीति में माहिर हो चुके हैं।

### विधायकों की जिम्मेदारी भी बढ़ी, अब दिखानी होगी ताकत

कैसरगंज संसदीय सीट की पांच विधानसभाओं में चार पर भाजपा का कब्जा है। तरबगंज में प्रेमनरायन पांडेय, करनैलगंज में अजय कुमार सिंह, कटरा बाजार में बावन सिंह, पयागपुर में सुभाष त्रिपाठी भाजपा के विधायक हैं। वहीं कैसरगंज में सपा के आनंद यादव विधायक हैं। इन सभी विधायकों की जिम्मेदारी संसदीय चुनाव में बढ़ गई है। वहीं कैसरगंज में भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा का भी प्रभाव है। जबकि सपा में तरबगंज में राम भजन चौबे, करनैलगंज में पूर्व विधायक योगेश प्रताप सिंह, पयागपुर में पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, कटरा बाजार में पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे को भी दम दिखाना होगा। बसपा ने भी कैडर वोटों को सहेजने की रणनीति तैयार की है। फिलहाल यहां के चुनाव पर सभी दलों के हाईकमान की नजर है। कद्दावरों का कद भी तय होगा।

### पिता के सियासी पिच पर किस्मत चमकाने का मौका

नए परिसीमन के बाद साल 2009 में कैसरगंज संसदीय सीट का पहला चुनाव बृजभूषण शरण सिंह ने सपा से जीता था। इसके बाद साल 2014 में वह भाजपा के साथ आए और दो बार लगातार जीते। इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला, लेकिन टिकट मिलने की उम्मीद में उन्होंने पर पूरे संसदीय क्षेत्र में सियासी पिच तैयार कर रखी है जिससे अब बेटे को किस्मत चमकाने का मौका मिला है। माना जा रहा है कि भाजपा के साथ ही सांसद की व्यक्तिगत टीमें भी पूरे क्षेत्र में सक्रिय हो गई है। प्रत्याशी होने के बाद उनके बेटे से भी क्षेत्र के लोगों ने मिलकर रणनीति तैयार की है। इस तरह कैसरगंज में अब सियासी चकल्लस की धूम मची है। परसपुर के सचिन कहते हैं कि सांसद का प्रभाव क्षेत्र में है, इससे उनके बेटे को मजबूती मिल रही है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र ने दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के थाना महानगर थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी रहे छात्र ने अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पीड़ित सुरेश भार्गव पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद भार्गव निवासी महानगर एक्सटेंशन ने बीति रात्रि थाना महानगर पर सूचना दिया कि रात्रि में समय करीब तीन बजे उनके बड़े बेटे विदित भार्गव 29 का मोबाइल फोन लगातार बजने पर उसके पुत्र द्वारा फोन रिसीव न होने पर उसके छोटे पुत्र सुबीग्य द्वारा विदित के कमरे को काफी देर तक खटखटया गया। परन्तु दरवाजा न खुलने पर किसी अनहोनी की आंशका होने पर दरवाजे को जोर से धक्का देकर खोला गया तो देखा के उसका बड़ा बेटा विदित भार्गव अपने कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था।

# काशी विश्वनाथ मंदिर : एकादशी पर धाम में फिर से विराजे मूंगे वाले हनुमानजी, आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन हुआ सुलभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**वाराणसी।** विरुथनी एकादशी पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में मूंगे वाले हनुमानजी को विराजमान कराया गया। शनिवार को विधि-विधान से पूजा करने के बाद पुतलीबाई मंदिर स्थित मूंगे वाले हनुमानजी को नव निर्मित मंदिर में स्थापित कराया गया। इसके साथ ही मूंगे वाले हनुमान जी का दर्शन और पूजन आम श्रद्धालुओं के लिए सुलभ हो गया। शनिवार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने विधि विधान से नवनिर्मित मंदिर में मूंगे वाले हनुमान जी का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद मूंगे वाले हनुमानजी का दर्शन पूजन आम श्रद्धालुओं के लिए भी खोल दिया गया। वहीं दूसरी ओर विश्वनाथ धाम में जल आपूर्ति के लिए दो नई बोरिंग भी शुरू हो गई। एक बोरिंग भीमाशंकर अतिथिगृह के पास और दूसरी बोरिंग गेट नंबर चार पर की गई है। दोनों बोरिंग शुरू होने से पूरे धाम क्षेत्र में पानी की व्यवस्था दुरुस्त हो गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विशिष्ट मंत्रों से धाम में जल एवं यंत्र के देवताओं की विशिष्ट आराधना की।

## संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक द्वाराकी गयी जनसुनवाई , स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी शनिवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिए गए तो वही उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गुल्फाम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी निहालगढ़ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को ब्योरेमऊ मोड़ के पास से समय करीब 08 :45AM बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### रोड शो के लिए कानपुर पहुंचे मोदी का योगी ने किया स्वागत, उमड़ भारी भीड़

कानपुर। आज यहां लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोरदार स्वागत किया। मोदी के आज के इस रोड शो में भारी भीड़ भी उमड़ी। इस दौरान जय श्रीराम...जय जय श्रीराम के जयकारों के बीच शंख, मंजिरा, डमरू, करताल की मंत्रमुग्ध करती ध्वनि भी जारी रही साथ ही राम स्तुति पर मनोहारी नृत्य करते छात्र छात्राएं भी नजर आये । आज यहां शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संगीत और नृत्य संस्थानों के छात्र–छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने अपनी प्रतिभा से न सिर्फ भक्ति का भाव दर्शाया, बल्कि प्रेम, सदभाव और भाईचारे का संदेश दिया। सबसे पहले राम आएंगे...राम आएंगे भजन की प्रस्तुति हुई। आजाद नगर कथक केंद्र की छात्राओं ने परंपरागत तरीके से कथक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसको देखकर हर कोई भाव विभोर हो गया। राम स्तुति पर कई झांकियां निकाली गईं।

### नेहरू गांधी परिवार का अमेठी रायबरेली से पारिवारिक रिश्ता अविनाश पांडेय

**अमेठी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय ने शनिवार को कहा कि अमेठी रायबरेली से गांधी नेहरू परिवार का पारिवारिक रिश्ता है और किशोरी लाल शर्मा उसी परिवार से पिछले 40 साल से जुड़े हुए हैं। गौरीगंज में मीडिया से बात करते हुए अविनाश पांडेय ने कहा कि किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार और अमेठी से पिछले 40 सालो से जुड़े हैं राजीव गांधी, सतीश शर्मा, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ यहां काम किये है और परिवार के बहुत करीबी माने जाते हैं इसी लिए किशोरी लाल शर्मा को अमेठी परिवार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेठी रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है इंडिया गठबंधन यूपी की सभी 80 सीटों पर विजय हासिल करेगा। अखिलेश यादव के अमेठी में चुनाव प्रचार में आने के सवाल पर पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव साथ साथ सभाएं व रोड शो करेंगे अमेठी की सपा इकाई के नेता जिलाध्यक्ष सहित सभी चुनाव में लगे हुए हैं कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश के प्रमुख संस्थानो को कुछ पूंजी पतियों के हवाले करने का काम किया गया है देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

### शार्टसर्किट से रहीमाबाद कृषि फार्म में लगी आग

मलिहाबाद, लखनऊ। विधुत तारों के टूटने से हुई शार्टसर्किट से कृषि फार्म में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिस एवं दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शनिवार को रहीमाबाद कृषि फार्म में अचानक विधुत तार टूट कर गिर गया। जिससे उससे हुऐ शार्टसर्किट से खेतों में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। चारों तरफ धुंआ ही धुंआ दिखाई पड रहा था। आग का विकराल रूप देख आसपास के गांवों में अफरातफरी मच गयी। आग की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस व दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जब तक दमकलकर्मी व पुलिसकर्मी आग पर काबू पा पाते तब तक करीब 3 एकड़ गेहूं की पुआल जलकर खाक हो गयी।

### हटायी गई एक करोड़ से अधिक प्रचार सामग्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। इसी के तहत अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,38,23,452 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 एवं निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। वहीं, अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्रवाई की गयी।

### क्षय रोगियों को द्वितीय चक्र का पोषण पोटली के साथ ही वितरित किया गया मच्छरदानी

मीरजापुर। होप वेलफेयर ट्रस्ट एवं मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक हिस्सा बनते हुए स्वयं के स्तर से विगत माह में चुनार क्षेत्र के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली आदि भेंट करते हुए गोद लिया गया था। उपरोक्त गोद लिए गए मरीजों को पुन: 4 मई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार के सभागार कक्ष में द्वितीय चक्र का पोषण पोटली के साथ ही मच्छरदानी आदि भेंट करते हुए सहयोग किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार प्रभारी डॉ राकेश कुमार पटेल द्वारा मौजूद मरीज को नियमित दवा खाते रहने का सुझाव देते हुए टीबी मरीजों के प्रति नि:क्षय मित्र रूपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वहीं क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीज को पुन: टीबी के लक्षणों एवं सरकारी स्तर से दी जा रही समस्त नि:शुल्क सुविधाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा गया कि आप सभी टीबी के लक्षण प्रभावित व्यक्तियों को यदि कहीं पाते हैं तो उन्हें अपने तरह ही जीवन एवं समाज के हित में जांच इलाज हेतु सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में मददगार बनें।

# प्रियंका एक झलक देखने रोड शो में उमड़ी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो




**आगरा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार की शाम यहां फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया। यह रोड शो बाह तिराहे से होते हुए बस स्टैंड तक चला। कार की छत पर बैठकर डेढ़ किलोमीटर तक चलीं प्रियंका को देखने के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ पड़ी।

इस 38 मिनट के रोड शो में प्रियंका लगातार जनता का अभिवादन कर रही थीं। वह कभी हाथ हिलाकर तो कभी दोनों हाथ जोड़ती नजर आईं। लोगों ने भी फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। उनके साथ इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार भी मौजूद रहे।

प्रियंका गांधी ने भगवान देवी इंटर कॉलेज तिराहे पर लोगों का उत्साह देखकर माइक थाम लिया। उन्होंने कहा कि रामनाथ सिकरवार देश के सबसे ईमानदार उम्मीदवार हैं। पिछली बार इन्हें आपने हरा दिया गया था। इस बार गलती मत करना।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए प्रियंका ने कहा कि वे जनता से कट गए हैं। मजदूर और गरीबों के आंसू पोछने नहीं आते। उनका हाल जानना नहीं आता। जबकि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक चार हजार किमी की पदयात्रा कर लोगों की समस्याएं जानी। सबसे मिलकर घोषणा पत्र तैयार किया। इसे न्याय पत्र नाम दिया गया। क्योंकि दस वर्ष में गरीबों के साथ अन्याय हुआ है।

प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में गारंटी दी गई है। जो गारंटी दी है वह पूरी होगी। सत्ता में आए तो नौजवानों की मदद के लिए पांच हजार करोड़ का फंड होगा। अग्निवीर भर्ती परीक्षा को रद्द करेंगे। केंद्र में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरेंगे। प्रियंका ने कहा कि समय बदलाव लाने का आ गया है।

# जनपद में तैनात कार्मिक पोस्टल बैलेट से 05 मई को भी कर सकेंगे मतदान

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिको को मतदान की सुविधा दिये जाने हेतु मा० भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में 22-एटा लोकसभा में समाविष्ट 104-एटा एवं 105-मारहरा विधानसमा एवं 18-आगरा (अ०जा०) लोकसभा में समाविष्ट 106-जलेसर (अ०जा०) व 40-फर्रुखाबाद में समाविष्ट 103-अलीगंज विधान सभा के एवं बाहरी जनपद में तैनात जनपद एटा के मतदान कार्मिको को मतदान की सुविधा स्थान सैन्ट पॉल्स सैकेंडरी स्कूल निधौलीकलां रोड, एटा पर दिनांक 01 मई, 02 मई 03 मई एवं 04 मई तक मतदान का दिनांक नियत किया गया था। जनपद एटा में तैनात समस्त वी०एल०ओ० एवं अन्य कर्मचारियों जनपद में तैनात वी०एल०ओ० एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलट पेपर से मतदान करने हेतु एक दिन का समय बढाये जाने का निर्णय लिया गया है। एडीएम ने बताया कि जनपद एटा में तैनात बी०एल०ओ० एवं अन्य कर्मचारियों की कार्मिकों की माँग पर एक दिन का समय बढ़ाते हुए दिनांक 05 मई 2024 तक जनपद एटा में तैनात वी०एल०ओ० एवं अन्य कर्मचारियों को पोस्टल बैलट पेपर से मतदान की सुविधा प्रदान की गयी। स्थान सैन्ट पॉल्स सैकेंडरी स्कूल निधौलीकलां रोड, एटा समय सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक रहेगा।

# पिता पुत्र की मौत के जिम्मेदार पहुंचा सलाखों के पीछे

**» ठेकेदार की लापरवाही और बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर सफाई करने से हुई थी पिता पुत्र की मौत**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के थाना वजीरगंज क्षेत्र में दो मई को सीवर की सफाई के दौरान सगे पिता पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई थी। जिसके बाद पीड़ति पुत्र व भाई की तहरीर पर पुलिस ने लापरवाह ठेकेदार व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ठेकेदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीते दो मई को थाना वजीरगंज पुलिस ने पीड़ति पुत्र व भाई सोबरन लाल निवासी ग्राम सरवरपुर पोस्ट शाह जलालपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर ने ठेकेदार कृपाशंकर पाण्डेय पुत्र स्व गुलाब पाण्डेय बांकेलालपुरम स्वर्ण जयंती बिहार कोंमलनगर जनपद कानपुर नगर के खिलाफ उनके पिता और भाई से बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर सफाई कराने के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई थी। ठेकेदार की लापरवाही के चलते गई दोनों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने शनिवार को आरोपी की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्र ने बताया की लापरवाही के चलते दो लोगों की जान जाने के मामले में थाना वजीरगंज में दर्ज मुकदमे की जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी कृपाशंकर पाण्डेय पुत्र स्व गुलाब पाण्डेय निवासी बांकेलालपुरम स्वर्ण जयंती बिहार कोमलनगर जनपद कानपर नगर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भाजपा प्रत्याशी द्वारा रोड शो कर लोगों से वोट देने की की अपील

**» हजारों की संख्या में रोड शो में नजर आए युवा, कुछ देर के लिए यातायात रहा बाधित**

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया ने विशाल जन समर्थन के साथ शनिवार को जनपद में रोड शो निकला इस दौरान हजारों की तादात में युवाओं की भीड़ नजर आई। रोड शो में भाजपा प्रत्याशी ने अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए लोगों से वोट करने की अपील की वही रैली के दौरान उनका परिवार भी उनके लिए वोट देने की अपील करता नजर आया।

आपको बता दे शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दम खम दिखाते हुए विशाल रोड शो किया इस दौरान स्थानीय नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह व उनका परिवार खुली जीप में मौजूद रहा और लोगों से हाथ जोड़कर वोट देने की अपील करता नजर आया। वहीं स्थानीय नेताओं में सदर विधायक विपिन कुमार डेविड, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, पूर्व विधायक अजय यादव, एमएलसी आशू यादव, विधायक वीरेंद्र सिंह लोध, जिला उपाध्यक्ष भाजपा रामू भटेले, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, सहित तमाम भाजपा के नेता मौजूद रहे। विशाल रोड शो के दौरान पूरा माहौल भगवा मय नजर आया। इस दौरान तमाम भाजपा समर्थकों ने एक जुटता के साथ विपक्ष को अपनी ताकत का एहसास कराया। वही रैली में मोदी मोदी योगी योगी के गानों पर युवक थिरकते नजर आए। रोड शो में करीब 5 बुलडोजर आकर्षण का केंद्र रहे। विशाल रोड शो के दौरान यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहा। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन व ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अनिल कुमार यातायात को दुरुस्त करते नजर आए। तीसरे चरण का चुनाव का प्रचार आज शाम थम जाएगा जिसको लेकर विशाल रोड शो में भाजपा प्रत्याशी व स्थानीय भाजपा नेता रोड शो के दौरान लोगों से हाथ जोड़कर वोट देने की अपील करते नजर आए।

# चुनाव संपन्न कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण




लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मा0 सामान्य प्रेक्षक डा0 एन0 युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 150 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं जिन्हें आज प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में मा0 सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें, भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है इस हेतु आप सभी कुशलतापूर्वक सौंपी गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था देखेंगे। इसके अतिरिक्त आज मनीषी महिला महाविद्यालय के एक कमरे में पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु ट्रेनिंग दी गई जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा इसके लिए आज कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही चार कमरों में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग की ट्रेनिंग दी गई।

# छत पर बने रेस्टोंरेट में लगी आग, लोगों ने बुझाई




लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** कोतवाली से 10 मीटर दूर राशिद अली गेट के सामने एक छत पर बने रेस्टोरेंट में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने पानी और रेत डालकर आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पुश्ता मार्ग पर रियाज परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने लोनी राशिद अली गेट के सामने एक मार्केट की छत पर रेस्टोंरेट खोल रखा था। दोपहर के समय अचानक रेस्टोरेंट से धुआं निकालने लगा। कुछ देर बाद रेस्टोरेंट से आग की लपेट निकलने लगी। आसपास के लोग आ गए, उन्होंने पानी और रेत डालना शुरू किया। कुछ लोगों ने रियाज और दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर रियाज मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर दमकल दमकल विभाग फायर स्टेशन से निकला। लेकिन दमकल विभाग के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित ने बताया कि आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगना प्रतीत हो रहा है।

### ओयो होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, चार महिलाएं पकड़ी

**मोदीनगर।** निवाड़ी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एसआरएम के सामने स्थित एएस ओयो होटल पर पुलिस ने शुक्रवार शाम छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने होटल से चार महिलाएं पकड़ी। कई युवक और संचालक व प्रबंधक मौके से फरार हो गए। होटल एएस पर पहले भी कई बार हंगामे हो चुके हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि होटल में देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। निवाड़ी पुलिस बल के साथ शुक्रवार शाम होटल पर छापा मारा। पुलिस को होटल के एक कमरे में चार महिलाएं मिलीं। मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुईं। कई युवकों सहित होटल संचालक व प्रबंधक मौका देखकर फरार हो गए। होटल के रिकॉर्ड भी खुर्दबुर्द मिले हैं। रजिस्टर में गलत नाम पते दर्ज पाए गए। पुलिस ने रिकॉर्ड कब्जे में ले लिए। जानकारी के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

# मोदी की जेब से नहीं, आपके दिए गये टैक्स से मिलता है फ्री राशन: मायावती

अशोक अग्निहोत्री

**आगरा।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को यहां जनता को आगाह किया कि भाजपा और आरएसएस के लोग नमक का कर्ज याद दिलाएं तो उनके बहकावे में न आएं। गरीबों को दिए जा रहे राशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपके टैक्स के रुपये से फ्री में थोड़ा सा राशन मिलता है। यह राशन, मोदी या भाजपा की जेब से नहीं मिलता।

मायावती कोठी मीना बाजार मैदान पर आगरा सुरक्षित सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक और दोषपूर्ण नीतियों, कथनी और करनी में अंतर की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी भी केंद्र में नहीं होगी। नाटकबाजी और जुमलेबाजी काम में आने वाली नहीं है। भाजपा ने जो भी वायदे किए, हवा-हवाई हैं। इनका ज्यादा समय अपने चहेते पूंजीपतियों को बनाने में लग रहा है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा, हमारी पार्टी ने किसानों को साधन उपलब्ध कराए और जो सुविधाएं हमने दीं, वह अन्य किसी ने नहीं दीं। इस सरकार में दलितों, आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। इनका सरकारी नौकरी में भी कोटा पूरा नहीं हुआ। सरकारी नौकरी में आरक्षण भी पूरा नहीं हुआ। मायावती ने कहा कि एससीएसटी के कर्मचारियों को पदोन्नति भी नहीं मिली है। एससीएसटी आरक्षण में संशोधन बिल लाने के लिए हमारी पार्टी ने दबाव बनाया तो कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत से सपा को आगे लाया गया और इस बिल को पास नहीं होने दिया।

मायावती ने कहा कि बसपा अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। हमारी पार्टी ने चुनाव में सर्वसमाज को टिकट में उचित भागीदारी दी है। किसी एक बिरादरी को नहीं, बल्कि रिजर्व सीट पर हर एक को मौका दिया। निकाय चुनाव में वाल्मीकि समाज को टिकट दिया था। हमने जाटव समाज को आगरा में, सीकरी से ब्राह्मण को टिकट दिया है।

मायावती ने कहा कि ये चुनाव फेयर हुआ और ईवीएम ठीक रही तो इनकी कोई गारंटी, जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। भाजपा ने अच्छे दिन का जो वादा किया, वह दिखते नहीं। इनका समय चहेते पूंजीपतियों, धन्ना सेठों के लिए लग रहा है। उनके आर्थिक सहयोग से ही संगठन चलता है। इलेक्ट्रोनिक बॉन्ड से पता चल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, निजीकरण के कारण भी एससीएसटी को लाभ नहीं मिल पा रही है। अल्पसंख्यक की हालत भी काफी दयनीय हो गई है। भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था पर काफी असर पड़ा है। व्यापारी वर्ग भी काफी दुखी है। देश में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं हैं।

भाजपा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि हवा हवाई संकल्प पत्रों को यह पार्टियां चुनाव बाद अमल में नहीं लाती है। इसीलिए हमारी पार्टी कोई घोषणापत्र नहीं लाती है। हम काम में विश्वास रखते हैं। हमारी पार्टी की सरकार बनी तो केंद्र में हवा-हवाई काम नहीं करेगी। जमीनी स्तर पर कार्य करके दिखाएगी। बिना घोषणा पत्र के ही हमने काम करके दिखाए भी हैं।

# संवैधानिक व्यवस्था में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदान का अधिकार : जिला निर्वाचन अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विधानसभा मड़िहान अन्तर्गत विकास खंड पटेरा कला की ग्राम पंचायत बसही में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मतदाता जागरूकता के नोडल, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी पटेहरा कला एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा विकासखंड के समस्त कर्मियों के सहयोग से ग्राम पंचायत में एक वृहद लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत बसही ही के अलावा मरचा, शोभा व गढ़वा एवं अन्य ग्राम पंचायत के भी मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पहली बार वोट देने वाले नए मतदाताओं को वोटर आईडी देकर के तथा वोट देने हेतु निमंत्रण पत्र दे सम्मानित किया गया और उपस्थित जन समुदाय को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित जन समुदाय से यह अपील किया गया कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बने मिर्जापुर कि शान करें, एक जून को मतदान का नारा दिलाया गया तथा वोट प्रतिशत को बढ़ाने हेतु स्वयं वोट डालें तथा लोगों को भी प्रेरित करें उपस्थित जन समुदाय को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में इस ग्राम पंचायत द्वारा इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण वोट प्रतिशत 87.35 की वोटिंग किए।

# चाकू से गोदकर युवक को उतारा मौत के घाट, फिर सड़क किनारे फेंक दिया शव



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के सेल्स हेड विनय त्यागी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उनका शव लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। सूत्रों के अनुसार शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के सेल्स हेड विनय त्यागी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उनका शव लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। रिश्तेदार गौरव ने जीजा का लैपटॉप नगदी और पर्स के अलावा अन्य सामान गायब होने का आरोप लगाया है।

देर रात में विनय ने गुड़गांव स्थित ऑफिस से लौटते हुए पत्नी रुचि त्यागी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के पास की लोकेशन भेजी थी। जब वह पति को लेने मेट्रो स्टेशन पहुंची तो उन्हें वहां विनय नहीं मिले। हत्या की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अस्पताल से बॉडी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस टीम घटनास्थल के पास लगे कैमरे की फुटेज को चेक करने के साथ हर एंगल पर जांच कर रही है।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के फर्जीवाड़ा से बच्चों का भविष्य अंधकार में

## बहरिया विकास खंड में पचास से अधिक अमान्य विद्यालय संचालित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** शासन के सख्त रवैए के बाद भी बहरिया विकास खंड में बीस से अधिक गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित किए जा रहे है। जिन स्कूलों के पास मान्यता नहीं वे बच्चों का दाखिला तो करा लेते हैं। लेकिन रिजल्ट दूसरे स्कूलों के नाम का जारी करते हैं। चौकाने वाली वाली बात यह है कि इन अमान्य स्कूलों द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी है। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।
नोटिस के बाद भी चल रहे हैं।

### अमान्य विद्यालय

बहरिया । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने विभागीय सूचना के आधार पर बहरिया के 20 अमान्य विद्यालयों को नोटिस जारी कर बंद करने का निर्देश दिया है। विद्यालय संचालित होने पर एक लाख का अर्थदंड का वसूल करने का भी आदेश दिया है। धन राशि जमा न करने पर अर्थ दंड की वसूली भू राज्स्व के अनुसार की जाए। इसके बाद भी स्थानीय अधिकारियों की दूषित नीतियों के कारण आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है।

### सात अमान्य विद्यालय हुए सील

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया,प्रयागराज-** बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने विभागीय सूचना के आधार पर बहरिया में चल रहे 20 अमान्य विद्यालयों को नोटिस जारी कर बंद करने का निर्देश दिया था। विद्यालय संचालित होने पर एक लाख का अर्थ दंड का वसूल करने का भी आदेश दिया था। परन्तु गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय के संचालकों ने बेसिक शिक्षा विभाग के नोटिस पर कोई ध्यान न देते हुए विद्यालय संचालित करते रहे। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने शनिवार को छापा मारी करके सात गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालकों पर कार्यवाही करते हुए विद्यालय को सील कर दिया। जिसमें सरस्वती ज्ञान मंदिर कमलानगर, सरस्वती ज्ञान मंदिर लहटी, जे पी पब्लिक स्कूल लहटी, अमरेश शिक्षण संस्थान बकसेड़ा , राधा रानी पब्लिक स्कूल बकसेड़ा, कमला देवी पब्लिक स्कूल करनाईपुर, स्वामी विवेकानंद बल भारती विद्यालय करनाईपुर के बच्चों को बाहर निकलवा कर स्कूल को सील कर दिया गया। सभी बच्चों के अभिभावकों को नजदीकी परिषदीय विद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला लेने के लिए सुझाव दिया ।

### अमान्य विद्यालय नहीं जारी कर सकते यूनिक आईडी

बहरिया । वर्तमान समय में अध्यनरत छात्र छात्राओं का यू-डायस पोर्टल के माध्यम से परमानेंट एजुकेशन नंबर जारी किया जा रहा है। जिन विद्यालयों को मान्यता नहीं मिली है। वे यूनिक नंबर जारी नहीं कर सकते। सभी छात्र छात्राओं का विवरण यू-डायस प्लस और प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। गैर मान्यता प्राप्त स्कूल यूनिक नंबर जारी नहीं कर सकते और न तो छात्र छात्राओं का विवरण डाटा अपलोड कर सकते हैं। जिससे आगे चल कर छात्र छात्राओं का भविष्य खतरे में हो सकता है।

# सांसद प्रत्याशी प्रवीण पटेल का व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** फूलपुर भाजपा सांसद प्रत्याशी प्रवीण पटेल का शनिवार को फाफामऊ बाजार में व्यापार मंडल फाफामऊ और व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी का खुला समर्थन देने का एलान किया। समारोह में प्रवीण पटेल ने कहा की अगर जीत होती है तो व्यापारियों के हित को देखते हुए उनका पूरा सम्मान और व्यापार को एक नई दिशा में ले जाने के साथ साथ उनकी सुरक्षा को पूरा ध्यान रखा जाएगा।
भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल का शनिवार को फाफामऊ बाजार के अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन के प्रदेश सचिव व व्यापार मंडल फाफामऊ प्रभारी गौरव अग्रवाल के आवास पर व्यापारियों ने माला और अंगवस्त्र भेटकर भव्य स्वागत किय। स्वागत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर उपेंद्र सिंह ने की। समारोह में सभी व्यापारियों ने भारी मात्रा में वोट कर जीत दिलाने का आश्वासन दिया। स्वागत समारोह में, व्यापार मंडल





अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार केसरवानी, मनोज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मुकेश केसरवानी, धीरज अग्रवाल, शशि अग्रवाल, आरडी वर्मा, गोपी चंद्र केसरवानी, राम नारायण मिश्र, तरुण अग्रवाल, वैभव अग्रवाल सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# बीजेपी नेता और विहिप नेता आपस में भिड़े, मारपीट छीनैती का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर निगम कार्यालय के बगल में बीती रात विहिप नेता और भाजपा नेता के बीच मारपीट, गाली गलौज, छिनैती करने का आरोप सामने आया है। मारपीट के दौरान एक चार पहिया वाहन मौके पर छोड़कर आरोपी फरार हो गए। जबकि दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि उसकी गाड़ी रोक कर 1 लाख 20 हजार और सोने के आभूषण छीन लिया गया। फिलहाल पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल के भेजकर चार पहिया वाहन को अभिरक्षा में लेकर तफ्तीश में जुट गई है।बताते चलें कि प्रथम पक्ष के मोहित केसरवानी पुत्र शंकर लाल केसरवानी निवासी नई झूंसी धर्मशाला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती 11 = 30 बजे घर से खाना खाकर बाहर टहल रहा था इसी दौरान राकेश श्रीवास्तव उर्फ़ रवि दादा पुत्र स्व. सुरेश श्रीवास्तव, खेमराज, गोपाल अन्य दो अज्ञात ने रोकर गाली गलौज कर लाठी, डंडा, सरिया लेकर मारपीट करने लगे। राकेश श्रीवास्तव ने दाहिने कनपटी पर असलहा सटा कर फायर कर दिया जिससे वह बाल बच गया और घर में भागकर जान बचाई। आरोपी घर में घुसकर भी मारपीट करने लगे और घर में तोड़फोड़ किया। गर्दन पर असलहे के निशान पड़ गया तथा हथेली फ्रेक्कर हो गया। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के इकट्ठा हो गए तो आरोपी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।
दूसरे पक्ष के राकेश श्रीवास्तव उर्फ़ रवि दादा तहरीर देकर आरोप लगाया कि ऑफिस से वापस आते समय मोहित केसरवानी ने गाड़ी रोककर असलहा सटा दिया और गुलजार ने सिर पर हमला कर दिया जिसे वह बेसुध हो गया और बैग में रखा 1 लाख 20 हजार रुपए 2 सोने का चैन, गाड़ी छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने गोपाल, खेमराज पर धारदार हथियार से हमला किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल युवक को मेडिकल के भेज दिया। पुलिस ने मौके पर मौजूद स्कर्पियों गाड़ी को अभिरक्षा में ले लिया। एक पक्ष विहिप से जुड़ा हुआ है तो दूसरा पक्ष बीजेपी से जुड़ा है। मामला जमीन से जुड़े विवाद के रूप में देखा जा रहा है। झूंसी थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाकर तहरीर दी है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

# नामांकन को लेकर समर्थको में रहा उत्साह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**उतराव ।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है भदोही भाजपा अपना दल एस निषाद पार्टी प्रत्याशी डॉ. विनोद कुमार बिन्द शनिवार को भदोही के ज्ञानपुर मुख्यालय पर पहुंचकर अपने समर्थको के साथ नामांकन किया। जिसमे लोकसभा भदोही विधानसभा के लोग पहुंचकर नामांकन में शामिल हुए।
नामांकन में सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष भानू प्रताप पटेल, जिला पंचायत सदस्य अशोक कुमार केसरवानी, युवा मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलीपुर राकेश कुमार पाल, मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार, ग्राम प्रधान फलराज भारतीया, अखिलेश कुमार,आदि सैकड़ो की संख्या में विधानसभा प्रतापपुर के लोग भाजपा प्रत्याशी डॉ. विनोद कुमार बिन्द के नामांकन में शामिल हुए।
सैदाबाद ब्लाक प्रमुख ने अपना दल एस पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता व उपस्थित लोगो से कहा की हम सभी की जिम्मेदारी है की विधानसभा प्रतापपुर और लोकसभा भदोही के एक एक गांव एक एक घर पहुंचकर गांव प्रदेश व देश के विकास के लिए आशीर्वाद मागेंगे। और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया जाय।

# फूलपुर से 10 और इलाहाबाद सीट से पांच लोगों ने किया नामांकन दोनों सीटों पर अब तक 109 प्रत्याशियों ने खरीदे परिचय

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत गुरूवार को नाम निर्देशन के छठवें दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 03 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 04 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। इस प्रकार अबतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए कुल 52 लोग व 52-इलाहाबाद के लिए कुल 57 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। नाम निर्देशन के छठवें दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर हेतु निर्दलीय प्रत्याशी ऊषा, भारत जोड़ो पार्टी के प्रत्याशी मो0 नसीम हाशमी, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम चन्द्र पटेल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमर नाथ सिंह, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) की प्रत्याशी संगीता यादव, अपना दल कमेरावादी पार्टी की प्रत्याशी महिला पटेल, पीपल्स पार्टी आफ इण्डिया के प्रत्याशी मुशीर अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय अपना दल के प्रत्याशी पंडित घनश्याम दास शास्त्री, प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के प्रत्याशी लाला राम सरोज एवं 52-इलाहाबाद हेतु निर्दलीय प्रत्याशी गीता रानी शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रमेश, सम्यक पार्टी के प्रत्याशी शिव प्रसाद विश्वकर्मा, परिवर्तन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी विकास कुमार मिश्र के द्वारा नाम निर्देशन किया गया।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन



**बिसवां,सीतापुर।** सीतापुर की विधानसभा बिसवां के पूर्व विधायक रामपाल यादव के बेटा कद्दावर नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहे जितेन्द्र सिंह यादव एवं संतोष प्रजापति (प्रदेश अध्यक्ष प्रजापति समाज) ने भाजपा पार्टी में अपना आस्था व विश्वास जताते हुए मोदी के संकल्प 2024 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को अपना समर्थन प्रदान किया।इस अवसर पर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ,जिला प्रभारी नीरज सिंह,लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ,सीतापुर के लोकप्रिय सांसद/ लोकसभा प्रत्याशी राजेश वर्मा ,मा0एमएलसी पवन सिंह सहित सभी सम्मानित जिला पदाधिकारी व सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**बिसवां,सीतापुर।** गन्ने की बुआई कर खेत से ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस घर लौट रहे तीन बच्चों की ट्रैक्टर पलटने दर्दनाक मौत हो गयी तथा ट्रैक्टर चालक समेत अन्य तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल ट्रैक्टर चालक को सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवो का पंचनामा कर पीएम हेतु भेज दिया है ।
जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ग्राम पहाड़ापुर थाना सदरपुर निवासी छोटू (10 वर्ष) पुत्र संजय व अमरीश ( 08 वर्ष) पुत्र रामदुलारे व अमन (7 वर्ष) पुत्र संकटा समेत करीब आधा दर्जन बच्चे गन्ने की बुवाई के लिए विश्राम पुत्र जियालाल के खेत में गए थे । गन्ना बुवाई के पश्चात शाम करीब 4 बजे सभी बच्चे ट्रैक्टर पर



सवार होकर वापस अपने घर की ओर आ रहे थे इसी बीच ग्राम पहाड़ापुर में खारजा के पास अज्ञात परिस्थितियों में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खारजा में जा गिरा और पलट गया जिससे चालक समेत ट्रैक्टर पर सवार सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए । जिसमे से चालक विश्राम व छोटू व अमरीश व अमन को सीएचसी बिसवां लाया गया जहाँ पर डाक्टरों ने तीन बच्चों छोटू संजय व अमरीश पुत्र रामदुलारे व अमन पुत्र संकटा को मृत घोषित कर दिया तथा चालक विश्राम का प्राथमिक उपचार के जिला अस्पताल रेफर कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो बच्चों के शवों को लेकर पंचनामा कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है । वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ, निकाली रैली

**प्रयागराज।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजन किया गया।
बेथनी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर



मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार रहे उन्होंने छात्र छात्राओं से बात की और उन्हें लोकतांत्रिक भारत में वोट और चुनाव के महत्व की जानकारी दी और शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने किया।
प्रिंसिपल सिस्टर डॉक्टर शमिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सहायक जिविनी एल बी मौर्य और धर्मेन्द्र सिंह, अध्यापक मोहम्मद साबिर दीपक कुमार प्रीति मिश्रा नाजिया खान ब्रिजेश श्रीवास्तव हस्बीन अहमद रहे।

# राजा टोडरमल स्मारक समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न

## नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने टोडरमल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लहरपुर,सीतापुर।** नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ टोडरमल की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक माल्यार्पण किया। राजा टोडरमल स्मारक समिति ,राजस्व सुरक्षा सेवादल की मासिक बैठक राजा टोडरमल पार्क स्थित कलेक्ट्रेट कचेहरी सीतापुर मे संपन्न की गई । मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा के द्वारा की गई द्य बैठक में संगठन के बिस्तार पर चर्चा की गई ,राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजयपुरी ने मासिक बैठक में कहा राजा टोडरमल पार्क में बंद पड़ी लाइब्रेरी को प्रशासन के द्वारा अभी तक खाली नहीं कराया गया और पार्क के अंदर से निकला गंदा नाला खुला पड़ा हुआ है। उसके ऊपर पत्थर नहीं डलवाए गए है, जनहित की समस्याओं को देखते हुए कईबार अधिकारियों को लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया गया



है। जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से कोई भी कार्य पूरा नहीं किया गया । मासिक बैठक में नव नियुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा सीतापुर जिले के लहरपुर के राजापुर गांव में जन्मे राजा टोडरमल जी ने पूरे भारत की भू पैमाई मे अपनी महती भूमिका निभाई थी। जो बहुत ही गौरव की बात है ,उन्होंने संपूर्ण जीवन भू पैमाइश प्रणाली में लगा दिया था। उनका पार्क आज विकास से कोसों दूर है । राजा टोडरमल स्मारक समिति संस्था से हमारा काफी दिनों से लगाव है,और हम साथ में जुड़े हैं हमसे जो संभव होगा वह प्रयास करता रहूंगा। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद संगठन के पदाधिकारियों सहित जिलाधिकारी से मिलकर बंद पड़ी लाइब्रेरी व पार्क का सौन्दर्यीकरण कराने के लिए जिलाधिकारी से मांग करूंगा। बैठक में राजा टोडरमल स्मारक समिति के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पुरी ,बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी , जिला अध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा ,नगर प्रभारी खिलाड़ी शाह ,किसान वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष/ मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव, एडवोकेट अरुण कुमार राज ,बी एल सिंह , एडवोकेट पंकज सैनी, एडवोकेट नीलम सिंह गोड , एडवोकेट रामचंद्र ,एडवोकेट बनवारी लाल सैनी ,ललित कुमार ,एडवोकेट रूपेंद्र मिश्रा ,एडवोकेट विष्णु प्रताप सिंह, जितेन्द्र कुमार अख्तर, अंकित जायसवाल युसूफ सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईओसी द्वारा चलाया जा रहा नि:शुल्क सुरक्षा अभियान

## घरेलू गैस उपभोक्ताओं के घर जा रहीं टीमें, जांच कर रहीं

**सीतापुर।** इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी) के तत्वावधान में घरेलू उपभोक्ताओं के गैस चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप आदि की सुरक्षा की जांच को लेकर एक निश्शुल्क अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान घरेलू गैस की लीकेज की वजह से लगने वाली आग की घटनाओं को देखते हुए चलाया जा रहा है।
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के विक्रय प्रतिनिधि मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं की सुरक्षा और हादसों का खतरा न्यूनतम करने के लिए चलाया जा रहा है। अभी तक पांच सालों में एक बार सुरक्षा जांच की जाती थी और इसके एवज में उपभोक्ताओं को शुल्क भी देना पड़ता था। लेकिन इस समय आईओसी द्वारा यह अभियान निश्शुल्क चलाया जा रहा है। फलह गैस सर्विस के वितरक मोनिस खां ने बताया कि



यह अभियान आगामी तीन अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत कंपनी के प्रतिनिधि उपभोक्ताओं के घर जाकर चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप आदि की जांच कर रहे हैं। किसी भी उपकरण के खराब होने या फिर एक्सपायर होने की दशा में उसे रियायती दर पर बदला भी जा रहा है।
इसके साथ ही आईओसी के आपातकालीन हेल्प लाइन नंबर 1906 के बारे में भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है। इस नंबर पर उपभोक्ता किसी भी समय फोन कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

**इन बिंदुओं पर होती है जांच -**
- क्या सिलेंडर सीधा रखा है।
- गैस चूल्हे को सिलेंडर के वांछित स्तर से ऊपर प्लेटफार्म पर रखा गया है।
- सुरक्षा नली में कोई दरार तो नहीं है।
- निरीक्षण के दौरान क्या सुरक्षा नली बदली गई है।
- निरीक्षण के बाद सुरक्षा नली की वैधता क्या है।
- क्या नियामक (डीपीआर) आईओसी का उपयोग कर रहा है।
- जांच वाला घर किस वर्ग का है, झोपड़ पट्टी, कम आय या एकल कमरा

# टेंट हाउस गोदाम में अचानक लगी आग से लाखों का समान जलकर खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मिश्रिख,सीतापुर।** कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला पांडेय नगर में सिधौली रोड पर स्थित फैशन टेंट हाउस गोदाम में शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई । जिससे लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया है । आपको बता दें कि कस्बा मिश्रिख के सिधौली रोड फैशन टेंट हाउस के संचालक मुस्ताक खान पुत्र सिरदार खान का गोदाम स्थित है । वह कस्बा मिश्रिख के स्टेशन रोड मोहल्ला थोक में निवास करते है । शनिवार होने के कारण कस्बा मिश्रिख में साप्ताहिक बंदी रहती है । जिससे आज उनका गोदाम बंद था । और वह अपने बीमार पिता की दवा लेने लखनऊ लेकर गए हुए थे । परन्तु सुबह 11 बजे के आसपास अचानक गोदाम से धुवां निकलने लगा । तो मोहल्ला वासियों फायर सर्विस स्टेशन मिश्रिख को आग लग जाने की सूचना दी । सूचना पर फायर सर्विस यूनिट मिश्रिख की दोनो गाड़ियां मौके पर पहुंची । और गोदाम का ताला तोड़ कर भीषण आग पर काबू पाने की कडी मशक्कत काफी देर तक करती रही । फायर सर्विस यूनिट और मोहल्ला वासियों के सहयोग से लग भग दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया जा सका है । बताया जा रहा है । कि यह मिश्रिख का सबसे पुराना टेंट हाउस था ।
जिससे लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया है ।

# अज्ञात कारण से छप्पर में लगी आग बाइक व गृहस्थी का सामान जलकर राख



**महमूदाबाद,सीतापुर ।** कोतवाली महमूदाबाद इलाके के गांव बोहैया निवासी पप्पू पुत्र वारिश ने बताया कि मेरे घर में अज्ञात कारण आग लग जाने से छप्पर के नीचे खड़ी मोटर साइकिल और गृहस्थी का रखा अन्य सामान जल जाने से पीड़ित परिवार का काफी नुकसान हो गया। जिसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों समेत क्षेत्रीय कर्मचारियों को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार को संबन्धित विभाग से सहयोग दिलाए जाने की बात कही गई। और वहीं पीड़ित पप्पू ने बताया कि मौके पर पहुंचे लेखपाल द्वारा मौका मुआयना कर के अपने उच्च अधिकारियों को उक्त मामले की रिपोर्ट भेज दी गई है।

# बहु बेटे ने सास को बेरहमी से पीटा हालत नाजुक



**लहरपुर,सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में मामूली बात पर पति-पत्नी ने मां को बेरहमी से पीटा, हालत नाजुक जिला अस्पताल रेफर। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में मामूली बात पर सोने श्री पत्नी राजेंद्र उम्र लगभग 50 वर्ष को उसके लड़के रमेश और उसकी बहु गीता ने बेरहमी से मारा पीटा, जिससे उसकी गंभीर चोटे आई है। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मामले की सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सोने श्री को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# पंपिंग सेट के घर में हुई चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर निवासी रामचंद्र यादव ने अपने खेत में सिंचाई के लिए पंपिंग सेट लगवा रखा है । रात में चोरों ने मशीन का ताला तोड़कर उसमें लगे स्टेप्लाइजर सहित अन्य उपकरण पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी तहरीर रामचंद्र यादव ने बहरिया थाने में दी है।